HINDI-GUJARĀTI DHĀTUKOŚA

A COMPARATIVE STUDY OF HINDI-GUJARATI VERBAL ROOTS

L. D. SERIES 87

GENERAL EDITORS
DALSUKH MALVANIA
NAGIN J. SHAH

BY
RAGHUVEER CHAUDHARI
DEP. OF HINDI
SCHOOL OF LANGUAGES
GUJARAT UNIVERSITY
AHMEDABAD-9

L. D. INSTITUTE OF INDOLOGY AHMEDABAD-9.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

HINDĪ-GUJARĀTĪ DHĀTUKOṢA

A COMPARATIVE STUDY OF HINDI-GUJARATI VERBAL ROOTS

L. D. SERIES 87
GENERAL EDITORS
DALSUKH MALVANIA
NAGIN J. SHAH

BY
RAGHUVEER CHAUDHARI
Department of Hindi
School of Languages
Gujarat University
Ahmedabad-380 009.

L. D. INSTITUTE OF INDOLOGY
AHMEDABAD-380 009.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Publisher :
Nagin J. Shah
Director, L. D. Institute of Indology,
Ahmedabad-380 009.

First Edition
March 1982

Price : Rs. 45-00

Printer :
Bhailal V. Patel,
Aakar Printers,
1105/3, Bhavanpura,
Shahpur, **Ahmedabad-1.**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हिन्दी–गुजराती धातुकोश

[हिन्दी और गुजराती की क्रियावाचक धातुओं का तुलनात्मक अध्ययन]

रघुवीर चौधरी
हिन्दी विभाग,
भाषा–साहित्य भवन,
गुजरात युनिवर्सिटी,
अहमदाबाद–380 009

लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्यामंदिर, अहमदाबाद–९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते

—भर्तृहरि

It has been my intention to err rather upon the side of Liberality of inclusion than the opposite.

—W. D. Whitney

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

'हिन्दी–गुजराती धातुकोश' डा. रघुवीर चौधरी का शोधप्रबन्ध है । गुजराती भाषा में साहित्यसर्जन तथा समीक्षा के क्षेत्र में देढ़ दशक तक उल्लेखनीय योगदान देने के बाद प्रो. चौधरी ने यह शोधकार्य हाथ में लिया । और डा. हरिवल्लभ भायाणी जैसे समर्थ भाषाविद् का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । फलतः यह शोधप्रबंध पीएच.डी. के लिए प्रस्तुत प्रबंधों की सीमाओं से मुक्त है । इसमें कहीं पिष्टपेषण या अनावश्यक विस्तार नहीं ।

डा. भायाणी ने गुजरात विश्वविद्यालय से स्वैच्छिक अवकाश ग्रहण किया और श्री ला. द. भारतीय संस्कृति विद्यामंदिर में मानार्ह सेवाएँ देना शुरू किया इसके साथ गुजराती तथा अन्य भाषाओं के लेखक तथा प्राध्यापक डा. भायाणी से मिलने के निमित्त भी हमारे यहाँ आने लगे । प्रो. चौधरी प्रस्तुत शोधकार्य के मार्गदर्शन के लिए तो आते ही थे, हमारी व्याख्यानमालाओं तथा गोष्ठियों में इनकी सक्रिय उपस्थिति सदा सूचित करती रही कि वे इस संस्था के प्रति कैसा गहरा लगाव रखते हैं । अतः जब शोधप्रबंध के प्रकाशन का समय आया तो पंडित दलसुखभाई मालवणियाजी और मैंने इसमें रुचि दिखाई । प्रो. चौधरी की विद्याप्रीति और निष्ठा के हम गवाह हैं । इसलिए भी प्रस्तुत शोधप्रबंध के प्रकाशन के अवसर पर हमें नैसर्गिक आनंद का अनुभव हो रहा है ।

'हिन्दी–गुजराती धातुकोश' के प्रकाशन से तुलनात्मक भाषाविज्ञान तथा कोशविज्ञान के अध्येताओं को एक महत्त्वपूर्ण संदर्भग्रंथ सुलभ होगा । श्री. ला. द. भारतीय संस्कृति विद्यामंदिर ने ऐतिहासिक भाषाशास्त्र को भी अपना कार्यक्षेत्र माना है । प्राकृत–अपभ्रंश ग्रंथों के संपादन तथा प्रकाशन के क्षेत्र में संस्था ने विशिष्ट योगदान दिया है ।

मैं जानता हूँ कि प्रो. चौधरी ने कोशविज्ञान तथा ऐतिहासिक–तुलनात्मक भाषाविज्ञान की शोधपद्धतियों के अनुशासन में अपने आपको बाँध कर कुछ समय के लिए सर्जनात्मक लेखन छोड़ दिया था । इनके संनिष्ठ पुरुषार्थ को डा. भायाणीजी के द्वारा सुयोग्य दिशा प्राप्त हुई । हिन्दी–गुजराती धातुओं का यह पहला तुलनात्मक कोश है । शोधकर्ता ने पूर्वकार्य के अध्ययन के अंतर्गत पूर्वसूरियों के निष्कर्षों को समादर के साथ देखा है और युक्तिसंगत मूल्यांकन किया है । धातुकोश ग्रंथ का प्रमुख एवं समृद्ध अंग है । टिप्पणियों में भी परिश्रम लक्षित होगा ही । अंत में विश्लेषण और वर्गीकरण के अंतर्गत आधुनिक भाषाविज्ञान की मान्य शोधपद्धतियों का आलंबन लिया गया है । लेक्सिको स्टेटिस्टिक्स के द्वारा निकाले गए निष्कर्ष बहुत संक्षेप में हिन्दी–गुजराती धातुओं की तुलनात्मक झाँकी करवाते हैं । ग्रंथ के परिशिष्ट भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं । मुझे पूरा विश्वास है कि प्रो. चौधरी का प्रस्तुत शोधकार्य विषय के विद्वानों के लिए एक ध्यानार्ह संदर्भ सिद्ध होगा । एक मूल्यवान ग्रंथ हमारी ला. द. ग्रंथमाला के अंतर्गत प्रकाशित करने का अवसर देने के लिए मैं डा. रघुवीर चौधरी का अनुगृहीत हूँ ।

श्री. ला. द. भारतीय संस्कृति विद्यामंदिर,
अहमदाबाद–380 009.
२ मार्च 1982

नगीन जी. शाह
निदेशक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरोवचन

भारतीय भाषाओं के इतिहास, व्याकरण, कोश, तुलना जैसे विषयों में अर्वाचीन युग में जो सामग्रीमूलक शोधकार्य प्रायः एक शताब्दी से अच्छी तरह चल रहा था उसमें, भाषाविज्ञान की नई सैद्धान्तिक उद्भावनाओं के प्रभाव से १९५०–६० से रुकावट–सी आ गई। भाषाओं का इतिहास, तुलना, कोशरचना आदि अध्ययन–क्षेत्र से हट गये। भाषाओं का प्रवर्तमान स्वरूप, प्रादेशिक वैविध्य, संरचना आदि अध्ययन के केन्द्रवर्ती विषय बने। केवल भाषासिद्धान्त के प्रस्थापन, उत्थापन या परीक्षण के लिए ही भाषासामग्री की उपयुक्तता मानी जाने लगी। फलतः सामग्री–संचयन के कार्य का अवमूल्यन हुआ। इन नये प्रवर्तनों से भारतीय भाषाओं के अध्ययन को लाभ तो हुआ ही, हानि भी कम नहीं हुई। भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में सामग्रीमूलक ठोस अध्ययन उतना ही मूल्य रखता है जितना सिद्धांत-मूलक अध्ययन।

डॉ. रघुवीर चौधरी के प्रस्तुत तुलनात्मक धातुकोश का मूल्य स्वयंस्पष्ट है। भारतीय आर्यभाषाओं के व्युत्पत्तिविज्ञान एवं कोशविज्ञान के विषय में टर्नर आदि के भगीरथ–कार्य की नींव पर हमें इस तरह कार्य आगे बढ़ाना है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राचीन भारतीय-आर्य से लेकर नव्य भारतीय- आर्य-भाषाओं तक क्रियावाचक धातुसमूह का कितना अंश बचा, कितना बदला, कितना नये स्रोतों से आया उसकी गवेषणा भारतीय-आर्य के इतिहास की तथा भाषा-परिवर्तन की कई समस्याओं पर मूल्यवान प्रकाश डाल सकती है। इस प्रकार का अध्ययन भारतीय भाषाओं के बीच जो साम्य है उसके प्रति ध्यान आकृष्ट करता है, जब कि वैयक्तिक विशिष्टताओं पर अब तक अधिकतर बल दिया गया।

हिन्दी, गुजराती आदि के उपलब्ध कोश कई दृष्टियों से अपूर्ण हैं। विभिन्न बोलियों की सामग्री की, प्राचीन साहित्य की सामग्री की तथा विभिन्न धात्वर्थों की स्पष्टता के बारे में और व्युत्पत्तियों की वैज्ञानिकता के बारे में अभी बहुत करना बाकी है। ऐतिहासिक-तुलनात्मक निष्कर्षों की प्रामाणिकता की मात्रा इन सब पर निर्भर करती है।

डॉ. चौधरी ने जो व्यवस्थित और चुस्त परिश्रम किया है इससे हमें विश्वास होता है कि वे इस दिशा में अपना मूल्यवान कार्य जारी रखेंगे। सृजन, समीक्षा आदि विविध क्षेत्रों में सतत कार्यशील रहते हुए भी उन्होंने इस शोधकार्य को सम्पन्न किया है इससे भी हमारा यह विश्वास साधार प्रतीत होगा।

दिनांक १५-३-'८२

हरिवल्लभ भायाणी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

1. पूर्वभूमिका

गुजरात विद्यापीठ से स्थानान्तर करने पर 1965 में मैं डा. हरिवल्लभ भायाणी का पड़ौसी बना। इससे पहले डा. प्रबोध पंडित की आज्ञा से ब्लूमफिल्ड पढ़ चुका था। गोलोकबिहारी धल तथा पंडितसाहब के लेखों की सहायता से विद्यापीठ में हिन्दी बी. एड्. के विद्यार्थियों को ध्वनिविज्ञान एवं अन्य शाखाएँ पढ़ाता था। भाषाविज्ञान के एक अच्छे विद्यार्थी तथा गुजरात के संदर्भ में बोलीविज्ञान के क्षेत्र में सविशेष कार्य करनेवाले डा. शान्तिभाई आचार्य मेरे मित्र रहे। उनके कारण भी भाषाविज्ञान की कुछ गतिविधियों से मैं अवगत रहता था। परन्तु 1973 तक तो सोचा भी नहीं था कि इस विषय से सम्बन्धित शोधकार्य करूँगा। खयाल था साहित्य–सर्जन और समीक्षा के क्षेत्र में ही कार्य करना होगा।

शोधकार्य के प्रति आदर था अवश्य। पुरानी पीढ़ी के गुजराती आलोचक स्व. विश्वनाथ भट्ट के 1930 में प्रकाशित 'पारिभाषिक कोश' के द्वितीय शोधित–वर्धित संस्करण की जिम्मेदारी उठाई थी, विद्यापीठ छोड़ने के कारण। यह 1966 की बात है। गुजराती भाषा के आलोचनात्मक तथा चिन्तनात्मक ग्रंथों के लेखकों ने जहाँ कहीं अंग्रेजी के पारिभाषिक शब्दों के लिए गुजराती पर्यायों का प्रयोग किया हो, पहुँच जाना था। मैंने सम्बन्धित वाक्य चुने, कार्ड बनाये और विविध पर्यायों का तुलनात्मक अध्ययन किया। यह कोई बड़ा शोधकार्य नहीं था परन्तु इसमें प्राप्त होनेवाला आनंद बड़ा था।

1970 में भायाणीसाहब बम्बई युनिवर्सिटी के लिए शैलीविज्ञान–विषयक व्याख्यान तैयार कर रहे थे। आधुनिक भाषाविज्ञान साहित्य–समीक्षा के निकट पहुँच चुका है इसका पता चला और प्रतीत हुआ कि साहित्य–समीक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए भी भाषाविज्ञान का प्रशिक्षण पाना होगा। इस अवबोध ने जिम्मेदारी बढ़ाई।

बाद में हिन्दी विद्वानों के साथ 'गुजरात राज्य शाला पाठ्यपुस्तक मंडल' के लिए हिन्दी पाठ्यपुस्तकों का संपादन करने की जिम्मेदारियाँ आईं। साहित्य को एक भाषिक संरचना के रूप में देखना अनिवार्य था। व्याकरण की दिशा से मैं हिन्दी–गुजराती क्रियाओं के बारे में सोचने लगा। लगा कि ऐसे किसी विषय में कुछ ठोस कार्य हो सके तो कितना अच्छा।

शोधकार्य के संदर्भ में एक बार डा. अम्बाशंकर नागर ने बताया कि गुजरात युनिवर्सिटी के नियम 0–68 के अंतर्गत अनुस्नातक अध्यापन का पाँच वर्ष या इससे अधिक अनुभव रखनेवाला अध्यापक बिना किसी मार्गदर्शक के, स्वयं शोधकार्य कर सकता है। 'अनुभव' का 'मूल्य' पहली बार सामने आया, परन्तु दूसरे ही क्षण मैं सोच में पड़ गया : भाषाविज्ञान से सम्बन्धित शोधकार्य स्वयं करने का अर्थ होगा मौलिक गलतियाँ करना। भायाणीसाहब से मिला। वे सभी नये लेखकों के अनधिकृत किन्तु वास्तविक मार्गदर्शक तो हैं ही। सच्चे उपनिषदवादी। साथ बैठकर दूसरे ही दिन उन्होंने कार्य की रूपरेखा तैयार करवाई। दो जुलाई 1973 को मैं गुजरात युनिवर्सिटी में प्रस्तुत विषय का शोधछात्र बना!

2. शोधपद्धति

हिन्दी–गुजराती कोशों से क्रियाओं के कार्ड बनाना शुरू किया। प्रत्येक क्रिया की सभी अर्थच्छायाएँ कार्ड पर लिखता था। हिन्दी के 2364 तथा गुजराती के 2404 कार्ड बनाने में काफ़ी समय गया। इस विषय के लिए समय देने का संतोष तो आरंभिक दो वर्षों में ही हो गया था परन्तु बौद्धिक जिज्ञासा संतुष्ट नहीं होती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थी। विषय से सम्बन्धित कोई पुस्तक मिल जाती तो पढ़ लेता। भायाणीसाहब मेरी इस पढ़ने की प्रवृत्ति की प्रशंसा नहीं करते थे, कहते थे वर्गीकरण करो। शुरू किया। तत्सम, तद्भव, देशज आदि वर्गों के कार्ड अलग करने लगा। तब तक मैं विषय को थोड़ा बहुत समझने लगा था इसलिए यह भी समझ गया कि जो कुछ कर रहा हूँ वह सब सही नहीं है। भायाणीसाहब से समय माँगना पड़ा। वर्गीकरण का सही तरीका बताने के साथ-साथ उन्होंने प्रेरणार्थक आदि क्रियारूपों के कार्ड एक और रख देने को कहा। वर्गीकृत मूल धातुओं को लिख लेने के बाद सभी धातुओं का संमिलित तुलनात्मक एवं व्युत्पत्तिदर्शक धातुकोश तैयार किया।

हिन्दी क्रियाओं के चयन के लिए ज्ञानमंडल के 'बृहत हिन्दी कोश' के तृतीय संस्करण का तथा गुजराती क्रियाओं के चयन के लिए गुजरात विद्यापीठ के 'सार्थ जोडणी कोश' के पाँचवे संस्करण का आधार लिया था। कोई प्रचलित क्रिया छूट न जाए इस दृष्टि से 'शब्दसागर' के दो खण्ड देखे और कुछ सोचकर विकल्प के रूप में 'मानक हिन्दी कोश' को सादृयंत देख गया। धातुकोश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जहाँ किसी क्रिया के सकर्मक-अकर्मक दोनों रूप अस्तित्व में हों, वहाँ इनमें से एक को ही पसंद करने का प्रयत्न रहा है परन्तु ध्वन्यात्मक वैविध्यवाले सभी रूप संगृहीत किए हैं। टर्नर के कोश से व्युत्पत्तियाँ खोजते समय भी कुछ कालग्रस्त धातुएँ संगृहीत करने योग्य लगीं। धातुकोश में सभी सुलभ धातुओं का समावेश करने की आकांक्षा से बोली-विषयक शोधकार्यों से तथा अन्य पुस्तकों से भी धातुएँ ली हैं। धातुरूपों की संख्या चार हजार से भी बढ़ गई (4270); इसका रहस्य यही है। एक ही धातुरूप के अंतर्गत समाविष्ट तथापि व्युत्पत्ति तथा अर्थ की दृष्टि से भिन्नता रखनेवाली 185 धातुओं की अलग से गणना करने पर संख्या बढ़कर 4455 होगी! रूपवैविध्य से मुक्त होकर वर्गीकरण के लिए तृतीय खण्ड में 2981 धातुएँ पसंद की हैं।

प्रस्तुत अध्ययन-विषय का सम्बन्ध व्याकरण से भी स्थापित किया जा सकता था। इसको ऐतिहासिक भाषाविज्ञान की दिशा प्राप्त हुई इसका श्रेय भायाणीसाहब को है। अब तो ऐसी चाह जगी है कि बंगाली-मराठी को साथ लेकर चार भाषाओं का तुलनात्मक धातुकोश तैयार करूँ। धातु के निकट परिचय के बिना भाषा के भीतर पहुँचना संभव नहीं। और एक चुनौती भी दे रखी है कुछ विदेशी विद्वानों ने! टर्नरसाहब ने 'नेपाली डिक्शनरी' तथा 'कम्पेरेटिव डिक्शनरी आफ इण्डो-आर्यन लैंग्वेजिज' के संपादन में अर्धशताब्दी का जो भव्य पुरुषार्थ किया है वह हमारे लिए उद्दीपन विभाव क्यों न बने?

कोशविज्ञान के क्षेत्र में गुजराती की अपेक्षा हिन्दी में विशेष कार्य हुआ है। हिन्दी में 110 से अधिक उल्लेखनीय कोश प्रकाशित हुए हैं। गुजराती में भी शब्दकोश-ज्ञानकोश की परंपरा शतायु हो चुकी है। 'भगवद्गोमंडल कोश' 'शब्दसागर' जैसा ही विराट प्रयत्न था। इन दिनों श्री के. का. शास्त्री द्वारा संपादित 'बृहत गुजराती कोश' भी सुलभ हो चुका है। गुजराती के उल्लेखनीय कोशों की संख्या 60 के आसपास है।

इस पुरुषार्थ के बावजूद आधुनिक भाषाविज्ञान तथा व्युत्पत्तिशास्त्र के पर्याप्त ज्ञान के अभाव में हिन्दी या गुजराती में पूर्णरूप से वैज्ञानिक कोश सुलभ नहीं हैं। हिन्दी कोशविज्ञान के विद्यार्थी डा. युगेश्वर ने ठीक ही कहा है कि अब कोश-कार्य किसी एक व्यक्ति के द्वारा संभव नहीं।

संस्कृत में 'धातुपाठ' की एक समृद्ध परंपरा है। हिन्दी कवि रत्नजित ने सन् 1713 में भाषा-व्याकरण के अंतर्गत धातुमाला दी है। 1969 में डॉ मुरलीधर श्रीवास्तव ने 1028 धातुओं का समावेश करनेवाला 'हिन्दी धातुकोश' प्रकाशित किया है। गुजराती में हरिदास हीराचंद ने सन् 1865 में 'धातुमंजरी' तथा टेलर ने 1870 में 'धातुसंग्रह' का प्रकाशन किया था। 'गुर्जर-शब्दानुशासन' नामक व्याकरण में स्वामी भगवदाचार्यजी ने गुजराती धातुपाठ दिया है। इसमें सकर्मक, प्रेरक आदि रूपों समेत 1972 धातुएँ संगृहीत हुई हैं। मैंने परिशिष्ट में 2136

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुजराती धातुएँ दी हैं। हिन्दी–गुजराती का कोई तुलनात्मक धातुकोश नहीं है। इस क्षेत्र में मेरा यह प्रयास प्रथम होगा जो विद्वानों की सहायता से भविष्य में अधिकाधिक निर्दोष भी हो सकता है।

आधुनिक भाषाविज्ञान का आरंभ तुलनात्मक भाषाशास्त्र से हुआ। हिन्दी और गुजराती दोनों परस्पर प्रभावित आधुनिक भारतीय आर्य–भाषाएँ हैं। एक के गहरे अध्ययन के लिए दूसरी भाषा का ज्ञान उपयोगी हो सकता है। जब राष्ट्रीय और शैक्षणिक दृष्टि से हिन्दी के अध्ययन–अध्यापन का प्रचार और प्रसार आवश्यक हो तब ऐसे प्रयत्नों की उपयोगिता स्वयं स्पष्ट है, परन्तु शोधकर्ता का प्रथम लक्ष्य तो वह संतोष है जो अज्ञात के ज्ञात होने से प्राप्त होता है।

दो भाषाओं की धातुओं के बीच साम्य–वैषम्य की सैद्धान्तिक भूमिकाएँ स्पष्ट करने के साथ–साथ उम्मीद है कि यह प्रयत्न शब्दकोशीय सामग्री–संरक्षणशास्त्र – 'लेक्सिको–स्टेटिस्टिक्स' की दृष्टि से भी कुछ उल्लेखनीय निष्कर्ष तक पहुंचेगा।

प्रस्तुत शोधप्रबन्ध के प्रकाशन के लिए डा. नगीनभाई जी. शाह, पंडित दलसुखभाई मालवणिया तथा एल. डी. इन्स्टीट्युट आफ इण्डालोजी का अनुगृहीत हूँ। और भायाणीसाहब ! इस युग में भी होते हैं ऐसे दाता, निर्हेतुक विद्यादान के लिए सदा उत्सुक और प्रसन्न !

रघुवीर चौधरी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हिन्दी और गुजराती की क्रियावाचक
धातुओं का तुलनात्मक अध्ययन

प्रथम खण्ड

पूर्वकार्य का अध्ययन

द्वितीय खण्ड

व्युत्पत्तिदर्शक तुलनात्मक धातुकोश
धातुकोश–टिप्पणी

तृतीय खण्ड

ऐतिहासिक वर्गीकरण
विश्लेषण तथा निष्कर्ष

परिशिष्ट

गुजराती धातुसूची
महत्त्वपूर्ण शब्दकोश
संदर्भसूची

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खण्ड प्रथम

अ. पूर्वकार्य का अध्ययन :

1. संस्कृत–धातुचर्चा
2. पाश्चात्य धातुचर्चा
3. हिन्दी–धातुचर्चा
4. गुजराती–धातुचर्चा
5. धातु–संख्या
6. धातुओं के मूल रूप
7. धातु : स्वरान्त या व्यंजनान्त ?
8. धातुओं का वर्गीकरण
9. धातुओं की व्युत्पत्ति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पूर्वकार्य का अध्ययन

१ संस्कृत-धातुचर्चा :

ईसा पूर्व ८वीं सदी में यास्क ने शब्दों को चार पद-विभागों में बाँटा है :

'चत्वारि पदजातानि नामाख्यात चोपसर्ग-निपाताश्च' (निरुक्त १. १.)—पद चार प्रकार के होते हैं : नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात.

वेंकटमाधव ने आख्यात और नाम को स्व-अर्थदर्शी बताया है और कहा है कि उपसर्ग तथा निपात स्वतन्त्र नहीं हैं.

यहाँ 'आख्यात' शब्द क्रिया का निर्देश करता है :

'क्रियावाचकम् आख्यातम् ।'

पाणिनि ने ईसा पूर्व ५वीं शताब्दी में इसे 'तिङन्त' कहा है और नाम, उपसर्ग, निपात का समावेश सुबन्त के अंतर्गत किया है. अव्यय को भी वे इससे अलग नहीं रखते.

यास्क ने प्रधानता की दृष्टि से ही आख्यात और नाम में भेद किया था : आख्यात में क्रिया की प्रधानता है और नाम में द्रव्य की. नाम का भी धातु के समान प्रयोग किया जाता था. पाणिनि ने अधिकांश शब्दों को धातुज माना है.

संस्कृत वैयाकरणों की दृष्टि से धातु शब्द, बड़ा ही व्यापक था. नाम, आख्यात और अव्ययों में – सभी प्रकार के पदों में धातु मूल रूप में विद्यमान मानी जाती थी. इस संदर्भ में डा. युधिष्ठिर मीमांसक ने लिखा है :

'दधाति शब्दरूपं यः स धातुः' सर्वथा सत्य है, परन्तु इसका वास्तविक तात्पर्य 'विभिन्न प्रकार के शब्दरूपों को धारण करनेवाला जो मूल शब्द है वह धातु कहलाता है' है. अर्थात् जो शब्द आवश्यकतानुसार नाम-विभक्तियों से युक्त होकर नाम बन गए, आख्यात-विभक्तियों से युक्त होकर क्रिया का द्योतन करने लगे और उभयविध विभक्तियों से रहित रहकर स्वार्थमात्र का द्योतक हुए, वह (तीनों रूपों में परिणत होनेवाला) मूल शब्द ही धातु-पद-वाच्य कहलाता है.'[1]

धातु एक संकल्पना है. 'वाक्य' और 'पद' से भिन्न 'शब्द' भी संस्कृत वैयाकरणों की एक संकल्पना है.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

" भर्तृहरि ने कहा भी है कि प्रकृति, प्रत्यय आदि की सारी व्यवस्था कल्पना ही है. शब्दों की इस प्रकार से क्रमबद्ध रचना नहीं होती. "[२]

व्यवहार में पाए जाते हैं पद, जो प्रत्ययान्त होते हैं. शब्द 'अव्युत्पन्न' हो सकते हैं. प्रत्यय-रहित तथा एकशब्दात्मक होने के कारण वे 'मूल' (रूट) कहे जाते हैं. ये 'मूल' ही 'धातु' हैं, शेष प्रातिपदिक.

" पाणिनि ने धातु और प्रत्यय को छोड़कर बाकी सब सार्थक शब्दों को प्रातिपदिक (नामिनल स्टेम) की कोटि में रखा है. हम कह सकते हैं कि पाणिनि के अनुसार शब्दभेद (पार्ट्स आफ स्पीच) सिर्फ दो ही हैं : (*1*) प्रातिपदिक (*2*) धातु. "[३]

डा० राजगोपाल बताते हैं कि धातुबोधित 'व्यापार' के लिए प्रयुक्त होनेवाला प्राचीन पारिभाषिक शब्द है 'भाव' जिसे नैयायिकों ने 'कृति' नाम दिया और मीमांसकों ने इसके लिए 'कृति' ऐवं 'भावना' शब्द का प्रयोग किया :

" धातु से दो अंशों का बोध होता है – एक 'फल', दूसरा व्यापार, अर्थात् 'फलानुकूल व्यापार.' प्रत्येक धातु से किसी फलविशेष के अनुकूल व्यापार-विशेष का बोध होता है. "[४]

कुछ पाश्चात्य विद्वानों को यह धातु-लक्षण चिन्त्य लगता है. बेयर ने कहा है कि व्यापार की सूचना क्रिया देती है, धातु नहीं. प्रत्ययों से युक्त होकर क्रिया का रूप धारण करने के बाद ही धातु व्यापारसूचक हो सकती है.

यह तो स्वयं स्पष्ट है कि व्यवहार में हमारे सामने क्रियाएँ आती हैं, धातुएँ नहीं.

इसलिए धातुओं से व्यापार के बोध होने का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता. परन्तु क्रिया और धातु के बीच विरोध है ही कहाँ ? 'क्रिया' प्रयुक्त रूप है. 'धातु' इसकी संकल्पना है, मूल है. अतः व्यापार क्रिया-मूल की संकल्पना में निहित नहीं है ऐसा कैसे कहा जा सकता है ?

पाणिनि ने धातुओं के वर्गीकरण में ध्वनि और संचरना को ही आधार बनाया हो और अर्थ को विश्लेषण का आधार माना ही न हो ऐसा नहीं है. 'पाणिनीय विश्लेषण-पद्धति के आधार' नामक लेख में डा. विद्यानिवास मिश्र लिखते हैं :

" इसका यह अर्थ नहीं कि बीसवीं सदी के प्रारम्भिक संघटनावादी भाषा-शास्त्रियों की तरह वे अर्थ को विश्लेषण की परिधि से बाहर रखना चाहते थे, बल्कि ठीक उलटे, शब्दों के जिन अर्थों में प्रयोग वर्गीकृत किये जा सकते हैं, उन्होंने उनको वर्गीकृत करने का भी यत्न किया है, जैसे गत्यर्थक धातु, बुध्यर्थक धातु आदि का उल्लेख करके उन्होंने अर्थ की समानक्षेत्रता के आधार पर शब्दों का राशीकरण जगह-जगह किया है. "[५]

शाकटायन ने कुछ शब्दों के एक से अधिक मूलों या प्रकृतियों का निर्देश किया है. यास्क ने शाकटायन के दो मत व्यक्त किये हैं : 'पदों में इतर पदार्थों का संस्कार' तथा 'पदों का द्विप्रकृति होना' 'द्विप्रकृति' के दो अर्थ हैं : दो धातुओं से बननेवाले शब्द तथा मूलतः एक किन्तु दो भिन्न मूलार्थों को वहन करनेवाली धातु.

संस्कृत व्याकरण में धातुचर्चा केवल वर्गीकरण और विश्लेषण के रूप में ही नहीं मिलती, एक तात्त्विक भूमिका के साथ भी प्रस्तुत होती है. 'शब्द' संज्ञा के अंतर्गत जो चिन्तन है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वह व्याकरण और दर्शन दोनों क्षेत्रों की उपलब्धि के रूप में हमें प्रभावित करता है. क्योंकि 'शब्द'की सीमा के अंतर्गत प्रातिपदिक, धातु आदि संकल्पनात्मक संज्ञाओं का भी समावेश है. भारतीय चिन्तन के वाक्केन्द्रित होने का रहस्य स्पष्ट करते हुए मिश्रजी ने भर्तृहरि की यह उक्ति उद्धृत की है : 'अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते' – प्रत्येक ज्ञान शब्दविद्ध होकर ही ग्राह्य बनता है.' 'शब्दविचार – भारतीय दृष्टिकोण' नामक लेख में डा. मा. गो. चतुर्वेदी ने कहा है :

"संस्कृत वैयाकरणों ने जिस प्रकार दार्शनिक स्तर पर शब्दों को ब्रह्म आदि माना है, उसी प्रकार भाषा-वैज्ञानिक स्तर पर भी शब्द को मूलतः एक आंतर यथार्थ ही माना है, जो मानवीय बुद्धि, मन और प्राण में प्रतिष्ठित रहता है तथा वक्ता में विवक्षा के होने पर, वही वर्णात्मक ध्वनियों के रूप में व्यक्त होता है. पतंजलि ने अपने महाभाष्य में शब्द की जो परिभाषाएँ स्थान-स्थान पर दी हैं, उनसे भी यही सिद्ध होता है कि 'शब्द' के दो पक्ष हैं, एक आंतरिक और दूसरा बाह्य. शब्द के आंतरिक पक्ष को उन्होंने भी स्फोट कहा है और बाह्य पक्ष को ध्वनि."[6]

'शब्द' के ये दोनों पक्ष धातु-विचार के संदर्भ में भी प्रस्तुत हो सकते हैं. परन्तु हमें यहाँ तो केवल भारतीय व्याकरण-शास्त्र की सीमा में रहकर ही कहना है कि क्रियावाचक रूप का मूल है धातु.

संस्कृत धातुपाठ पर उल्लेखनीय शोधकार्य करनेवाले डा० गजानन पलसुले कहते हैं :

By the term dhatv, then, the grammarians vnderstood that souud–unit which characterized by a certain meaning (action), was found to be a kernal of a group of related words. [7]

—वैयाकरणों की दृष्टि से सम्बन्धित शब्दों के वर्ग में समान रूप से व्याप्त किसी अर्थ-विशेष (क्रिया) करनेवाली ध्वनि-इकाई ही धातु है.

भाष्यकार ने इसे 'क्रियावचनो धातु :' और यहाँ तक कि 'भाववचनो धातुः' भी कहा है:

(1) a root; the basic word of a verbal form, defined by the Bhasyakara as क्रियावचनो धातु : *or even as* भाववचनो धातु : *a word denoting a verbal activity, Panini has not defined the term as such, but he has given a long list of roots under ten groups, named dasagani, which includes about 2200 roots which can be called primary roots, as contrasted with secondary roots. The secondary roots can be divided into two main groups (1) roots derived from roots* (धातुजधातवः) *and (2) roots derived from nouns* (नामधातवः) *The roots derived from roots can further be classified into three main subdivisions : (a) causative roots, or* णिजन्त, *(b) desiderative roots or* सन्नन्त, *(c) intensive roots or* यङन्त *and* यङगन्त *while roots derived from nouns or denominative roots can further be divided into* क्यजन्त, काम्यजन्त, क्यङन्त, क्यबन्त, णिङन्त, क्विबन्त, *and the miscellaneous ones* (प्रकीर्ण) *by the application of the affix* यक् *or from nouns like* सत्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेद, पाश, मुण्ड, मिश्र, *etc. by the application of the affix* णिच्. *Besides these, there are a few roots formed by the application of the affix* आय *and* ईय (ईयङ्).

"भाष्यकार ने क्रियावाचक रूप के मूल शब्द धातु को 'क्रियावचनो धातुः' कहा है, यहाँ तक कि 'भाववचनो धातुः' भी कहा है. 'धातु' क्रियात्मक गतिविधि का निर्देश करनेवाला शब्द है. पाणिनि ने कहीं स्पष्ट रूप से इस शब्द की परिभाषा नहीं दी है परन्तु दस विभागों के अंतर्गत उन्होंने दशगणी नाम से धातुओं की विस्तृत सूची दी है, जिसमें लगभग *2200* मूल धातुओं का समावेश हुआ है, जो साधित धातुओं से भिन्न हैं. साधित धातुओं को दो मुख्य भागों में बाँटा जा सकता है (*1*) धातुओं से निष्पन्न धातुएँ — 'धातुज धातवः' तथा (2) संज्ञाओं से निष्पन्न धातुएँ — 'नाम-धातवः.' धातुज धातुओं को तीन मुख्य उपविभागों में बाँटा जा सकता है: (अ) प्रेरक धातुएँ अथवा णिजन्त, (आ) इच्छावाचक धातुएँ अथवा सन्नन्त, (इ) पौनः पुन्यवाचक धातुएँ अथवा यङन्त और यङ्गन्त; जब कि 'यक्' प्रत्यय अथवा 'णिच्' प्रत्यय लगाकर सत्य, वेद, पाश, मुण्ड, मिश्र आदि संज्ञाओं से बनी धातुओं को क्यजन्त एवं प्रकीर्ण के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त आय तथा ईय (ईयङ्) प्रत्ययों से बनी कुछ धातुएँ भी मिलती हैं."[8]

संस्कृत वैयाकणों ने इन सभी धातुओं को परस्मैपदिन्, आत्मनेपदिन् तथा उभयपदिन् के रूप में विभाजित किया है. स्वर-व्यंजन ध्वनियों के प्रत्ययान्त भेदोपभेद के साथ जो वर्गीकरण किया गया है, उस वर्गीकरण में जो विश्लेषण-प्रद्धतियाँ प्रयुक्त हुई हैं उनकी वैज्ञानिकता से आधुनिक भाषाविज्ञानी प्रभावित हुए हैं.

पाणिनि ने 'धातु' शब्द अपने पुरोगामी वैयाकरणों से प्राप्त किया. 'निरुक्त' और 'प्रातिशाख्य' कृतियों में इसकी चर्चा हुई है, जिसका निर्देश पहले हो चुका है. निरुक्तकार तथा शाकटायन तो सभी संज्ञाओं को भी धातुज मानते हैं.

कुछ विद्वानों ने धातुओं को छः श्रेणियों में वर्गीकृत किया है:

(*1*) परिपठिताः भूवादयः

(*2*) अपरिपठिताः आन्दोलयत्यादयः

(*3*) परिपठितापरिपठिताः (सूत्रपठिताः): स्फुल्कम्भस्तम्भेत्यादयः

(*4*) प्रपयधातवः सनाद्यन्ताः

(*5*) नामधातवः कण्ड्वादयः

(*6*) प्रत्ययनामधातवः होडगलभक्लीबप्रभृतयः

अंग्रेजी संज्ञा 'रूट' तथा संस्कृत संज्ञा 'धातु' को कुछ विद्वान समानार्थी मानकर चलते हैं. डा. सत्यकाम वर्मा ने भेद की रेखाएँ स्पष्ट की हैं. 'रूट' का अर्थ 'मूल शब्दमात्र' है, 'धातुमात्र' नहीं. गणित की दृष्टि से इस इकाई को 'महत्तम समापवर्तक' और वैज्ञानिक दृष्टि से 'लघुतम योजक' (स्मालेस्ट कांस्टीट्रयुएण्ट) कहना चाहिए. डा. वर्मा कहते हैं कि 'धातु' वह छोटी से छोटी इकाई है, जिसका पुनः विभाजन किसी भी रूप में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संभव नहीं हो सकता. फिर यह भी आवश्यक नहीं कि प्रत्येक प्रातिपदिक को धातुमूलक सिद्ध किया ही जा सकता है.[9]

डा. वर्मा का 'व्याकरण की दार्शनिक भूमिका' ग्रंथ भर्तृहरि पर आधारित है. इन्होंने धातु को अव्यावहारिक बताकर इस ख्याल की शास्त्रीय चर्चा की है. कुछ उदाहरण देकर वे इस निष्कर्ष तक पहुँचे हैं :

"अतः यह स्पष्ट है कि शुद्ध 'धातु' का प्रयोग, भाषातत्त्व की दृष्टि से, सम्भव नहीं है. रूपात्मक दृष्टि से ऐसा सम्भव दीखने पर भी अर्थात्मक दृष्टि से ऐसा असम्भव है. इस बात को समझकर हम उन भाषाओं में भी 'धातु' और 'क्रिया' के भेद को पहचानने में समर्थ हो सकेंगे, जिनमें या तो प्रत्यय नहीं होते, या जिनमें प्रत्ययसंयोग मूल शब्दरूप को प्रभावित नहीं करता."[10]

संस्कृत धातुचर्चा व्यवहृत भाषिक स्वरूपों के संदर्भ में होती थी या केवल शास्त्रचर्चा हुआ करती थी यह प्रश्न कुछ अन्य विद्वानों ने भी उठाया है. व्हिटनी का कहना है कि पाणिनि के धातुपाठ में जिन दो हजार धातुओं का समावेश हुआ है वे सभी व्यवहृत नहीं होती थीं. इस धारणा का बुचर तथा एडग्रेन ने विरोध किया है. इन्होंने परिवर्तित भाषिक रूपों से भी संस्कृत धातुओं का संबंध बताया है. कई प्राकृत, पालि तथा देशज धातुओं के मूल रूप संस्कृत धातुओं में मिलते हैं.

सतत परिवर्तनशील भाषा में कुछ धातुओं का किसी न किसी रूप में बना रहना अध्ययन का एक रसप्रद विषय है. डा. सुनीतिकुमार चेटर्जी ने तो सामान्य भाषक के धातु-विषयक अवबोध के बारे में भी एक उल्लेखनीय बात कही है :

"एक भाषा के शब्द जब कि धातु और प्रत्ययों के संयोग से बने होते हैं, तब उसका प्रत्येक जन्मजात बोलनेवाला व्यक्ति साधारणतया स्पष्ट रूप से यह जानता है कि किसी एक शब्द का धातुभाग कौनसा है, और प्रत्यय भाग कौनसा. हाँ, यदि चिन्तन तथा अभिव्यक्ति, आलस्यादि अन्य प्रभावों से आच्छादित हो गई हो तो बात दूसरी है. उदाहरणार्थ — एक जन्मजात आर्य-भाषी 'धर्म' शब्द में धातुभाग 'धर्' तथा प्रत्ययभाग 'म' है, इतना तो कम-से-कम जानता होगा ही. 'धर्म' शब्द का उच्चारण करते समय स्वभावतः उसके मन में इस शब्द का 'धर्/म' इस प्रकार विश्लेषण हो जाता होगा"[11]

सुशिक्षित एवं भाषा का सजग प्रयोग करनेवाले भाषकों तक ही चेटर्जी महोदय के कथन की व्याप्ति हो सकती है, इसे व्यापक नियम मानकर चलना तर्कसंगत नहीं है. केवल धातुरूप में तो धातु भाषा में नहीं चलती.

समान अर्थवाली तथा कुछ ध्वनिसाम्य रखनेवाली धातुओं के दो रूप मिलते हैं तो क्यों मिलते हैं, तथा इनके बीच सम्बध है तो किस प्रकार का इस प्रश्न का उत्तर सुलभ नहीं हुआ. डा. गजानन पलसुले ने कहा है कि चेतति, चेतयति, चित्त, चेतना आदि रूपों में 'चित्' तथा चिन्तयति, चिन्तयामास, चिन्तन आदि में 'चिन्त्' धातु खोज निकाली परन्तु 'चित्' और 'चिन्त्' के बीच कोई सम्बन्ध है या नहीं यह नहीं बताया. विद्वानों ने इस विषय में अभी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया.[12]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऐसे कुछ निरुत्तर प्रश्नों के साथ भी संस्कृत वैयाकरणों ने जो 'शब्द-चिन्तन' किया है उसकी सराहना जितनी की जाय, कम है. धातुपाठ पर सतत शास्त्रार्थ करते हुए संपादन करने की संस्कृत में जो परंपरा बनी रही वह विरल है.

'ए डिक्शनरी आफ संस्कृत ग्रामर' के लेखकों ने धनंजय, वरदराज, पाणिनि, शाकटायन, नागेश, धर्मकीर्ति, काशीनाथ, चोक्कनाथ आदि वैयाकरणों द्वारा रचित धातुपाठ के चौदह ग्रंथों के नाम दिए हैं. इससे पता चलता है कि संस्कृत व्याकरणशास्त्र ने इस विषय के अध्ययन का महत्त्व सतत बनाए रखा है. ईसा पूर्व 8वीं सदी से लेकर ईसा की ७वीं सदी तक प्राप्त होते इन संस्कृत ग्रंथों में धातुचर्चा होती रही और शास्त्रीय पद्धति से धातुओं के संचय किये गए. इस संदर्भ में संस्कृत-प्राकृत के कुछ वैयाकरणों का विशेष उल्लेख किया जा सकता है : कच्चान, स्थविर संघरक्खित, भिक्षु अग्गवंस, मैत्रेयरक्षित, हेमचन्द्र, त्रिविक्रम, जुमरनन्दिन, नारायण, चोक्कनाथ, मोग्गल्लायन महाथेर आदि. इन विद्वानों ने व्याकरण के साथ धातुपाठ देने की परंपरा अक्षुण्ण रखी. इस शताब्दी में पाश्चात्य भाषाविज्ञान के संदर्भ में संस्कृत व्याकरणशास्त्र का अध्ययन शुरू हुआ है और भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों ने संस्कृत वैयाकरणों की वैज्ञानिक उपलब्धियों को बड़े गौरव के साथ हमारे सामने प्रस्तुत किया है.

२ पाश्चात्य धातु-चर्चा :

एम० बी० एमेनो ने लिखा है कि भारतीय व्यकरणशास्त्र के गहन अध्ययन का प्रभाव ब्लूमफिल्ड की विश्लेषण-पद्धतियों पर पड़ा है. स्वयं ब्लूमफिल्ड ने भी कहा है कि 'पाणिनि का व्याकरण' उनकी उन पुस्तकों में था जिन्हें वे विश्राम के क्षणों में सदैव पढ़ा करते थे.[13]

पाश्चात्य परंपरा में शब्द शब्द-रूप में ही वाक्य में प्रयुक्त होता है. ब्लूमफिल्ड 'मिनिमन फ्री फार्म' – लघुतम मुक्त रूप को शब्द कहते हैं. संस्कृत व्याकरण के अनुसार वाक्य के घटक के रूप में प्रयुक्त होने से पहले ही शब्द का रूपान्तर पद के रूप में हो जाता है. पश्चिम में शब्दों के वर्गीकरण की परंपरा ग्रीक-लेटिन काल से है परन्तु इसकी वैज्ञानिकता से विद्वान संतुष्ट नहीं हैं. एम. बी. एमेनो लिखते हैं :

"लेटिन के चार प्रकार के क्रिया-रूपों (कन्जुगेशन्स) के विवेचन को लिया जा सकता है जिसमें क्रियाओं के धातुरूपों (रूट्स), मूल प्रत्ययों (स्टेम सफिक्सिस) तथा विकारी प्रत्ययों (इन्फ्लेक्शनल सफिक्सिस) के अन्वेषण का कोई विशेष प्रयास नहीं किया गया है तथा विविध क्रियारूपों में प्राप्त सादृश्य की ओर भी कम ही ध्यान दिया गया है." [14]

पाश्चात्य वैयाकरणों द्वारा किया गया अन्वेषण एवं विश्लेषण भले ही प्रभावक न हो परन्तु वे ईसा पूर्व पाँचवीं शताब्दी से लेकर प्रस्तुत विषय की चर्चा करते रहे हैं. प्लेटो (ईसा पूर्व 429 से 347) प्रथम विद्वान हैं जिन्होने संज्ञा तदा क्रिया के बीच स्पष्ट रूप से भेद किया तथा वाक्य में उनके कार्य को भी समझाया :

As defined by Plato. 'nouns' were terms that could function in sentences as the subjects of a predication and 'verbs' were terms which could express the action or quality predicated [15]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रियाएँ कार्य अथवा निर्धारित लक्षण व्यक्त करती हैं—प्लेटो की यह स्थापना उनके समय की दृष्टि से उल्लेखनीय लगती है. अरस्तू ने प्लेटो का वर्गीकरण मान्य करते हुए उन दो वर्गों में जिनका समावेश नहीं होता ऐसे उभयान्वयी का एक नया वर्ग सूचित किया. मध्यकाल तक पहुँचने के बाद ही पाश्चात्य व्याकरण संज्ञा, क्रिया और विशेषण के भेद करता है.

जोन लायन्स कहते हैं कि भारतीय व्याकरणशास्त्र की परंपरा स्वतंत्र होने के साथ-साथ पाश्चात्य ग्रीक-रोमन परंपरा से अधिक वैज्ञानिक भी थी. ध्वनिविज्ञान तथा शब्दों की आंतरिक संचरना की दृष्टि से तो भारतीय विद्वानों का कार्य अनेक विद्वानों ने सराहा है.[16]

रोबर्ट ए. होल बताते हैं कि लेटिन और रोमन भाषाओं में क्रियाओं के 'स्टेम' हुआ करते थे जिनके साथ विविध एण्डिंग्स-प्रत्यय लगते थे.[17]

अब हम पश्चिम के कुछ भाषाविदों द्वारा दी गई 'क्रिया' तथा 'धातु' की कुछ परिभाषाएँ देखें. डायोनिसियस थ्रेक्स के अनुसार :

The verb is a part of speech without case-inflextion, admitting inflextions of tense, person and nvmber, signifying an activity or a being acted upon.'[18]

—क्रिया एक ऐसा पदप्रकार है जिसे नामिक विभक्तिप्रत्यय लगते हैं और जिसका अर्थ क्रिया या तो क्रिया-विषयक कोई व्यक्ति होता है.

पाश्चात्य विद्वानों ने स्टेटिक वर्ब—अवस्थावाचक क्रियापद तथा वर्ब्स आफ एक्शन—व्यापारवाचक क्रियापद के बीच भेद किया है.

सम्बन्धित रूपों के साथ धातु के लक्षण स्पष्ट करते हुए होल धातु के प्रति भाषक की सर्तकता तथा भाषिक संरचना को लक्ष करते हुए लिखते हैं :

When we speak of "roots" and "stems" we are of course referring to elements which are to be abstracted from sets af related forms (nouns, verbs, etc.) by the process of observing and standing partial similarities. We do not imply, in setting up roots or stems that they are noun or must necessarily have been separate entities or free forms. Speakers of different languages vary greatly in their awarness of the existence and interplay of roots; in the English speech community, Such awareness seems relatively uncommon, where as it is said that speakers of Russian are very much aware of the role of roots and stems in their language. Nor are 'roots' or 'stems' determinable by any aprioristic principles; the analyst can define them as best suits his convenience in describidg the structure of the language. Our criteria will cften differ from one language to another.[19]

धातु तथा स्टेम अंग के विषय में बात करते समय हम आंशिक साम्य का ध्यान रखते हुए (संज्ञा, क्रिया आदि) सम्बद्ध रूपों के वर्गों से निकाले हुए मूल तत्त्वों को लक्ष करते हैं, धातु या अंग का वर्गीकरण करते समय उनको अलग और स्वतंत्र इकाइयाँ सूचित करना हमें अभिप्रेत नहीं होता. धातुओं के अस्तित्व एवं आंतर-विनियोग के बारे में सभी भाषाओं के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाषक समान रूप से सतर्क नहीं होते, बल्कि उनके अवबोध में बड़ा अंतर होता है. अंग्रेजी-भाषी समुदाय में यह अवबोध कुछ असामान्य-सा लगेगा, जब कि कहा जाता है कि रशियन भाषाभाषी अपनी भाषा में धातु तथा अंग के कार्य के बारे में बड़े सतर्क होते हैं. किसी पूर्वनिर्धारित सिद्धान्त के आधार से धातु तथा अंग के लक्षण निश्चित नहीं किए जा सकते. भाषा-विशेष की संरचना के संदर्भ में ही सर्वाधिक सफलता से इनका विश्लेषण किया जा सकता है. हमारे मानदंड भाषा-विशेष के अनुसार बदलते रहेंगे.

अब हम 'डिक्शनरी ऑफ लिंग्विस्टिक्स' में दी गई क्रिया और धातु की परिभाषाएँ देखें :

Verb is that part of speech which expresses an action, a process, a state or condition or mode of being.[20]

—क्रियापद वाणी का वह अंश है जो क्रिया, व्यापार, सत्ता की अवस्था, स्वरूप या प्रकार को व्यक्त करे.

धातु की पाश्चात्य परिभाषा भारतीय दृष्टि से मिलती-जुलती है. केवल क्रियारूप की नहीं परन्तु किसी भी शब्दरूप की मूल इकाई को लक्ष्य किया गया है :

The ultimate constituent element common to all cognate words, that is the element of a word which remains after the removal of all flexional endings formatives etc The root is usually present in all members of a group of words relating to the same idea, and is thus capable of being considered as the ultimate semantic vehicle of a given idea or concept in a given language.[21]

इसका तात्पर्य है :

— 'शब्दों की वह अन्तिम इकाई ही धातु है जो प्रत्यय आदि को निकालने पर समान अर्थों के शब्दों में रहती है. निष्कर्ष यह है कि धातु वह ध्वनि-समुदाय है जिसके खण्ड नहीं हो सकते और जिसके साथ प्रत्यय जोड़कर 'पद' निष्पन्न किया जाता है.[22]

आधुनिक पाश्चात्य भाषाविज्ञान ने भाषा-परिवर्तन के संदर्भ में भी क्रियावाचक धातुओं की चर्चा की है, और शास्त्रीय सूक्ष्मताएँ सिद्ध की हैं. उनका निर्देश करना भी एक बहुत बड़े क्षेत्र में प्रवेश करना होगा. यहाँ इतना कहना पर्याप्त होगा कि प्राचीन भारतीय वैयाकरणों की उपलब्धियों को आत्मसात् करने के साथ हम गौरव भी ले सकते हैं और आधुनिक पाश्चात्य भाषाविज्ञान से हमें अभी बहुत कुछ सीखना है.

३ हिन्दी-धातुचर्चा

डा. धीरेन्द्र वर्मा ने कहा है कि धातु की धारणा वैयाकरणों के मस्तिष्क की उपज है, भाषा का स्वाभाविक अंग नहीं है. डा. वर्मा सभी शब्दरूपों के मूल अंश को नहीं, केवल क्रिया के उस अंश को 'धातु' कहते हैं जो उसके सभी रूपान्तरों में पाया जाता है.

"जैसे चलना, चला, चलेगा, चलता आदि समस्त रूपों में 'चल्' अंश समान रूप से मिलता है, अतः 'चल्' धातु मानी जायगी."[23]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डा. भोलानाथ तिवारी भी इसी प्रकार के उदाहरण देते हुए 'धातु' को वैयाकरणों की कल्पना बताते हुए लिखते हैं :

"हाँ, धातु की कल्पना या उसे खोज लिए जाने के बाद उसके आधार पर उपसर्ग, प्रत्यय आदि की सहायता से अवश्य शब्द एवं रूप बनाए जा सकते हैं, और बनाए गए हैं."[24]

व्रजेश्वर वर्मा द्वारा संपादित 'भारतीय भाषाओं का भाषाशास्त्रीय अध्ययन' नामक पुस्तक में कु. श्री. रा. रंगमणि ने 'कन्नड क्रियारूपों की संरचना' नामक लेख में हिन्दी व्याकरणों से धातु की कुछ परिभाषाएँ दी हैं, जिनमें से कामताप्रसाद गुरु, किशोरीलाल वाजपेयी और दुनीचंद द्वारा दी गई परिभाषाएँ इस प्रकार हैं :

"जिस मूल शब्द में विकार होने से क्रिया बनती है, वह धातु है."

"क्रियाओं के मूल रूप धातु हैं — विविध क्रियापदों में जो चीज़ व्यापक दिखाई देती है, जो उपादान रूप से सर्वत्र विद्यमान है, वह धातु कही जाएगी."

"क्रिया का वह अंश जो उसके प्रायः सभी रूपों में पाया जाएगा; धातु कहलाता है."[25]

इन तीनों परिभाषाओं में सभी प्रकार के शब्दों के मूल रूपों को धातु नहीं परन्तु केवल क्रिया के मूल रूप को धातु कहा गया है.

चक्रवर्ती कृत 'दि लिंग्विस्टिक स्पेक्युलेशन्स आफ हिन्दुस' का संदर्भ देते हुए 'अवधी की साधित धातुएँ' नामक (अप्रकाशित) शोधकार्य में श्रीमती मालतीदेवी दुबे ने उन मूल रूपों को धातु कहा है जो सभी शब्दों के उद्गम हैं. संस्कृत-परंपरा के निकट रहकर वे लिखती हैं :

"प्रकृति को समझने के लिए हमें केवल धातु की ओर ध्यान देना चाहिए, दूसरे शब्दों की ओर नहीं. शब्दों की एक प्रकृति होती है और वह धातु के अतिरिक्त दूसरी नहीं है।"[26]

सभी शब्दों को धातुज मानना अधिकांश हिन्दी विद्वानों को स्वीकार्य नहीं है. 'बुन्देली का भाषाशास्त्रीय अध्ययन' के लेखक डा. रामेश्वर अग्रवाल ने कई शब्दों को अधातुज मानकर चलने का सुझाव दिया है :

"संस्कृत के लिए कहा गया है कि उसके सभी शब्द किसी-न-किसी धातु पर आधारित हैं. वस्तुतः यह बात सर्वांशतः संस्कृत पर भी लागू नहीं होती और हिन्दी के लिए जिसमें न जाने कितने विदेशी शब्द भी आ गये हैं, किस प्रकार धातु निर्धारित की जा सकती है? संस्कृत के शब्द 'कर्म' को ही लीजिए. संस्कृत में कृ धातु स्पष्ट है पर काम, चाम, धाम, हिन्दी शब्दों का विश्लेषण करके क्या 'का', 'चा', 'धा' धातु निकाली जा सकती हैं? वस्तुतः ऐसे तथा अन्यान्य विदेशी शब्दों को हम हिन्दी व्याकरण की दृष्टि से 'अधातुज' मानकर ही चलेंगे."[27]

संस्कृत वैयाकरणों को भी इस बात का अवबोध था कि अनेक शब्दों को धातु-प्रत्यय की विश्लेषण-पद्धति के अनुसार समझाया नहीं जा सकता. डा. अनन्त चौधरी पाणिनि की शब्द-निर्वचन-पद्धति तथा धातुपाठ की विशेषताएँ बताते हुए लिखते हैं:

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

" उनके (पाणिनि के) पूर्व शाकटायन ने भी यह स्वीकार किया था कि शब्द धातुओं से बनते हैं, किन्तु उन्होंने अपने मत को आग्रह का रूप दे डाला था और व्युत्पन्न एवं अव्युत्पन्न सभी प्रकार के शब्दों को धातु-प्रत्ययों से सिद्ध करने का क्लिष्ट प्रयत्न किया था, जिसके कुछ उदाहरण यास्क ने अपने निरुक्त में उद्धृत किये हैं. पाणिनि दुराग्रही नहीं, समन्वयवादी थे... लोक में शब्दों का भण्डार बहुत बड़ा है, जिसमें अनेक शब्द ऐसे भी हैं, जिनमें धातु-प्रत्यय की दाल नहीं गलती."[२८]

डा. अनन्त चौधरी ने हिन्दी के प्रमुख व्याकरणों का विस्तृत परिचय देते हुए क्रिया-धातु से सम्बन्धित चर्चा का भी जिक्र किया है. हिन्दी वैयाकरणों ने धातुओं का वर्गीकरण अलग-अलग ढंग से किया है परन्तु सभीने क्रिया-मूल को ही धातु मानना उचित समझा है. प्रमुख व्याकरणकारों द्वारा दी गई धातु की कुछ और परिभाषाएँ देखना रसप्रद होगा :

'वाक्य अर्थात् बात क्रिया से पूरी होती है और क्रिया धातु से बनती है. धातु उसे कहते हैं, जिसके अर्थ से देह वा मन का कुछ व्यापार अर्थात् हिलना-चलना आदि पाया जाय.'[२९]

'क्रिया से मूल को धातु कहते हैं और उसके अर्थ से व्यापार का बोध होता है.'[३०]

पं. श्रीलाल, विलियम एथरिंगरन के ये उद्धरण पं. कामताप्रसाद गुरु, पं. किशोरीलाल वाजपेयी और दुनीचन्द के उन उद्धरणों की तरह प्रायः एक ही विचार को दोहराते हैं. इन समर्थनों से इतना तो स्पष्ट हो ही जाता है कि और शब्द अधातुज हो सकते हैं परन्तु क्रियाएँ तो धातुज ही हैं.

४. गुजराती - धातु-चर्चा

गुजराती व्याकरणों में परिभाषाएँ देने की अपेक्षा विश्लेषण-वर्गीकरण करने की परंपरा अधिक विकसित हुई है. *1921* में प्रकाशित नरसिंहराव दिवेटिया कृत 'गुजराती लेंग्वेज एण्ड लिटरेचर' में 'द कोर्पस आफ गुजराती वर्बल रूट्-इट्स फोर्मेशन' नामक एक उत्सर्ग दिया गया गया है जिसमें धातुओं का ऐतिहासिक तथा स्वरूपगत वर्गीकरण सोदाहरण किया गया है. डा. टी. एन. दवे की पुस्तक 'द लेंग्वेज आफ गुजरात' में गुजराती क्रिया तथा उसके रूपों की भाषाविज्ञान तथा व्याकरण की दृष्टि से चर्चा की गई है. टेलर, क. प्रा. त्रिवेदी, म. झवेरी, के. का. शास्त्री, ह. भायाणी, ज्योर्ज कार्डोना, जयंत कोठारी, योगेन्द्र व्यास आदि के गुजराती व्याकरण विशेष उल्लेखनीय हैं. इनमें से कुछ विद्वानों ने नई स्थापनाएँ की हैं तो कुछ ने सुलभ सामग्री का शास्त्रीय विनियोग किया है.

श्री के. का. शास्त्री अन्य विद्वानों की तरह धातु को वैयाकरण की कल्पना बताकर कहते हैं कि यास्क और पाणिनि ने स्तोत्र धातुएँ दी हैं. वे लिखते हैं :

" वस्तुस्थितिए भाषाना बधा ज शब्द कंई क्रियावाचक धातुओमांथी न होई शके; डित्थ डपित्थ वगेरे यदृच्छा शब्दोनुं अस्तित्व व्याकरणकारो स्वीकारे छे अने पारकी भाषाओना शब्द पण उछीना लेवाया होय छे ... आपणने आ रीते जे क्रियापदो मळ्यां छे तेओने ते ते क्रिया-पदना मूळ धातु कहिये छिये."[३१]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हिन्दी व्याकरणकार जिसे 'धातु' कहते हैं उसे यहाँ 'क्रियावाचक धातु' कहा गया है. संस्कृत परंपरा के अनुसार किसी भी शब्द के मूल रूप को 'धातु' की संज्ञा दी है. डा. ऊर्मि देसाई लिखती हैं कि शब्द की प्रमुख इकाई के लघुतम अंश को धातु कहा जा सकता है. इस परिभाषा को इन्होंने इस प्रकार स्पष्ट किया है :

" धातु ए शब्दना मध्यवर्ती अंश माटेनी संज्ञा छे. एटले के बधा ज शब्दोना मध्यवर्ती अंश धातुना बनेला होय छे. अने आ धातुओ ज घणुंखरुं अर्थना मुख्य वाहक होय छे.

धातुओ एटले संस्कृतमां जेने आपणे क्रियावाचक अंग कहीए छीए ते नहीं. परंतु अर्थनी दृष्टिए गुजराती भाषानी कक्षाए जेनुं आगळ पृथक्करण न करी शकीए अने जेनो अर्थ अधातुओनी तुलनाए कंइक वधु 'स्थूल' होय ते. आम धातुओ ते भाषानो पायानो आधार छे. उदा. " हाथ, पग, टेबल, बोल, शाल, जीव, गाय, धन, फूल " वगेरे.

एक शब्दमां एक ज धातु आवे एवुं कंई नथी. एक करतां वधु धातु पण आवी शके. " [81]

यहां कहा गया कि (1) सभी शब्दों के मध्यवर्ती अंश धातुओं से बने होते हैं, (2) ये धातुएँ प्रमुख अर्थवाहक होती हैं, (3) धातु पृथक्करण के बाद की स्थिति है, धातु तक पहुँचने के बाद पृथक्करण संभव नहीं, (4) कुछ शब्दों में — समासादि में एक से अधिक धातुएँ हो सकती हैं.

लेखिका ने इस प्रतिपादन के लिए इ. ए. नायूडा के ग्रंथ 'मार्फोलोजी — द दीस्क्रिप्टिव एनालिसिस आफ वर्ड्स' का आधार लिया है. लेखिका की स्थापनाएँ नई हैं फिर भी गुजराती व्याकरणशास्त्र की परंपरा में आगंतुक नहीं लगतीं. रूपरचना को (1) धातु और (2) अधातु में बांटकर, धातु को शब्द का मध्यवर्ती अंश मानने में औचित्य है. हिन्दी व्याकरणकारों ने क्रियावाचक धातु को ही धातु कहा है जब कि गुजराती व्याकरण के अनुसार धातुएँ दो प्रकार की हैं : (1) संज्ञावाचक धातुएँ और (2) क्रियावाचक धातुएँ.

अभी गत वर्ष (1977 में) प्रकाशित डा. योगेन्द्र व्यास के व्याकरण में 'नामपद में प्रविष्ट होते रूप', 'क्रियापद में प्रविष्ट होते अन्य रूप' तथा 'द्वैतीयिक रचनाएँ' जैसे प्रकरण भी इसी वर्गीकरण का समर्थन करते हैं. डा. व्यास के अनुसार 'क्रियापद जैसी रचना में प्रविष्ट होते रूपों में जो प्रमुख या केन्द्रित रूप होते हैं उन्हें धातु अथवा क्रियापद के मूल रूप (– वर्ब बेस) कहते हैं.'

'क्रियापद के मूल रूप' को 'क्रियावाचक धातु' कहना अधिक युक्तिसंगत है. आख्यातिक रूपों के पदसाधक प्रत्ययों को अलग करने पर जो सरल मूल अंग अर्थात् प्रकृति शेष रहती है इसे डा. भायाणी ने क्रियावाचक धातु बताकर प्रस्तुत प्रबंध में हिन्दी–गुजराती 'धातुओं' का नहीं परन्तु 'क्रियावाचक धातुओं' का तुलनात्मक अध्ययन करने का सुझाव दिया था.

५. धातु–संख्या

संस्कृत 'धातुपाठ' में कुल 1880 धातुओं की गणना है. यह उल्लेख श्री बाबूराम सक्सेना ने किया है. श्री भोलानाथ तिवारी के हिसाब से संस्कृत धातुओं की संख्या 800 है. वे लिखते हैं :

'हिटनी की गणना के अनुसार इनमें 800 से कुछ ही अधिक का साहित्य (विशेषत : वैदिक तथा प्राचीन लौकिक) में प्रयोग मिलता है. इन 800 के तीन वर्ग हैं. प्रथम वर्ग लगभग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

200 धातुओं का है जो केवल वैदिक संस्कृत तक सीमित है, दूसरा वर्ग 150 से कुछ कम धातुओं का है जो केवल लौकिक साहित्य में मिलती हैं. तीसरे वर्ग में लगभग 500 धातुएँ आती हैं जो वैदिक तथा लौकिक दोनों ही साहित्य में प्रयुक्त हुई हैं." [३३]

डा. भोलानाथ तिवारी के निर्देशन में डा. कृष्णगोपाल रस्तोगी ने 'हिन्दी क्रियाओं का अर्थपरक अध्ययन' किया है, जिसमें 772 धातुओं के क्रियारूप पसंद किये गए हैं.

गुजराती के विद्वान श्री के. का. शास्त्री ने इनमें से कुछ बातों को दोहराते हुए कुछ नई जानकारी दी है :

"संस्कृत भाषामां बधा मळी 2200 थीये वधु धातु पाणिनिना धातुपाठमां जोवा मळे छे. आमांना एकना एक धातुना जुदा जुदा गण थता होई एवडी संख्या थई छे; पण सामान्य रीते 1700 जेटला धातु आवी रहे छे. ए 1700 धातुस्वरूप टूंकामां टूकां छे अने एनाथी टूंकां रूप न मळी शके. परंतु आ धातुओमां पण एकबीजामांथी विकसेला धातुओ तारववामां आव्या छे. ह्विटनीए लगभग 800 धातुओ ज होवानुं बताव्युं छे. एनाथी आगळ वधी, भारत-युरोपीय भाषाकुळना मूळ धातुओनी संख्या कदाच 50 मौलिक धातुओथी वधु नहि होय एवुं पण भाषा-शास्त्रीओ कहे छे." [३४]

शास्त्री जी का संस्कृत धातुकोश को केवल 50 की संख्या में सीमित कर देना यादृच्छिक लगता है. ऐसा माननेवाले अन्य भाषाशास्त्रियों के इन्होंने संदर्भ दिये होते तो इस धारणा का शास्त्रीय आधार परखा जा सकता. इसके अभाव में ह्विटनी की गणना अधिक प्रतीतिजनक लगती है.

संख्या की अनिश्चितता हिन्दी-गुजराती धातुओं के बारे में भी है. भाषाविदों की धारणाएँ एवं गणनाएँ अलग-अलग हैं. स्वामी श्रीभगवदाचार्यजी ने 'गुर्जर-शब्दानुशासन' के अंत में धातुपाठ दिया है. इसमें 1972 धातुओं का समावेश है. स्वामीजी ने सकर्मक, प्रेरक आदि रूपों को भी स्वतंत्र धातु माना है. इसी कारण संख्या लगभग द्विगुणित हो गई है. कई धातुएँ उनसे छूट भी गई हैं. इस प्रबंध के परिशिष्ट में 2136 गुजराती धातुओंका समावेश हुआ है.

डा. हार्नले के अनुसार संस्कृत से हिन्दी में आई हुई मूल धातुएँ 393 तथा यौगिक धातुएँ 189 हैं. डा. भोलानाथ तिवारी हिन्दी धातुओं की पूरी संख्या 2000 बताते हैं. लगता है कि इस संख्या में आपने मूल धातुओं का ही नहीं, क्रिया के सकर्मक, अकर्मक तथा प्रेरक रूपों का भी समावेश कर लिया है.

डा. श्रीराम शर्मा ने 'दक्खिनी हिन्दी का उद्भव और विकास' में परिशिष्ट के रूप में दक्खिनी का धातुपाठ दिया है, जिसमें 459 धातुओं का समावेश है. लेखक ने यहाँ स्पष्टता की है कि यह सूची पूर्ण नहीं है. इसकी संख्या में वृद्धि हो सकती है तो दूसरी ओर दक्खिनी की सभी धातुएँ हिन्दी में व्यापक रूप से प्रचलित नहीं है. 'कचवाना' (असंतुष्ट होना) जैसी गुजराती में विशेष प्रचलित धातुएँ भी इस सूची में समाविष्ट हैं.

प्रस्तुत प्रबंध में बोली-विषयक शोधकार्यों से प्राप्त धातुओं का भी समावेश किया है. सकर्मक, अकर्मक तथा प्रेरक जैसे रूपों में से एक ही रूप देने का प्रयत्न किया है किन्तु विविध ध्वन्यात्मक रूपों को बिना छाँटे एक साथ देने में औचित्य समझा है. तुलनात्मक धातु-कोश

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

को अध्ययन-सामग्री के रूप में तैयार किया है. इन सब कारणों से यहाँ दी गई धातुओं की संख्या चार हजार से आधिक (4269) हुई है. बोलियों का विशेष अध्ययन होने पर इस संख्या में वृद्धि हो सकती है. डा. श्रीराम शर्मा ने ठीक ही कहा है :

"आजकल की साहित्यिक हिन्दी की अपेक्षा उससे संबंधित बोलियां और उपभाषाएँ 'धातु' की दृष्टि से बहुत समृद्ध हैं. पुरानी हिन्दी में सीधे धातु से बने क्रियापदों का प्रयोग अधिक होता था. धीरे-धीरे क्रियापदों में कृदन्त शब्दों के साथ सहायक क्रियाओं का उपयोग बढ़ा. इन दिनों साहित्यिक भाषा में संज्ञाओं से अधिक कार्य लिया जाता है. क्रिया के द्योतन के लिए नामधातु अथवा क्रियार्थक संज्ञा के स्थान पर संज्ञा के योग की प्रवृत्ति अधिक पाई जाती है, बोलियों में आज भी इस प्रकार के प्रयोग मिलते हैं." [34]

डा. शर्मा ने अपने समर्थन में 'पिडाना', 'दूहना', 'बतियाना', जैसी धातुओं के उदाहरण दिए हैं, साहित्यिक हिन्दी में इनके स्थान पर 'पीडा होना', 'दूध निकालना', 'बात करना' जैसे प्रयोग होंगे. वैसे, यहाँ कहना चाहिए कि नये लेखक नामधातुओं का सविशेष प्रयोग करने लगे हैं और साहित्यिक भाषा तथा बोली के बीच की दूरी कम करने के साथ साहित्यिक भाषा की धातु-समृद्धि बढ़ा रहे हैं.

बोलियों में देशज धातुओं का आधिक्य हो और तत्सम-अर्धतत्सम धातुएँ न हों ऐसा भी नहीं है. कुछ धातुओं के उदाहारण देकर डा. शुकदेव सिंह ने कहा है कि भोजपुरी में कुछ ऐसी भी अर्ध-तत्सम धातुओं का प्रचलन है, जो संस्कृत की मूल धातुओं से प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध हैं, जिनमें तत्सम चिह्न अधिकांश सुरक्षित हैं. [35]

धातुओं के अध्ययन की सुलभ सामग्री के आधार से यहाँ संचय-संकलन किया है और विश्लेषण-वर्गीकरण के बाद धातु-संख्या (2981) तय की है.

६. धातुओं के मूल रूप :

कुछ धातुएँ अकर्मक होती हैं, कुछ सकर्मक होती हैं, कुछ धातुएँ बिना रूप-परिवर्तन के एकसाथ अकर्मक तथा सकर्मक होती हैं. परन्तु जिनके अकर्मक रूप अलग अलग होते हैं उनमें से एक को ही पसंद करना हो तब किसे पसंद किया जाय ऐसा प्रश्न यहाँ बार-बार खड़ा हुआ. एक पद्धति के रूप में अकर्मक क्रियाओं को ही प्रस्तुत प्रबंध के धातु-कोश में अध्ययन-विषय बनाने में औचित्य था परन्तु जिन धातुओं के सकर्मक रूप ही मूल रूप लगते हों और अकर्मक रूप उनके आधार से बने दिखाई देते हों उनका क्या ? और कुछ धातुएँ तो केवल सकर्मक ही हैं.

'अकर्मक', 'सकर्मक' तथा 'प्रेरणार्थक' व्याकरणशास्त्र के पारिभाषिक शब्द हैं और वे क्रियाओं के लक्षण सूचित करते हैं. क्रियाओं के मूल रूपों — धातुओं तक पहुँचने पर भी ये लक्षण क्या अक्षुण्ण रहते हैं ?

व्याकरण के अनुशासन से 'धातु' मुक्त है, 'क्रिया' नहीं, और ये दोनों एक ही तत्त्व के दो रूप हैं. 'क्रियापद' व्यवहार में दिखाई देते हैं, धातुएँ संकल्पनाएँ हैं. यदि धातुओं की ही सतत बात होती रहे तो चर्चा में बड़ी अमूर्तता आ जाएगी इसलिए धातुओं के कुछ वर्गीकरण क्रियाओं के वर्गीकरण की भूमिका का निर्वाह करते हैं. इस प्रक्रिया में विद्वानों ने कहीं-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहीं तो 'धातु' तथा 'क्रिया' का एकदूसरे के विकल्प के रूप में भी प्रयोग किया है. सकर्मक-अकर्मक की चर्चा करते समय इस प्रकार की अशास्त्रीयता से बचना कुछ मुश्किल भी लगता है. हिन्दी-गुजराती दोनों भाषाओं के विद्वानों के इस विषय के गंभीर लेख भी ऐसा ही सूचित करते हैं. रूपतत्त्व तथा रचनातत्त्व में से किस आधार से वर्गीकरण हो रहा है इसकी स्पष्टता सतत बनी रहती तो यह संकरदोष न होता.

दोनों भाषाओं में कुछ क्रियाओं के द्वितीय प्रेरणार्थक रूप भी बनते हैं. प्रस्तुत अध्ययन में प्रेरणार्थक क्रियाओं को नहीं लिया. फिर भी प्रेरणार्थक क्रिया के क्षेत्र से मुक्ति नहीं मिल सकती. क्योंकि कुछ क्रियाओं के विषय में सकर्मक तथा प्रेरमार्थक की भेदरेखा स्पष्ट नहीं है. डा. उदयनारायण तिवारी ने कहा है कि संस्कृत की कुछ णिजन्त धातुएँ हिन्दी में सिद्ध धातुओं के रूप में चली आई हैं. इनमें से 'प्रेरणा' का अर्थ लुप्त हो गया है और ये अन्य सकर्मक क्रियाओं के समान व्यवहृत होती हैं. [56]

धातुओं की रूपरचना को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने पर मूल संस्कृत अकर्मक रूप उत्पन्न होने के कई उदाहरण मिलेंगे. संस्कृत के आत्मनेपदी और परस्मैपदी भेदों की रक्षा भी नहीं हुई. हिन्दी की कुछ प्रेरणार्थक धातुएँ कुछ प्रयोगों में सकर्मक के रूप में काम करती नज़र आती हैं. डा. मुरलीधर श्रीवास्तव लिखते हैं :

"कई वैयाकरण बताते हैं कि चलना क्रिया का चलाना और चलवाना दोनों रूप ही प्रेरणार्थक हैं. हमें यह बात जँचती नहीं. 'वह दुकान चलाता है', इस वाक्य में 'चलाना' क्रिया प्रेरणार्थक नहीं है. 'वह' किसीको प्रेरित नहीं करता, स्वयं चलाने की क्रिया करता है. पर, चलाना की धातु 'चला' को मूल धातु नहीं कह सकते हैं. 'चला' धातु तो अवश्य है, पर 'चल' ही मूल धातु है. अतः मूल धातुशब्द का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए. हिन्दी में एक धातु से दूसरी धातु बनती देखी जाती है." [57]

कुछ अकर्मक धातुओं से सकर्मक धातुएँ निकली हैं तो सकर्मक से अकर्मक निकलने के उदाहरण भी बहुत बड़ी संख्या में हैं. जहाँ अग्रताक्रम निश्चित नहीं हो पाया तथा जहाँ अकर्मक-सकर्मक में विशेष अर्थभिन्नता है वहाँ दोनों रूप देने में ही औचित्य समझा है. 'जाँचना' सकर्मक है, इससे निकला है 'जँचना'. अर्थभिन्नता के लिए ये वाक्यप्रयोग देखिए : आप इस लेख को जाँचिए; मुझे आपकी बात जँचती है.

डा. उदयनारायण तिवारी का यह कथन सही है कि कुछ संस्कृत धातुओं के प्रेरणार्थक रूप हिन्दी में सकर्मक के रूप में प्रयुक्त होने लगे. इस प्रक्रिया में 'अ' के स्थान पर 'आ', 'वा' या 'ओ' से नया प्रेरणार्थक रूप बना.

हिन्दी क्रियाओं के कुछ उदाहरण ऐसे भी मिलते हैं जो सकर्मक होने के साथ-साथ प्रेरणार्थक भी हैं. इस स्थिति में इन्हें केवल प्रेरणार्थक या केवल सकर्मक कहने में व्याप्तिदोष होगा. बैठाना, भिगोना, हँसाना, चलाना में 'बैठा', 'भिगो', 'हँसा' और 'चला' सकर्मक भी हैं, प्रेरणार्थक भी. डा. भायाणी ने 'थोडोक व्याकरण-विचार' में रूपरचना की दृष्टि से गुजराती भाषा के प्रेरक आख्यातिक अंगों की क्रिया के प्रथम एवम् द्वितीय प्रेरणार्थक रूपों की विस्तृत चर्चा की है. इसमें इन्होंने सकर्मक-प्रेरक की भेदरेखा स्पष्ट करना आवश्यक नहीं समझा.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह भेद अर्थगत अधिक है और सविशेष तो वाक्यरचना पर अवलम्बित है. केवल इन धातुओं के शब्दरूप को देखकर यही कहा जा सकता है कि सभी प्रेरणार्थक क्रियाएँ सकर्मक होती हैं परन्तु सभी सकर्मक क्रियाएँ प्रेरणार्थक हों ही ऐसा नहीं है.

गुजराती में 'कापवुं' सकर्मक रूप है और 'कपावु' इसका कर्माणि रूप. हिन्दी में उनके लिए क्रमशः 'काटना' और 'कटना' रूप हैं. अर्थ को ध्यान में रखते हुए वर्गीकरण करें तो गुजराती 'काप' तथा हिन्दी 'काट' धातुओं को अग्रता देनी चाहिए. परंतु हिन्दी 'कट' को प्राथमिकता न देने का शास्त्रीय आधार क्या है ? कहीं-कहीं अनिर्णय की स्थिति में या कहिए कि गलती से बचने के लिए एकाधिक धातु-रूप दिए हैं और जैसा कि अभी बताया, जहाँ ध्वनिगत अंतर है वहाँ संदर्भ के लिए विभिन्न रूप दिए हैं.

७. धातु : स्वरान्त या व्यंजनान्त ?

डा. धीरेन्द्र वर्मा लिखते हैं :

" क्रिया के 'ना' युक्त साधारण रूप से—'ना' हटा देने पर हिन्दी धातु निकल आती है, जैसे खाना, चलना, देखना आदि में खा, देख, चल धातु हैं. "[38]

इसके अनुसार गुजराती क्रिया के 'वुं' युक्त साधारण रूप से—'वुं' हटा देने पर गुजराती धातु निकल आएगी. उपर्युक्त क्रियाएँ गुजराती में भी समान रूप से प्राप्त होती हैं : खावुं, देखवुं, चालवुं. इनसे—'वुं' हटा देने से या इनका द्वितीय पुरुष एकवचन आज्ञार्थ रूप पसंद करने से खा, देख, चल रूप प्राप्त होंगे. इनमें 'खा' तो आकारान्त होने के कारण स्पष्ट रूप से स्वरान्त है परन्तु 'देख' या 'चल'-'चाल' को स्वरान्त मानें या व्यंजनान्त ?

उच्चारण की दृष्टि से तो 'करना' या 'करवुं' रूप ही सही हैं. 'कर' लिखने पर भी हम पढ़ते हैं 'कर्'. नियमों की दृष्टि से भी धातुरूपों को हलन्त लिखने में ही शास्त्रीयता का निर्वाह होगा. परन्तु कामताप्रसाद गुरु ने धातुओं को हलन्त नहीं माना. शायद इन्होंने हिन्दी धातुओं के ध्वनि-रूपों के बारे में नहीं सोचा. जैसा कि डा. मुरलीधर श्रीवास्तव कहते हैं : हिन्दी में जब ध्वन्यात्मक पाठ के लिए फोनेटिक रीडर बनेंगे, तो पढ़ना और चलना लिखना आवश्यक होगा.[39]

सन 1885 में प्रकाशित 'भाषा प्रभाकर' के लेखक बाबू रामचरण सिंह ने तो धातुओं को 'ना' प्रत्यय-सहित लिखना आवश्यक समझा था :

'हाँ, केवल जा, आ, गिर आदि धातु हैं पर उनकी धातुता का चिह्नरूप एक दूसरा 'ना' प्रत्यय (संस्कृत के इक् स्तिप् की भाँति) लगायें तो किसी भाँति उनका लिखना ठीक हो सकता है. "[40]

बाबू साहब ने व्याकरणिक आवश्यकताओं के अनुसार धातु को देखा है इसलिए उनके सारे तर्क दूसरी दिशा में आगे बढ़ जाते हैं. वे 'ना' जैसा प्रत्यय जोड़ने की चिन्ता में 'गिर' धातु स्वरान्त है या व्यंजनान्त—इसकी चर्चा नहीं कर पाते. पं. किशोरीदास वाजपेयी हिन्दी की सभी धातुओं को स्वरान्त मानते हैं :

" संस्कृत की सभी धातुएँ प्राकृत-पद्धति से हिन्दी में आकर स्वरान्त हो गई हैं. हिन्दी में एक भी धातु व्यंजनान्त नहीं है. "[41]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाजपेयी के अनुसार सभी धातुओं को स्वरान्त मान लेने पर धातुओं से क्रियारूप बनते समय संधि–नियमों का पालन होता दिखाई नहीं देता. डा. श्रीवास्तव 'चल्', 'पद्' आदि धातुओं को व्यंजनान्त मानने के पक्ष में हैं. वे अपने समर्थन में संस्कृत की हलन्त धातुओं की याद दिलाते हैं और इस निष्कर्ष तक पहुँचते हैं कि हिन्दी धातुएँ दो प्रकार की है : स्वरान्त और व्यंजनान्त.

प्रश्न यह उठता है कि क्या हम हिन्दी भाषा को उच्चारण के अनुसार लिपिबद्ध करते हैं? क्या शत–प्रतिशत ऐसा करना संभव भी है? पद, चल, कर, गिर आदि धातुओं को व्यंजनान्त मानने पर भी लिपि की सुविधा के लिए तथा प्रणालि के अनुसार इनको हलन्त न लिखकर स्वरान्त लिखा जाता है ऐसा समाधान कर लेने पर धातुओं को इनके मूल ध्वन्यात्मक रूपों में स्वरान्त–व्यंजनान्त मानना–मनवाना सरल हो जाएगा.

८. धातुओं का वर्गीकरण

व्युत्पत्ति के आधार पर विद्वानों ने धातुओं के दो भेद किए हैं : (1) मूल (*Primary*) (2) यौगिक (*secondary*)

कामताप्रसाद गुरु के अनुसार इनकी परिभाषाएँ इस प्रकार हैं :

" मूल धातु वे हैं जो किसी दूसरे शब्द से न बने हैं; जैसे करना, बैठना, चलना, लेना. (2) जो धातु किसी दूसरे शब्द से बनाए जाते हैं वे यौगिक धातु कहलाते हैं; जैसे 'चलना' से 'चलाना', 'रंग' से रंगना', 'चिकना' से 'चिकनाना'.

'धातु' शब्द को पुल्लिंग माननेवाले गुरुजी की एक स्पष्टता द्रष्टव्य है :

" संस्कृत अथवा प्राकृत के धातु चाहे यौगिक हों चाहे मूल, परन्तु उनसे निकले हुए हिंदी धातु मूल ही माने जाते हैं. "

—यह दृष्टि व्याकरणकार की है. डा. धीरेन्द्र वर्मा यौगिक के अंतर्गत उन धातुओं की गणना करते हैं जो संस्कृत धातुओं से नहीं आई हैं किन्तु जिनका सम्बन्ध या तो संस्कृत रूपों से है या तो वे आधुनिक काल में गढ़ी गई हैं. जैसे संस्कृत 'जन्म' से नामधातु 'जनम(ना)', संस्कृत 'च्युत+क्' से हिन्दी संयुक्त धातु चुक(ना)और 'फड़फड़ना' आदि अनुकरणात्मक धातुएँ.

हिन्दी की 'सुन' धातु मूल मानी जाएगी, परन्तु संस्कृत की मूल धातु 'श्रु' है और इसके साथ 'णु' गणचिह्न लगता है. हिन्दी धातु 'पसीजना' मूल मानी जाएगी, परन्तु संस्कृत में वह उपसर्गयुक्त है : प्र+स्विद्. पालि–प्राकृत–अपभ्रंश के तुलनात्मक व्याकरण में डा. सुकुमार सेन ने लिखा है :

"म.भा.आ. में व्यंजनों में जो वर्ण–विकार हुये, उनके फलस्वरूप धातु–प्रत्यय–विभाग का प्रा.भा.आ.कालीन स्पष्ट ज्ञान धुंधला पड़ गया. अ–तथा–अय–विकरणवाली ऐसी धातुएँ, जिनमें संयुक्त व्यंजन नहीं थे तथा आकारान्त एकाक्षरीय धातुओं को छोड़, अन्य धातुओं में धातु का अन्तिम व्यंजन विकरण (अथवा प्रत्यय) के साथ समीकृत हो गया, जिसके कारण धातु, विकरण तथा प्रत्यय का स्पष्ट विभाग कर पाना संभव न रह गया. इस प्रकार यह समीकृत अंग (अर्थात् धातु+विकरण) म.भा.आ. में नयी धातु अथवा अंग समझा जाने लगा."[42]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

—इस प्रकार के शास्त्रीय निष्कर्षों को लक्ष्य में रखते हुए हिन्दी धातुओं का मूलतथा यौगिक की श्रेणियों में वर्गीकरण करना होगा. डा. ना. नागप्पा ने यौगिक धातु के तीन प्रकार बताये हैं: (क) मूल धातु से व्युत्पन्न धातु, (ख) संयुक्त धातु—जो दो या अधिक धातुओं के संयोग से बनती है, तथा (ग) नामधातु जो क्रियेतर शब्द से बनती है.[45]

डा. उदयनारायण तिवारी गुरु जी द्वारा प्रयुक्त 'मूल' तथा 'यौगिक' शब्दों के विकल्प में 'सिद्ध' तथा 'साधित' शब्दों का प्रयोग करते हैं. इनके अनुसार मूल रूप में सुरक्षित धातुएँ सिद्ध, तथा मूल में किसी प्रत्यय के योग से बनी धातुएँ साधित हैं.

डा. वर्मा, डा. तिवारी आदि विद्वान डा. सुनीतिकुमार चटर्जी द्वारा किये गए धातु-वर्गीकरण को अधिकृत मानकर चले हैं, जो इस प्रकार है:

- क मूल
  - १ तद्भव (१) साधारण (२) उपसर्गयुक्त
  - २ प्रेरणार्थक तद्भव
  - ३ संस्कृत से गृहीत (तत्सम, अर्धतत्सम)
  - ४ संदिग्ध व्युत्पत्तिवाली (देशज)
- ख यौगिक
  - १ आकारान्त प्रेरणार्थक
  - २ नामधातु* (क्रिया के अतिरिक्त, किसी अन्य व्याकरणिक रूप से बनाई गई.)
    - *तद्भव
      - प्राचीन
      - मध्ययुगीन
      - नवीन
    - *तत्सम, अर्धतत्सम
    - *विदेशी
  - ३ संयुक्त एवं प्रत्ययुक्त
  - ४ ध्वन्यात्मक
  - ५ संदिग्ध

मूल (क) के अंतर्गत जिन्हें प्रेरणार्थक तद्भव कहा है वे धातुएँ हिन्दी में आकर सकर्मक बनकर रह गई हैं. अन्यथा इनका समावेश यौगिक के अंतर्गत करना पड़ता.

डा. उदयनारायण तिवारी ने उपर्युक्त वर्गीकरण को ही साधारण शाब्दिक स्पष्टता के साथ माना है इसलिए उसको दोहराना आवश्यक नहीं.

धातुओं के वर्गीकरण का प्रयत्न शताब्दि से अधिक पुराने व्याकरणों में भी पाया जाता है. 'भाषा-चन्द्रोदय' (1855) के लेखक पं. श्रीलाल ने हिन्दी धातु को (1) सिद्ध धातु और (2) अनुकरण धातु – इन दो वर्गों में बाँटा था. सिद्ध धातु के अंतर्गत 'करना' तथा अनुकरण धातु के अंतर्गत हिनहिनाना, चिग्घारना आदि को स्थान दिया था. राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वभाविक और कृत्रिम तथा अकर्मक और सकर्मक जैसे भेद किए थे. फिर, सकर्मक के एककर्मक, द्विकर्मक और त्रिकर्मक – ऐसे तीन प्रकार माने थे. पं. कालीप्रसाद त्रिपाठी ने अपने 'भाषा–व्याकरण–दर्पण (1880) में कृत्रिम और स्वाभाविक के भेदों को मान्यता दी थी.

पं किशोरीदास वाजपेयी ने 'हिन्दी शब्दानुशासन' (1958) में एक शब्दप्रयोग किया है : 'उपधातु.' वे लिखते हैं :

"मूल धातुओं से कुछ उपधातुएँ बन जाती हैं और फिर उन 'उपधातुओं' के प्रयोग उसी तरह होते हैं, जैसे कि मूल धातुओं के....जो कुछ उन धातुओं से बनता चलता है, वही सब इन उपधातुओं से. परन्तु स्वरूपभेद तो है ही. इस भेद के ही कारण तो 'उपधातु' इन्हें हम कहते हैं. इन उपधातुओं की दो श्रेणियाँ हैं. एक श्रेणी को तो हम मूल धातुओं का विकसित रूप कह सकते हैं और दूसरी को संकुचित रूप. 'उपधातु' से बनी क्रियाएँ प्रेरणा–प्रक्रिया में आती हैं और संकुचित–रूप 'उपधातु' से बनी क्रियाएँ 'कर्मकर्तृक क्रियाएँ' कहलाती हैं.[44]

पंडितजी ने संयुक्त क्रिया, नामधातु, क्रिया की द्विरक्ति आदि की चर्चा भी की है. उनकी चर्चा वाक्यगत विशेष है. चटर्जी की तरह शास्त्रीय पद्धति से धातुओं का ऐतिहासिक वर्गीकरण वाजपेयी ने नहीं किया. 'उपधातु' शब्दप्रयोग भी स्वीकार्य नहीं लगता. एक वाक्य में लगता है कि वे यौगिक धातु को उपधातु कहते हैं परन्तु दूसरे वाक्य में इसकी दो श्रेणियाँ बताते हैं : (1) मूल धातुओं का विकसित रूप और (2) मूल धातुओं का संकुचित रूप. ये विकसित–संकुचित शब्दप्रयोग भी साधु नहीं हैं. दोनों श्रेणियों में परिवर्तन लक्षित होता है यही मूल बात थी और इसीलिए दोनों की श्रेणी एक ही थी.

आधुनिक हिन्दी का प्रारम्भिक व्याकरण—'ए बेसिक ग्रामर आफ माडर्न हिन्दी' (1958) में आर्येन्द्र शर्मा ने प्रेरणार्थक क्रिया, संयुक्त क्रिया और नामधातु के विषय में कुछ उल्लेखनीय चर्चा की है. वाजपेयी जी और शर्माजी के बीच हुए व्याकरणिक विवाद ने इस विषय के छात्रों में बड़ी दिलचस्पी जगाई थी परन्तु प्रस्तुत विषय इससे लाभान्वित नहीं हुआ था.

1966 में प्रकाशित डा. ज. म. दीमशित्स की पुस्तक 'हिन्दी व्याकरण की रूपरेखा' में स्वतंत्र मूल धातुओं को अव्युत्पन्न बताया गया है. यह वर्गीकरण मूल–यौगिक तथा सिद्ध–साधित की परंपरा का ही है.

धातुओं के वर्गीकरण को भाषाविज्ञानियों ने वैयाकरणों की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण समझा. पूर्वचर्चित चटर्जी महोदय के वर्गीकरण को अधिकांश भाषाविज्ञानियों ने ज्यों–का–त्यों स्वीकार कर लिया है परन्तु डा. भोलानाथ तिवारी ने उस वर्गीकरण में कुछ सीमाएँ देखी हैं. वे कहते हैं कि अनेक ध्वन्यात्मक धातुएँ आधुनिक काल में अनुकरण (धड़धड़) से बनी हैं किन्तु कुछ परंपरागत रूप में संस्कृत से भी (खटखट) चली आ रही हैं. इन दोनों को ऐतिहासिक दृष्टि से एक साथ नहीं रखा जा सकता. इन धातुओं को ध्वन्यात्मक कहने में भी भोलानाथ जी को आपत्ति है क्योंकि 'जगमगाना' जैसी धातुएँ, ध्वन्यात्मक नहीं हैं. गुजराती में 'ध्वन्यात्मक' के लिए 'रवानुकारी' शब्द प्रचलित था, आधुनिक भाषाविज्ञान के विद्वान अब 'अनुकरणात्मक' शब्द का प्रयोग करते हैं.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भोलानाथ जी की एक आपत्ति यह है कि जिन धातुओं को प्राकृत काल तक ही खोजा जा सकता है उनको प्रस्तुत वर्गीकरण में कैसे रखा जा सकता है? जैसे हिन्दी 'ऊँघ', प्रा. 'उँघ' मूल तद्‌भव में सामान्य के अतिरिक्त कर्मवाच्यवाली धातुएँ (उत्+पद्, उत्पद्यते, प्रा. उपज्जइ, उपजना) भी हैं. इन्हें ऐतिहासिक दृष्टि से अलग रखना चाहिए.

भोलानाथ जी को यह भी अखरता है कि यौगिक के अंतर्गत सादृश्य के आधार से बनी धातुओं के साथ न्याय नहीं हुआ है. वे मानते हैं कि आधुनिक भाषाओं के प्रामाणिक व्युत्पत्ति-मूलक कोशों का निर्माण होने से पहले धातुओं को सर्वमान्य रूप से वर्गीकृत करना सम्भव नहीं है, फिर भी वर्तमान ज्ञान की परिधि में उनकी दृष्टि से निम्नांकित वर्गीकरण अधिक निर्दोष है :

- परंपरागत
  - संस्कृत
    - तद्‌भव
    - परवर्ती तद्‌भव
    - तत्सम
      - क. मूल
      - ख. उपसर्गयुक्त
      - ग. प्रत्यययुक्त
      - घ. संयुक्त
        - अ. कर्तृवाच्य
        - आ. कर्तृवाच्येतर
        - इ. प्रेरणार्थक
  - प्राकृत (पालि, प्राकृत, अपभ्रंश)
- निर्मित
  - धातु से (अकर्मक, सकर्मक, प्रेरणार्थक)
  - अन्य (नाम) से —
    - संज्ञा
    - विशेषण
    - सर्वनाम
    - क्रियाविशेषण
      - क. तद्‌भव
      - ख. परवर्ती तद्‌भव
      - ग. तत्सम
      - घ. विदेशी
      - ङ. संदिग्ध व्युत्पत्तिवाली
  - अनुकरणात्मक (ध्वनि, दृश्य आदि)
- संदिग्ध व्युत्पत्ति की

इस वर्गीकरण में भी व्याप्तिदोष तो होता ही है. प्रथम विभाग परंपरागत के अंतर्गत संस्कृत उपविभाग में ऐतिहासिक, रूपगत तथा रचनागत आधार एक साथ लिए गए हैं.

संदिग्ध व्युत्पत्ति की धातुएँ स्वतंत्र वर्ग के अंतर्गत कैसे रखी जा सकती हैं? व्युत्पत्ति ज्ञात होने पर तो उनका वर्ग निश्चित होकर बदल जाएगा. तब तक उनको अवर्गीकृत धातुओं के रूप में ही देखना चाहिए.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डा. मुरलीधर श्रीवास्तव ने स्वर-व्यंजन के भेद के आधार पर (१) स्वरान्त धातुएँ और (२) व्यंजनान्त धातुएँ - ऐसे दो वर्ग सूचित किये हैं. अक्षर-संख्या के आधार पर (१) एकाक्षरी, (२) द्वयक्षरी और (३) त्र्यक्षरी वर्ग बताए हैं. मूल और यौगिक से स्वतंत्र रूप से (1) उत्पाद्य, (2) अनुत्पाद्य और (3) अल्पोत्पाद्य - ऐसे भेद भी सोदाहरण बताए हैं और कुछ सोचकर आखिर कहा है कि इन्हें एक ही धातु के रूपान्तर कहना चाहिए. डा. श्रीवास्तव 'संयुक्त धातु' को भी स्वतंत्र वर्ग मानते हैं; वास्तव में वे बात करते हैं संयुक्त क्रियाओं की.

गुजराती के भाषाविद् नरसिंहराव दिवेटिया ने सन् 1921 में गुजराती धातुओं को तीन वर्गों में बाँटा था : (क) तत्सम, अर्धतत्सम (ख) उपसर्गयुक्त धातुएँ तथा तद्भव के रूप में संक्षिप्त. ये दोनों वर्ग साधित धातुओं के अंतर्गत आ सकते हैं. (ग) नामधातुएँ. यह वर्गीकरण पर्याप्त नहीं है परन्तु लेखक के समय-संदर्भ को खयाल में रखने पर आदर जगाता है. नरसिंहराव जी ने व्युत्पत्ति के बारे में विस्तार से विचार किया है.

श्री के. का. शास्त्री ने ऐतिहासिक संदर्भ में रूप-रचना विषयक परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए गुजराती धातुओं को सात भागों में बाँटा है :

(1) विभिन्न विकरण-प्रत्ययों के निकल जाने के बाद अकारांत अंग के रूप में.
(२) विकरण-प्रत्यय निकल गया न हो और धातु अकारांत हो.
(3) मूल संस्कृत धातुओं के प्रेरक रूपों से जो 'आप' है उसके 'अव' होने पर प्राप्त होते रूप.
(4) कुछ भूतकृदंत से बने गुजराती भूतकृदंतों के द्वारा प्राप्त रूप.
(5) जिनमें अकारांत अंग नहीं हैं ऐसी मूल धातुएँ.
(6) कुछ नाम-विशेषण के आधार से केवल क्रियावाचक अंग के रूप में प्राप्त तथा
(7) अनुकरणवाचक स्वतंत्र धातुएँ.[45]

शास्त्रीजी ने साधित धातुओं के वर्ग के विषय में भी अलग से लिखा है. इन्होंने नरसिंहराव के वर्गीकरण से कुछ आगे बढ़ने का प्रयत्न अवश्य किया है परन्तु वे चटर्जी के वर्गीकरण को लक्ष्य करके गुजराती धातुओं के बारे में सोचते तो निश्चित भूमिकाओं पर और भी व्यापक वर्गीकरण कर सकते.

९ धातुओं का व्युत्पत्ति :

डा. सुनीतिकुमार चटर्जी ने बंगला भाषा का इतिहास लिखा है वैसा कोई व्युत्पन्न ग्रंथ हिन्दी या गुजराती भाषा में उपलब्ध नहीं है. डा. उदयनारायण तिवारी, डा. धीरेन्द्र वर्मा तथा डा. भोलानाथ तिवारी आदि विद्वानों ने हिन्दी भाषा के इतिहास लिखे हैं जो अनुस्नातक विद्यार्थियों के लिए सविशेष उपयोगी हैं. प्राचीन, मध्ययुगीन तथा नव्य भारतीय आर्यभाषाओं के विकास का निर्देश करती सामग्री के लिए इन विद्वानों को कुछ पाश्चात्य भाषाविदों तथा चटर्जी महोदय आदि का सहारा लेना पड़ा है. हिन्दी क्षेत्र में संस्कृत के पंडित बहुत हैं और उनमें से कुछ तो चोटि के हैं परन्तु प्राकृत-अपभ्रंश-पुरानी हिन्दी में से किसी एक को अपना अध्ययनक्षेत्र बनानेवाले विद्वान् (उस कोटि के) नहीं हैं.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुजराती के पास पंडित बेचरदासजी तथा डा. भायाणी जैसे प्राकृत-अपभ्रंश के विशेषज्ञ आज भी हैं परन्तु उन्होंने भी गुजराती भाषा के उद्भव और विकास का क्रमिक इतिहास नहीं लिखा. डा. प्रबोध पंडित ने गुजराती का ध्वनि-संरचनागत अध्ययन सविशेष किया. भाषा का इतिहास वे भी दे सकते, पर हमारे दुर्भाग्य से वे रहे नहीं.

गुजराती के ऐतिहासिक अध्ययन के लिए प्राथमिक सामग्री की स्थिति हिन्दी की अपेक्षा बेहतर है. महान जैनाचार्य हेमचन्द्राचार्य ने (1088 – 1172 ई.) प्राचीन गुजराती के आरंभिक काल की सारी सामग्री ग्रंथस्थ की है. उनके प्राकृत व्याकरण में पश्चिमी अपभ्रंश के उदाहरण भी सुलभ हैं. हाँ, ये उदाहरण भाषा के साहित्यिक रूपों के हैं, उस युग में उच्चरित भाषा के नहीं. कुछ उदाहरणों के लिपिबद्ध होने और उनके रचनाकाल के बीच भी अंतर है. इससे भी कालनिर्णय में और भाषा का क्रमिक विकास समझने में कठिनाइयाँ पैदा होती हैं. डा. प्रबोध पंडित तथा डा. भायाणी ने इस संदर्भ में अध्येताओं को सावधान किया है.

जहाँ तक प्राप्त सामग्री के आधार पर व्युत्पत्ति-विषयक निकर्ष तक पहुँचने का प्रश्न है, टर्नर आदि प्राश्चात्य विद्वानों ने तथा नरसिंहराव, के. ह. ध्रुव, के. का. शास्त्री, दी. एस. दवे, भोगीलाल सांडेसरा, प्रबोध पंडित, मधुसूदन मोदी आदी गुजराती विद्वानों ने उल्लेखनीय कार्य किया है. डा. भायाणी प्रस्तुत विषय के विरल विद्वान हैं. 1975 में 'व्युत्पत्तिशास्त्र' नामक इननी बहुमूल्य पुस्तक भी प्रकाशित हुई है. वे व्युत्पत्ति को केवल शब्दों का इतिहास नहीं मानते. वे कहते हैं कि उच्चारण, संचरण, अर्थ, व्याकरणगत स्थान या वर्ग, प्रचलन, सामाजिक दरजा आदि शब्द-अध्ययन के तमाम पहलुओं के क्रमिक विकास का इतिहास देखना आवश्यक है. डा. भायाणी ने पुस्तक के चतुर्थ खंड में भाषाविज्ञान के संदर्भ में भी व्युत्पत्तिशास्त्र पर विचार किया है, जिसमें सोशुर आदि पाश्चात्य विद्वानों की मान्यताओं की चर्चा बड़ी रसप्रद है. निष्कर्ष के रूप में याकोव मेलकोल के समर्थन में वे कहते हैं :

"आधुनिक काल के प्रवाहों से सुपरिचित जिन भाषाविज्ञानियों ने व्युत्पत्ति के क्षेत्र में गंभीर कार्य किया है उनका अनुसरण करते हुए हम ऐतिहासिक भाषाविज्ञान की एक शाखा के रूप में ऐतिहासिक कोशविज्ञान को स्वीकार करेंगे और ऐतिहासिक कोशविज्ञान की एक शाखा के रूप में शब्दों के मूल की खोज से सम्बद्ध व्युत्पत्तिविज्ञान को स्वीकार करेंगे." [46]

प्रस्तुत शोधकार्य में धातुओं की सुलभ और संभव व्युत्पत्तियों का समावेश करने की भूमिका यह थी.

संदर्भ

1. पृ. 15, सं. व्या. इ. भाग – २. 2. पृ. 43, भा. भा. चि. 3. पृ. 48, भा. भा. चि. 4. पृ. 156, भा. भा. चि. ५. पृ. 133, भा.भा. चि. 6. पृ. 37, भा. भा. चि. 7. पृ. 165, दि. सं ग्रा. 8. दि. डि. आ. सं. ग्रा. पृ. 207 9. दे. पृ. 144, व्या. दा. भू. 10. पृ. 145, व्या. दा. भू. 207. 11. पृ. 96. भा. आ. औ. हि. 12. दे. पृ. 166, दि. सं. धा. 13. पृ. 21, भा. भा. चि. 14. पृ. 17, भा. भा. चि. 15. पृ. 11, इ. टु थी. लिं. 16. दे. पृ. १९-२०, इ. टु थी. लिं. 17. दे. पृ. 151, इ. लिं. 18. पृ. 85, भा. भा. तु. अ. 19. पृ. 151, इ लिं. 20. पृ. 227, डि. आ. लिं. 21. पृ. 177 डि. आ.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लि. 22. पृ. 88, भा. भा. भा. अ. 23. पृ. 290, हि. भा. इ. 24. पृ. 611, हि. भा. 25. पृ. 177, भा. भा. भा. अ. 26. अ. सा. धा. अप्रकाशित 27. पृ. 160. बु. का. भा. अ. 28. पृ. 47, 48 हि. व्या. का. इ. 29. पृ. 94 भा. च. 30. पृ. 42 भा. भा. 31. पृ. 107. गु. भा. 2. 31. पृ. 12, गु. भा. अं. प्र. 32. पृ. 612, हि. भा. 33. पृ. 106 गु. भा. २. 34. पृ. 230, द. हि. का. उ. औ. वि. 35. पृ. 69, भो. औ. हि. का. तु. अ. 36. पृ. 472, हि. भा. उ. औ. वि. 37. पृ. 15, हि. धा. को. 38. पृ. 290, हि. भा. इ. 39. 13, हि. धा. को. 40. पृ. 51, भा. प्र. 41. पृ. 38, हि. श. 42. पृ. 163, तु. व्या. 43. दे. पृ. 197–8, अ. हि. व्या. 44. पृ. 456, हि. श. पू. 45. पृ 107 से 114, गु. भा. २–३. 46. पृ. 250, व्यु. वि.

पूरी विस्तृत संदर्भ-सूची के लिए देखिए परिशिष्ट

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्युत्पत्तिदर्शक तुलनात्मक धातुकोश

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकेत – सूची

अं. – अंग्रेजी
अ. – अकर्मक धातु
अ. व्यु. – अज्ञातव्युत्पत्तिक
अनु. – अनुकरणात्मक
अर. – अरबी
अर्धसम – अर्धतत्सम
अव्य – अव्यय
कृ. – कृदंत
गुज. – गुजराती
छ. का. उ. – छत्तीसगढ़ी का उद्‌विकास
तु. – तुर्की
तुल. – तुलनीय
दे. – देखिए
देश. – देशज
दे. श. को – देशज शब्द-कोश
ना. – नामधातु
पा. – पालि
पु. – पुरानी
प्रा. – प्राकृत
फा. – फारसी
भव – तद्‌भव
वि. – विदेशी
विशे. – विशेषण
सं. – संस्कृत
स. – सकर्मक धातु
सम – तत्सम
इआलें – ए कम्पेरेटिव डिक्शनरी आफ इण्डो-आर्यन लेंग्वेज़िज
पा. स. म. – पाइअ–सद्‌द–महण्णवो
मा. हि. को. – मानक हिन्दी कोश
सा. जो. को. – सार्थ गुजराती जोडणीकोश
ह. भा. – हरिवल्लभ भायाणी
हि. दे. श. – हिन्दी में देशज शब्द
हि. त. श – हिन्दी की तद्भव शब्दावली
हि. श. – हिन्दी शब्दसागर
* धातु के साथ यह चिह्न कालग्रस्त रूप का निर्देश करता है, कोष्टक में होने पर कल्पित रूप का.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अँक अ. दे. 'आँक' 1.

अँकवार स. ना. भव (अँकवार संज्ञा; सं. अङ्कपालिका; प्रा. अँकवारिया; दे. पृ. २; मा. हि. को.) गले लगाना; आलिंगन करना 2

अंकुर अ. ना. भव (अंकुर संज्ञा; सं. अङ्कुर; प्रा. अंकुर; दे. इआलें 109) अँकुर उगना; अँखुआ फूटना. गुज. अंकुर 3

अंकुरा अ. दे. 'अंकुर' 4

अंकूला अ. दे. 'अंकुर' 5

अँकोर स. दे. 'अँकवार' 6

अँखुआ अ. ना. भव (आँख संज्ञा; सं. अक्षि; प्रा. अक्खि; दे. इआलें 43) अँखुआ फेंकना. तुल. गुज. आँख संज्ञा 7

अंग स. ना. सम (अंग संज्ञा; सं. अङ्ग) अपने ऊपर लेना; अंगीकृत करना. तुल. गुज. अंग संज्ञा 8

अँगडा अ. देश. अँगडाई लेना; आलस्य, शिथिलता आदि के कारण शरीर के अंगों को तानने या फैलाने की क्रिया करना 9

अँगरा अ. दे. 'अँगड़ा' 10

अँगव स. दे. 'अंग' 11

अँगा स. दे. 'अंग' 12

अँगिरा अ. दे. 'अँगड़ा' 13

अँगुरिया स. ना. भव (अँगुरी संज्ञा; सं. अङ्गुलि; प्रा. अंगुली; दे. इआलें 135) हैरान करना. तुल. गुज. आँगळी संज्ञा 14

अँगुसा अ. ना. देश. (अँगुसा संज्ञा; दे. पृ. 4, मा. हि. को.) अंकुरित होना 15

अँगुछ स. दे. 'अँगोछ' 16

अँगूठ स. दे. 'अगूठ' 17

अँगेज स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 4 मा. हि. को.) सहना; अंगीकार करना 18

अँगेर स. दे. 'अँगेज' 19

अँगोछ स. भव (अँगोछा संज्ञा; सं. अङगोञ्छ; प्रा. अंग+उंछ; 'उंछ' का मूल सं. प्रोञ्छ; दे. इआलें 139) गीले गमछे से बदन पोंछना. तुल. गुज.अंगोछो संज्ञा 20

अँगोज स. दे. 'अँगेज' 21

अँघ अ. दे. 'अघा' 22

अँच स. दे. 'अचा' 23

अँचव स. दे. 'अचा' 24

अँज स. दे. 'आँज' 25

अँजोर स. दे. 'अजोर' 26

अँट अ. दे. 'अट' 27

अँटक अ. दे. 'अटक' 28

अँटिया स. ना. देश. (अंटी संज्ञा; दे. पृ. 10, मा. हि. को.) उंगलियों के बीच से छिपा लेना; तागे की पिंडी बनाना. तुल. गुज. अटवा 'उलझना'; आंटी संज्ञा 29

अँड अ. दे. 'अड' 30

अँडर अ. देश. (दे. पृ. 10; दे. श. को.) (धान का) रेंडना, गरभाना 31

अँडस अ. देश. चारों ओर के दबाव में फँसना 32

अँडा स. दे. 'अडा' 33

अँडुआ स. ना. भव (अंड संज्ञा; सं. अण्ड; प्रा. अंड; दे. इआलें 111) बधिया करना; बैल के अंडकोश को कुचलना जिससे वह नटखटी न करे और ठीक चले 34

अँतरा स. ना. भव (अंतर संज्ञा; सं. अन्तर + इ; प्रा. अंतर; दे. इआलें 370) भीतर करना; अलग करना. गुज. आंतर 'अलग करना; घेरना' 35

अँथय अ. दे. 'अथा' 36

अँदा. स. देश. बचाना, संपर्क न होने देना 37

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अँधेर स. ना. भव (अँधेरा संज्ञा; सं. अन्धिकार संज्ञा; दे इआलें 386) अंधेर करना; अँधेरा करना. तुल. गुज. अंधारुं संज्ञा 38

अँसुआ अ. ना. भव (आंसू संज्ञा; सं. अश्रु; प्रा. अस्सु; दे. इआलें 919) आंसू बहाना, रोना तुल. गुज. आंसु संज्ञा 39

अउलग अ. भव (सं उल्+लङ्घ; प्रा. उल्लंघ) उल्लंघन करना; प्रवास करना. गुज. ओळंग 40

अउहेर अ. भव (सं. अव+हेल; प्रा. अवहेल्) अवज्ञा या अवहेलना करना. गुज. अवहेल 41

अऊल अ. देश. तप्त होना, जलना; स. गरम करना 42

अएर स. भव (सं. अंगीकर्; प्रा. अंगिअ ; दे. पृ. 24 मा. हि. को) अँगीकार करना, ग्रहण करना 43

अक अ. देश. (दे. पृ. 10, दे. श. को.) घबड़ाना; उकताना 44

अकचका अ. अनु. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 95 हि. दे. श.) चकित होना; इक्का-बक्का होना 45

अकड़ अ. ना. देश. (अकड़ संज्ञा; दे. इआलें 1013) सूखकर कडा होना; घमंड करना. गुज. अकडा 46

अकन अ. भव (सं. आ+कर्ण; प्रा. आ-अण्ण , आकण्ण ; दे. इआलें 1001) सुनना, ध्यान देना 47

अकबका अ. ना. अनु. (अकबक संज्ञा) चकित होना; घबराना; अकबक या व्यर्थ की बातें करना 48

अकरख स. देश. आकृष्ट करना; तानना 49

अकस अ. देश. बराबरी बरना, बैर करना वि. अर. अक्स संज्ञा 'बैर' 50

अकाज स. ना. भव (अकाज संज्ञा; सं. अकार्य; प्रा. अकज्ज; ह. भा.) हानि करना; अ. नष्ट करना 51

अकुता अ. दे. 'उकता' 52

अकुला अ. ना. भव (आकला विशे; सं. आकुल; दे. इआलें 1012) घबड़ाना, विह्वल होना. गुज. अकळा 53

अकोस स. देश. कोसना, भला–बुरा कहना 54

अखर अ. देश. खलना, बुरा लगना 55

अखाँग स. देश. प्रहार करना, मारना 56

अखार स. भव (सं. आ + क्षल्; अक्खाल्; 'पखार' के आधार से द्विरुक्त प्रयोग – ह. भा.) पखारना 57

अखुट अ. ना. देश. (प्रा. अखुट्ट, अखुट्टिअ विशे; दे. पृ. 16 पा. स. म.) समाप्त न होना 58

अगट अ. देश. एकत्र होना 59

अगम अ. ना. अर्धसम (आगमन संज्ञा; सं. आगमन) आगमन होना, आना 60

*अगर अ. भव (सं. अग्र + ल्; प्रा. अग्गल विशे; ह. भा.) आगे बढ़ना; आगे आगे चलना 61

*अगरा स. दे. 'अगर'. मन बढ़ाना; अ. प्यार से धृष्टता करना 62

अगव (1) अ. ना. भव (अगुआ विशे; सं. अग्र; प्रा. अग्ग; ह. भा.) कोई काम करने के लिए आगे बढ़ना; अगवानी करना (2) सहना, अंगेजना, दे. 'अँगव' 63

अगसर अ. ना. अर्धसम (अगसर क्रि. वि.; सं. अग्रसर दे. पृ. 37 मा. हि. को. प्रा. अग्गसर; ह.भा.) अग्रसर होना, आगे बढना 64

अगिया अ. ना. भव (आग संज्ञा; सं. अग्नि प्रा. अग्गि, दे. इआलें 55) गरम होना; उत्तेजित होना; स. बरतन को आग में डालकर शुद्ध करना. गुज. तुल. आग संज्ञा 65

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अगुआ स. ना. भव (आगे अन्य; सं. अग्र; प्रा. अग्ग; दे. इआलें 68) अगुआ बनना; अ. आगे जाना तुल. गुज. आगेवानी संज्ञा 'अगुआनी' 66

अगुता अ. देश. उकताना 67

अगुसर अ. ना. अर्धसम (अगसर क्रि. वि; सं. अग्रसर प्रा. अग्गसर; दे. पृ. 39, मा. हि. को.) दे. 'अगसर' आगे बढना 68

अगूठ स. देश. चारों ओर से घेरना, घेरा डालना 69

अगोट (1) स. देश. आड़ करना; चारों ओर से घेरना; अ. ठहरना; फँसना
(2) स. देश. अंगीकार करना; चुनना 70

अगोर स. ना. (आगल संज्ञा; अगला विशे. सं. अग्र अव्य; प्रा. अग्गल, दे. इआलें 68) रखवाली करना, बाट जोहना 71

अघा अ. भव (सं. आ+घ्रा; प्रा. अग्घाइज्जु; अग्घाइ; दें. इआलें 1062) भरपेट भोजन करना; तृप्त होना; छकना 72

अघ्रान स. ना. सम (सं. आघ्राण) गंध लेना, सूंघना 73

अच स. दे. 'अचा' 74

अचकचा अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 96, हि. दे. श.) भौचक्का होना, चौंक उठना 75

अचय स. दे. 'अचा' 76

अचव स. दे. 'अचा' 77

अचा स. भव (सं. आ+चम्; प्रा. आयाम्; दे. इआलें 1069) आचमन करना. गुज. आचम 78

अछक अ. ना. देश (अछक विशे.) तृप्त न होना, न छकना 79

अछता-पछता अ. अनु. बार बार पछताना या खेद करना 80

अछवा स. भव (अच्छा विशे; सं. अच्छ, प्रा. अच्छ; ह. भा.) साफ करना; सँवारना 81

अजमा स. दे. 'आजमा' 82

अजोर (1) स. ना. भव (अँजोरा संज्ञा; सं. उज्ज्वल; दे. पृ. 10 मा. हि. को.) प्रकाशित करना
(2) स. ना. भव (अँजुरी संज्ञा; सं. अंजलि; दे. पृ. 10, मा. हि. को.) बटोरना; अंजुली में भरना या लेना 83

अट (1) अ. देश. (अट्टट; दे. इआलें 178) समाना; जुडना
(2) अ. भव (सं. अट्ट; प्रा. अट्ट, अट्टट; दे. पृ. 25, पा. स. म. तथा पृ. 83 हि. त. श.) भ्रमण करना. गुज. अट 84

अटक अ. ना. देश (अटक संज्ञा;*अट्टट; दे. इआलें 182) रुकना; उलझना. गुज. अटक 85

अटकर स. दे. 'अटकल' 86

अटकल स. ना. देश. (अटकल संज्ञा;*अट्टटकला; दे. इआलें 183) अनुमान करना. गुज. अटकळ 87

अटपटा अ. ना. अनु. (अटपटा विशे.; पृ. 53 दे. मा. को.) अटकना; हिचकना 88

अटा अ. दे. 'अट' 89

अटेर स. देश. (आँटी;*अट्टट; दे. इआलें 181 तथा 1414) सूत की आँटी बनाना; लपेटना गुज. अटेर 90

अठला अ. दे. 'इठला' 91

अठव अ. देश. जमना, ठनना 92

अठा (1) अ. ना. भव (आठ विशे. सं. अष्ट; प्रा. अट्ठ; दे. इआलें 941) आठ (प्रथाओं) से युक्त होना
(2) स. दे. 'अठव' 93

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अठिला अ. दे. 'इठला' 94

अड़ अ. देश. (*अड; दे. इआलें 187; प्रा. अड्ड विशे; पा. स. म.) अटकना. गुज. अड स. 'छूना'; अडक 95

अड़का स. दे. 'अड़ 96

अडप स. देश. डाँटना–डपटना 97

अड़रा अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 96, हि. दे. श.) जहाँ–तहाँ बातें करते फिरना; अभिमान दिखाना 98

अड़ा स. ना. देश. (आड़ संज्ञा, पृ. 57, दे. मा. हि. को.) आड से मार्ग रोकना; उलझाना 99

*अड़ार स. देश. डालना; देना 100

*अडूल स. देश. (दे. पृ. 12, दे. श. को.) ढालना, उड़ेलना 101

अढ़ अ. देश. लगना 102

अढव स. देश. आज्ञा देना 103

अढुक अ. देश. ठोकर खाना; सहारा लेना 104

अतीत अ. ना. सम (अतीत विशे; सं. अतीत) बीतना; गुजरना 105

*अतुरा अ. ना. सम (आतुर विशे.; सं. आतुर) आतुर होना, जल्दी मचाना गुज. तुल. आतुर विशे. 106

*अथ अ. दे. 'अथा' 107

अथय अ. दे. 'अथा' 108

अथव अ. दे. 'अथा' 109

अथा (1) अ. भव (सं. अस्त, एति; प्रा. अत्थम् ; दे. इआलें 976) अस्त होना गुज. आथम (2) स. देश. थाह लेना; ढूँढना 110

अदरा अ. ना. सम (आदर संज्ञा; सं. आदर) आदर–मनुहार से गर्ववृद्धि होना गुज. आदर 'शुरू करना' 111

अदबदा अ. ना. देश (अ. व्यु. दे. पृ. 97, हि. दे. श.) हठ करना 112

अद्धय स. न. अर्धसम (सं. अध्ययन; पृ. 70 मा. हि. को.) अध्ययन करना; पढ़ना 113

*अधिका स. ना. सम (अधिक विशे; सं. अधिक) अधिक होना. गुज. तुल. अदकुं विशे. 'अधिक' 114

अधिया स. ना. भव (आधा विशे; सं. अर्ध; प्रा. अद्ध; दे. इआळे 644) आधे आध बाँट लेना. गुज. तुल. अधुसार 115

अधीज अ. ना. भव (अधीज संज्ञा; सं. अधैर्य; अर्धज्ज; —ह. भा.) अधीर होना 116

*अधीन अ. ना. सम (सं. अधीन विशे. दे. पृ. 80, मा. हि. को.) अधीन होना; स. अपने अधीन करना 117

*अनंग अ. ना. सम (सं. अनंग विशे.) बेसुध होना, विदेह होना 118

अनंद अ. ना. सम (सं. आनंद संज्ञा) आनंदित होना गुज. आनंद 119

*अनक स. भव (सं. आ + कर्ण; प्रा. आकण्णन; दे. 85 मा. हि. को.) सुनना, चुपचाप सुनना 120

अनख अ. दे. 'अनखा' 121

अनखा अ. देश. (प्रा. अणक्ख) दुष्ट होना, खीझना; स. रुष्ट करना, खिझाना. गुज. अणख 122

अनग अ. देश. जानबूझकर देर लगाना; टूटे या टपकते हुए खपरैल की मरम्मत करना 123

अनगव अ. दे. 'अनग' 124

अनगा अ. दे. 'अनग' स. (केश आदि) सुलझाना 125

*अन स. दे. 'आन' 126

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अनभव अ. दे. 'अनुभव' 127

*अनमोल स. अर्धसम (सं. उद् + मिल् से. दे. पृ. 91, मा. हि. को.) आँखें खोलना, खिलना 128

*अनर स. ना. देश. अनादर करना 129

*अनरस अ. देश. उदास होना, खिन्न होना 130

अनवाँस स. देश. नये बरतन आदि को प्रथम बार काम में लाना 131

*अनसा अ. देश. झुंझलाना; क्रुद्ध होना 132

अनुकूल अ. ना. सम (सं. अनुकूल विशे.) प्रसन्न होना; मुआफिक होना 133

*अनुभव स. ना. सम (अनुभव संज्ञा; सं. अनुभव) अनुभव करना; बोध करना. गुज. अनुभव 134

*अनुमान स. ना. सम (अनुमान संज्ञा; सं. अनुमान) अनुमान करना, सोचना. गुज. तुल. अनुमान संज्ञा 135

अनुमाप स. ना. सम. (अनुमापन संज्ञा; सं. अनुमापन) अनुमान या कल्पना करना; समझना 136

*अनुराग स. ना. सम (अनुराग संज्ञा; सं. अनुराग) प्रेम करना; अ. अनुरागयुक्त होना. गुज. तुल. अनुराग संज्ञा 137

*अनुराध स. ना. सम (अनुराध संज्ञा; सं. अनुराध) बिनती करना 138

अनुरूप स. ना. सम (अनुरूप विशे; सं. अनुरूप) सदृश बनाना. गुज. तुल. अनुरूप विशे. 139

अनुसंधान स. ना. सम (अनुसंधान संज्ञा; सं. अनुसन्धान) ढूँढ़ना; विचारना. गुज. तुल. अनुसंधान संज्ञा 'संधान' 140

अनुसर स. भव (सं. अनु + सृ; प्रा. अणुसर; दे. इआलें 338) अनुसरण करना. गुज. अनुसर 141

अनुसार स. दे. 'अनुसर' 142

*अनुहर स. भव (सं. अनु + हृ; प्रा. अणुहर; दे. इआलें 341) – के समान दीखना; नकल करना 143

अनुहार स. दे. 'अनुहर' 144

अनैस अ. ना. देश. (अनेस विशे.) रूठना, अप्रसन्न होना 145

अन्हा अ. भव (सं. स्ना, प्रा, ण्हा; ह. भा.) नहाना. गुज. नहा 146

अपड अ. देश. पहुँचना 147

अपडर अ. ना. भव (अपडर संज्ञा; स. दर; प्रा. डर; ह. भा.) डरना, शंकित होना 148

अपड़ा अ. देश. खींचातानी करना, झगड़ना; स. पहुँचाना 149

अपना स. ना. भव (अपना सर्व, सं. आत्मनः प्रा. अप्पणो; दे. इआलें 1135) स्वीकार कर लेना; अपना बना लेना. गुज. अपनाव 150

*अपमान स. ना. सम (अपमान संज्ञा; सं. अपमान) अपमान करना. गुज. तुल. अपमान संज्ञा 151

अपस अ. देश. भागना; चुपके से चल देना 152

*अपसव अ. दे. 'अपस' 153

अपसोस अ. ना. वि. भव (अपसोस संज्ञा; फा. अफसोस) अफसोस करना. गुज. तुल. अफसोस संज्ञा 154

अपसौ अ. देश. जाना; प्राप्त होना 155

अपहर स. ना. सम (अपहरण संज्ञा, सं. अप हृ +) अपहरण करना गुज. अपहर 156

अपुट्ठ अ. देश. पीछे लौटना, वापस आना 157

अपूठ स. देश. नष्ट करना, चीरना – फाड़ना 158

अपूर स. भव (सं. आ + पृ, प्रा. आपूर, दे. इलालें 1231) भरना 159

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्प स. ना. भव (सं. ऋ, प्रा. अप्पू) अर्पण करना, देना. गुज. आप 160

अफना अ. दे. 'उफुना' 161

अफर अ. भव (सं. आ + स्फ , दे. इआलें 1527) जी भर खाना, पेट फूलना. तुल. गुज. आफर, आफरो संज्ञा 162

अफरा अ. दे. 'अफर' 163

अफ्फ स. दे. 'अप्प' अर्पित करना. देना 164

अबुहा अ. दे. 'अभुआ' 165

अभिनंद अ. ना. सम (अभिनंदन संज्ञा, सं. अभि + नंद्) अभिनंदन करना. गुज. अभिनंद 166

अभिर अ. दे. 'अभेर' भिड़ना, सहारा लेना 167

अभिलाख अ. ना. अर्धसम (अभिलाख संज्ञा, सं. अभिलाष) इच्छा करना. गुज. अभिलाख 168

अभिसर अ. ना. सम (अभिसरण संज्ञा, सं. अभि + सृ) जाना, संकेत स्थल पर प्रिय से मिलने के लिए जाना. गुज. अभिसर 169

अभिसार अ. दे. 'अभिसर' 170

अभुआ अ. अनु. ('अभू अभू' से अनु. दे. पृ. 157, मा. हि. को.) सिर हिलाना और हाथ-पैर पटकना, जिससे सिर पर भूत का आना समझा जाता है. तुल. गुज. आभुं विशे. 'चकित, स्तब्ध' 171

अभेर स. देश. (प्रा. अभिड) संयुक्त करना, मिलाना तुल. गुज. भेलव 172

अमा अ. भव (सं. उन् + मा; दे. इआलें 2124) समाना, अँटना 173

अमात स. भव (सं. आ + मन् ; प्रा. आमंत्) आमंत्रित करना, न्योतना गुज. आमंत्र 174

अमाव अ. दे. 'अमा' 175

अमेज स. ना. वि. (आमेज विशे. फा. आमेजन) मिलाना; अ. मिलना. गुज. तुल. आमेज विशे. 176

अमेठ स. देश. उमेठना 177

अमैठ स. दे. 'अमेठ' 178

अरंभ अ. ना. सम (आरंभ संज्ञा; सं. आ + रम्भ्) बोलना, आरंभ करना; स. आरंभ करना. गुज. आरंभ 'आरंभ करना' 179

अर (1) अ. दे. 'अड़'
(2) अ. देश. (दे. पृ. 13, दे. श. को.) शीघ्रता करना 180

अरक अ. अनु. (दे. पृ. 172, मा. हि. को.) टकराना; दरकना. तुल. गुज. अड 181

अरगा अ. दे. 'अलगा' अलग होना; चुप्पी साधना 182

अरच स. ना अर्धसम (अर्चन संज्ञा; सं. अर्च्) अर्चन करना. गुज. अर्च 183

अरज (1) स. ना. अर्धसम (अर्जन संज्ञा; सं. अर्ज्) अर्जन करना
(2) स. ना. वि. (अर्ज संज्ञा; का अर्ज) अरज करना 184

अरझ अ. दे. 'अरुझ' 185

अरड़ अ. भव (सं. आ + रट्, प्रा. आरड्, दे. इआलें 1302) चीखना, चिल्लाना. गुज. आरड़, अराड 186

अरथा स. ना. अर्धसम (अरथ संज्ञा, सं. अर्थ) समझाकर कहना, व्याख्या करते हुए कहना 187

*अरद स. ना. अर्धसम. मसलना, मसल-कुचल-कर मार डालना 188

अरप (1) स. अर्धसम (सं. अर्प्) अर्पण करना गुज. अर्प
(2) अ. देश. अ. व्यु. दे. पृ. 98, हि. दे. श.) आरूढ़ होना, चढ़ना 189

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अरबर अ. दे. 'अरबरा' 190

अरबरा अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 98, हि. दे. श. अनु. दे. पृ. 174, मा. हि. को.) गड़बड़ाना, लड़खड़ाना, घबड़ाना. गुज. तुल. अडवड 'लड़खड़ाना' 191

अरर स. अनु. (दे. पृ. 174, मा. हि. को.) कुचलना, पीसना, बुरी तरह से नष्ट करना 192

अरर-दरर स. अनु. पीसना, दलना 193

अररा अ. ना. अनु. (अरर अव्य, दे. पृ. 174, मा. हि. को.) अरर शब्द करते हुए सहसा गिरना या टूटना 194

*अरस अ. देश. ढीला या सुस्त लगना 195

*अरस-परस स. ना. भव (सं. परस्पर अव्य. से सम्बद्ध, ह. भा.) छूना, आलिंगन करना. तुल. गुज. अरस-परस अव्य. 196

*अरसा अ. दे. 'अरस' 197

*अरह स. ना. अर्धसम (अर्हण संज्ञा, सं. अर्ह) आराधना करना, पूजा करना 198

अराड़ अ. देश. (अ. व्यु. पृ. 98, हि. दे. श. तथा पृ. 13, द. श. को.) पशुओं का गर्भ-स्राव होना 199

*अराध स. ना. सम (आराधना संज्ञा; सं. आ + राध्) आराधना करना; मन में किसी का ध्यान करके कुछ मनाना गुज. आराध 200

*अरिया स. ना. अनु. भव (अरे अव्य. सं. अरे; प्रा. अरे) 'अरे' कहकर, तिरस्कारपूर्वक बातें करना. तुल. गुज. अरे अव्य. 201

अरुगा अ. देश. अच्छी तरह समझाकर कोई बात कहना 202

अरुझ अ. दे. 'उलझ' 203

*अरुना अ. ना. भव (अरुन विशे. सं. प्रा. अरुण) अरुण या लाल होना, स. अरुण या लाल करना. तुल. गुज. अरुण विशे. 204

*अरुर अ. देश, (अ. व्यु. दे. पृ. 48, हि. दे. श.) सिकुड़ना, बल खाना 205

*अरुरा अ. दे. 'अरुर' 206

*अरूझ अ. देश. उलझना 207

*अरूर (1) अ. देश. व्यथित होना (2) अ. दे. 'अरुर' 208

*अरूल अ. देश. छिलना, छिदना 209

अरेर स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 48, हि. दे. श.) रगड़ना 210

अरेह स. देश. रगड़ना, दे. 'रेह' 211

अरोंध स. दे. 'आरोध' 212

अरोग अ. दे. 'आरोग' 213

अरोह अ. भव (सं. आ + रुह्, प्रा. आरोह्, दे. इआलें 1335) सवार होना, चढ़ना गुज. आरोह 214

अर्थ स. सम (सं. अर्थ्) याचना करना, माँगना. गुज. तुल. अर्थे अव्य. 'के लिए' 215

अर्था स. दे. 'अरथा' 216

अर्द अ. ना. सम (सं. यर्द्) कष्ट देना, स. दूर करना 217

अर्प स. सम दे. 'अरप' 218

अर्रा अ. अनु. (दे. पृ. 185, मा. हि. को.) चिल्लाना, व्यर्थ की बातें करना 219

अलगा स. ना. भव (अलग विशे. सं. अलग्न, प्रा. अलग्ग, दे. इआलें 10893) अलग करना, छाँटना, अ. अलग होना. गुज. तुल. अलग विशे. 220

अलबला अ. दे. 'अरबरा' 221

अलला अ. अनु. (ह. भा.) बहुत जोर से. चिल्लाना 222

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अलस अ. ना. सम (अलस विशे. सं. अलस) थकावट या सुस्ती मालूम होना. गुज. आळस 223

अलसा अ. दे. 'अलस' 224

अलाप अ. ना. सम (आलाप संज्ञा, सं. आलाप) गाने के समय लंबा स्वर खींचना, बात करना. गुज. आलाप 225

अलुझ अ. दे. 'उलझ' 226

अलुट अ. देश. (*आ + लोर्तृ, दे. इआलें 1407) लोटना, लड़खड़ाना गुज. आळोट 'लोटना' 227

अलोक (1) स. ना. सम (आलोक संज्ञा, सं. आलोक) प्रकाशित या प्रकाश से युक्त करना, अ. आलोक से युक्त होना. गुज. आलोक (2) स. अर्धसम (सं. अव + लोक्) अवलोकन करना, देखना. गुज. आलोक 228

अलोप अ. देश. लुप्त होना. तुल. गुज. अलोप विशे. 229

अल्ला अ. दे. 'अलला' 230

*अव अ. देश. 230 A

अवकल अ. ना. सम (अवकलन संज्ञा, सं. अव + कल्) ज्ञान होना, समझ में आना 231

अवगत स. ना. सम (अवगत विशे. सं. अव+गम्) सोचना. गुज. तुल. अवगत विशे. 232

*अवगाध स. दे. 'अवगाह' 233

अवगार स. दे. जतलाना, समझाना, बुरा-भला कहना 234

अवगाह (1) ना. सम (अवगाहन संज्ञा, सं. अव + गाह्) थहाना, अ. डुबकी लगाना. तुल. गुज. अवगाहन संज्ञा (2) बिलोड़ना, हलचल मचाना 235

अवज्ज स. देश. पुकारना, अ. जोर का शब्द करना 236

अवट अ. ना. भव (सं. आवर्तन, प्रा.आवट्टन, दे. पृ. 196, मा. हि. को.) व्यर्थ घूमना या मारे-मारे फिरना दे. औट. 237

अवडेर स. देश. किसी का डेरा इस प्रकार उजाड़ना कि उसे भागकर दूर जाना पडे, झंझट में डालना 238

अवतर अ. ना. सम (अवतार संज्ञा, सं. अव + तृ) अवतार लेना, प्रकट होना, उतरना. गुज. अवतर 239

अवधार स. ना. सम (अवधारणा संज्ञा; सं. अव + धृ) ग्रहण करना, धारण करना; मानना. गुज. तुल. अवधारणा संज्ञा 240

*अव अ. देश. आना, आस्तित्व में आना 241

अवमान अ. सम (अवमान संज्ञा; सं. अव + मन्) अवमान करना. गुज. अवमान 242

*अवराध स. ना. (अवराधन संज्ञा; सं. अव + राध्) पूजा करना 243

अवरेख स. अर्धसम (सं. अवलेखन) उरेहना; तसवीर खींचना; देखना 244

अवरोध सं. ना. सम (अवरोध संज्ञा; सं. अव + रुध्) रोकना; बाधा डालना. गुज. अवरोध 245

अवरोह अ. ना. सम (अवरोह संज्ञा; सं. अव + रुह्) उतरना; चढ़ना स. रोकना, अंकित करना. गुज. तुल अवरोह संज्ञा 246

अवलंघ स. ना सम (अवलंघन संज्ञा; सं. अव + लङ्घ) लाँघना 247

*अवलंब स. ना. सम (अवलंब संज्ञा; सं. अव+लम्ब्) आश्रय लेना, गुज. अवलंब 248

अवलच्छ स. अर्धसम (सं. उप + लक्ष्) देखना 249

अवलेख स. ना. सम (अवलेखन संज्ञा; सं. अव + लिख्) खुरचना; चिह्न करना 250

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवलेप अ. ना. सम (अवलेप संज्ञा; सं. अव + लिप् अपने आपको दूसरों से बहुत बढ़ाचढ़ा समझना; किसी पर दोष लगाना. गुज. तुल. अवलेप संज्ञा 251

अवलोक स. ना. सम (अवलोकन संज्ञा; सं. अव + लोक्) देखना. गुज. अवलोक 252

*अवलोच स. ना. अर्धसम (सं. आलोचन संज्ञा) निवारण करना; दूर करना 253

*अवसाद अ. ना. सम (अवसाद संज्ञा; सं. अव + सद्) अवसाद से युक्त होना; स. किसी को अवसाद से युक्त करना 254

*अवाँग स. ना. अर्धसम (अवाँग विशे. सं. अवाङ्) नीचे की ओर मोड़ना या झुकाना 255

अवसेर स. ना. अर्धसम (अवसेर संज्ञा; सं. अवसेर विशे.) उलझाना; बेचैन करना; अ. विलंब करना 256

अवांस स. दे. 'अनवाँस' 257

अवार स. ना. अर्धसम (अवार संज्ञा; सं. वृ.) रोकना, वारण करना; स. वारना – निछावर करना 258

अविलोक स. दे. 'अवलोक' 259

असंध स. ना. अर्धसम (सं. संधि संज्ञा) अलग करना 260

असकता अ. ना. अर्धसम (सं. अशक्त विशे.) आलस्य अनुभव करना 261

असीस स. ना. भव (असीस संज्ञा; सं. आशिष; प्रा. आसिसा, असीसा; दे. इआलें 1457) आशिष देना 262

अस्वीकार स. ना. सम (अस्वीकार संज्ञा; सं. अस्वीकार) स्वीकार न करना. गुज. अस्वीकार संज्ञा 263

*अह अ. देश. वर्तमान रहना, होना 264

*अहक स. ना. अर्धसम (अहक संज्ञा; सं. ईहा संज्ञा) कामना करना 265

अहट अ. दे. 'अहुट' 266

अहटा (1) अ. ना. देश (आहट संज्ञा) आहट लेना (2) अ. देश. दुखना 267

अहर स. देश. लकड़ी को छीलकर सुडौल करना 268

अहल अ. देश (*हल्ल; प्रा. आहल्ल; दे. इआलें 1542) हिलना, काँपना 269

अहार (1) स. दे. 'अहर'
(2) स. ना. भव (अहार संज्ञा; सं. आहार; प्रा. आहार) आहार करना; लेई लगाकर लसना. गुज. आहार 'आहार करना' 270

*अहिघुट्ट स. ना. अर्धसम (सं. अभिघट्टनम् दे. पृ. 236, मा. हि. को.) अभिघटित करना 271

*अहुट अ. देश. हटना, अलग होना 272

आंक स. ना. भव (अंक संज्ञा; सं. अङ्क संज्ञा दे. इआलें 140) निशाना लगाना; अनुमान करना. गुज. आंक 273

आँच स. ना. भव (आँच संज्ञा; सं. अर्चि; प्रा. अच्चि संज्ञा) जलाना, तपाना. गुज. आंच संज्ञा 274

आंज अ. भव (सं. अञ्जू; प्रा. अंज; दे. इआलें 169) अंजन लगाना. गुज. आंज 275

आँट अ. दे. 'अँट' स. देश. (दे. पृ. 278, छ. का. उ.) कसना 276

आंदोल स. सम. (सं. आ + दुल; प्रा. आंदोल; दे. इआलें 384) झूलना. गुज. आंदोलन संज्ञा 277

आँध अ. ना. देश. (आँधी संज्ञा) हल्ला बोलना, टूट पड़ना 278

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आँवड़ अ. देश. उमड़ना, बह निकलना 279

आँस अ. ना. देश. (आँस संज्ञा) खटकना, चुभना 280

आ अ. भव (सं. आ + या; प्रा. आव; दे. पा. स. म.; तुल. इआलें 1045, 1288, 2534) एक जगह से चलकर दूसरी जगह पहुँचना; लौटना. गुज. आव 281

*आकरख स. ना. अर्धसम (सं. आकर्षण) आकृष्ट करना, खींचना. गुज. आकर्ष 282

*आकरस स. ना. अर्धसम (सं. आकर्षण) आकृष्ट करना. गुज. आकर्ष 283

आकर्ष स. सम (सं. आ + कृष्) खींचना. गुज. आकर्ष 284

आख स. भव (सं. आ + ख्या; प्रा. अक्ख; दे. इआलें 1041) कहना. गुज. आख 'बोलना' 285

आगम अ. ना. अर्धसम (आगमन संज्ञा; सं. आ + गम्) आना 286

आघ अ. दे. 'अघा' 287

आछ अ. भव (सं. आ + क्षि; प्रा. अच्छ; दे. इआलें 1031) होना, मौजूद होना. तुल. गुज. छे क्र. 'है' 288

आज स. देश. बिछाना 289

आज़मा स. ना. वि. (आजमाइश संज्ञा; फा. आजमूदन) जाँच करना; परीक्षा के लिए प्रयोग करना. गुज. अजमाव 290

आट स. दे. 'अट' 291

आड़ स. ना. देश. (आड़ संज्ञा * अड्ड? दे. इआलें 189)

(1) सेकना; बाँधना

(2) स्त्रियों का शोभा के लिए आपने मुख पर विशेष ढंग से बिंदियाँ लगाना; आड चितरना. तुल. गुज. आडुं विशे. आड संज्ञा 292

आण स. दे. 'आन' 293

आतुरा अ. दे. 'अतुरा' 294

आथ अ. भव (सं. अस्; प्रा. अत्थि; दे. पृ. 262; मा. हि. को.) होना 295

आदर अ. ना. भव (आदर संज्ञा; सं. आ + दृ; प्रा. तुल. आअर; दे. इआलें 1161) आदर होना. गुज. आदर 'शुरू करना'; आदर संज्ञा 296

आनंद अ. दे. 'अनंद' 297

आन स. भव (सं. आ + नी; प्रा. आण; दे. इआलें 1174) लाना. गुज. आण 298

आपूर अ. दे. 'अपूर' 299

आम अ. देश. आना 300

आमरख अ. ना. अर्धसम (आमरख संज्ञा; सं. आ + मृष्) क्रोध करना 301

आमेज स. दे. 'अमेज' 302

आरंभ स. भव (सं. आ + रभ्; प्रा. आरभ संज्ञा; दे. इआलें 1305) आरंभ करना अ. आरंभ होना. गुज. आरंभ 303

*आराध स. सम. (सं. आ + राध्) आराधना करना. गुज. आराध 304

आरूंध स. अर्धसम (स. आ + रुध्; दे. इआलें 1325) गला दबाना 305

आरोग स. देश. (आरोग संज्ञा; सं. अरोग्य; प्रा. आरोग्ग; दे. पृ. 118 पा. स. म.) भोजन करना. गुज. आरोग 306

*आरोध स. ना. अर्धसम (आरोध संज्ञा; सं. आ + रुध्) बाधा या रुकावट खड़ी करना, काँटों की बाढ़ लगाना. गुज. तुल. अवरोध 307

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

*आरोप स. ना. सम (आरोपण संज्ञा; आ + रुह् आरोपण करना, लगाना. गुज. आरोप 308

आरोह अ. ना. सम (आरोहण संज्ञा; सं. आ + रुह्) ऊपर चढ़ना. गुज. आरोह 309

आलाप अ. दे. 'अलाप' 310

आलिंग स. ना. सम (आलिंगन संज्ञा; सं. आ + लिंग्) गले लगाना, भेंटना. गुज. आलिंग 311

आलुझ अ. देश. उलझना 312

आलोड़ स. भव (सं. आ + लुड्; प्रा. आलोड्; दे. इआलें 1393) मथना गुज. आलोडन संज्ञा 313

आवट (1) स. दे. 'औट'

2) स. ना. भव (सं. आवर्त्त; प्रा. आवट्ट; दे. पृ. 287, मा. हि. को.) उलटना–पलटना; उहापोह या संकल्प–विकल्प करना 314

आवर स. ना. अर्धसम (आवरण संज्ञा; सं. आ + वृ; प्रा. आवर्; दे. इआलें 1414) आवरण से युक्त करना; अ. आवृत्त होना. गुज. आवर 315

आवाह स. ना. भव (आवाहन संज्ञा; सं. अ + वह्; प्रा. आवाह् दे. इआलें 1435) आमंत्रित करना. गुज. आवाह 316

*आष स. देश. आखना 317

आस अ. देश. होना 318

*आसर स. अर्धसम (सं. आ + शर्; दे. इआलें 1445) आश्रय लेना. गुज. आसरो संज्ञा 319

आहूला अ. भव (सं. आ + हूलाद्; प्रा. तुल. आहूलाय संज्ञा; दे. इआलें 1549) आहूलाद होना. गुज. आहूलाद 320

इँच अ. दे. 'एच' 321

इँछ स. देश. इच्छा करना. गुज. इच्छ 322

इखर अ. अनु. (बिखरना का अनु. दे. पृ. 305, मा. हि. को.) इखरना–बिखरना 323

इचक अ. देश. (दे. पृ. 15, दे. श. को.) क्रोध से दाँत या खीस निकालना 324

*इच्छ स. सम. (सं. इच्छ्) इच्छा करना, गुज. इच्छ 325

इछ स. दे. 'इच्छ' 326

इठला अ. ना. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 101, हि. दे. श.) ऐंठ या बड़प्पन दिखाना, इतराना गुज. तुल. एंट 'गर्व करना' 327

इतरा अ. ना. भव (सं. इत्वर संज्ञा; प्रा. इत्तर; दे. इआलें 1566) गर्व से ऐंठना, इठलाना 328

ईंच स. दे. ऐंच 329

*ईख स. भव (सं. ईक्षण, प्रा. इक्खन; दे. पृ. 313, मा. हि. को.) देखना 330

*ईछ स. दे. 'इछ' 331

ईठ स. देश. चाहना; अ. इष्ट या वांछित होना 332

उँगला स. ना. भव (उँगल संज्ञा; सं. अङ्गुल; प्रा. अंगुल; दे. इआलें 134) तंग करना 333

उंच (1) स. भव (सं. उद् + अञ्चू; प्रा. उदंचू; दे. इआलें 1924) अदवान कसना

(2) अ. दे. 'उच' 334

उझ अ. देश. उलझना 335

उँडेर स. दे. 'उडेल' 336

उँडेल स. दे. 'उडेल' 337

उँदल स. दे. 'उडेल' 338

उँदाल स. दे. 'उडेल' 339

उअ अ. देश. उगना 340

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

*उकच अ. देश. उखड़ना; हट जाना 341

उकट स. भव (सं. उत्+कृत्; प्रा. उक्कत्त्; दे. इआलें 1712) उघाटना; कोसना 342

उकठ अ. देश. सूखकर ऐंठ जाना 343

उकढ़ अ. भव (सं. उत्+कृष्ट; प्रा. उक्कड्ढ; ह. भा.) कढ़ना – बाहर निकलना 344

उकता अ. देश. ऊबना; अधीर होना 345

उकळ (1) अ. देश (* उत्कळ्; दे. इआलें 1716) उबलना. गुज. ऊकळ
(2) दे. 'उकेल' 346

उकस अ. भव (सं. उत्+कृष्; प्रा. उक्करिस्; दे. इआलें 1715 तथा 1718) उभरना; अंकुरित होना. गुज. उकांस 347

उकिल अ. दे. 'उकळ् (2)'

उकेल स. भव (सं. उत्+ किळ्; प्रा. उक्केल्ला-विय विशे; दे. इआलें 1734) खोलना, उधेड़ना. गुज. उकेल 349

उकीर स. देश. खोदकर निकालना; उभाड़ना 350

*उकुस स. दे. 'उकस' 351

उखट स. देश; खोंटना; कुतरना; अ. लड़खड़ाना 352

उखड अ. दे. 'उखाड' 353

उखर अ. दे. 'उखड़' 354

उखाड स. भव (सं. उत्+कृष्ट; दे. पृ. 139 हि. वि. अ. यो.) गड़ी, जमी, बैठायी हुई चीज को अपनी जगह से हटा देना, नष्ट करना. गुज. उखाड 355

उखाल अ. भव (सं. उत्+क्षल्; दे. इआलें 1748) कै करना 356

उखेल ख. दे. 'उरेह' 357

उग अ. भव (सं. उद्+गा; प्रा. उग्ग्; दे. इआलें 1954) उदय होना; उपजना. गुज. उग 348

उगच अ. देश. बढ़ना 359

*उगट स. दे. 'उघट' 360

उगद अ. देश. कहना 361

*उगर अ. दे. 'उगार' 362

उगल स. भव (सं. उद्+गृ; प्रा. उग्गिल्; दे. इआलें 1957, 1960) मुँह में ली हुई चीज को थूक देना. गुज. तुल. उगर 'बचना' 363

उगव स. दे. 'उग' 364

उगसा स. दे. 'उकसा' 365

उगसार स. देश. कहना; प्रकट करना 366

उगह अ. दे. 'उगाह' 367

उगार स. अर्धसम (सं. उद्+गळ्; दे. इआलें 1953) कुएँ की मिट्टी आदि निकालकर सफाई करना 368

उगाल स. दे. 'उगार' 369

उगाह स. भव (सं. उद्+ग्राह्; प्रा. उग्गाह्; दे. इआलें 1967) बहुत से लोगों से लेकर इकट्ठा करना, वसूल करना. गुज. उघराव तुल. उघराणी 370

उगिल स. दे. 'उगल' 371

उग्रह स. ना. सम (सं. उग्रह संज्ञा) छांड़ना, उगलना 372

उघट स. देश. किसी पर अपने उपकारों या उसके अपकारों की उद्धरणी करना; कोसना 373

उघड़ अ. दे. 'उघाड़' 374

उघर अ. दे. 'उघाड़' 375

उघाड़ स. भव (उद्+घाट्; प्रा. उग्घाड; दें. इआलें 1968) खोलना, अनावृत करना. गुज. उघाड 376

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उघेड़ स. दे. 'उघाड़' 377

उघेल स. देश. उघाड़ना 378

उच अ. ना. भव (सं. उच्च; प्रा. उच्च; दे. इआले 1634) उचकना, ऊपर उठना; स. उपर उठाना 379

उचक अ. भव (सं. उच्च विशे. प्रा. उच्च; दे. इआले 1634) एडी के बल खड़ा होना; उछलना; स. उठा लेना. गुज. ऊँचक स. 380

उचट अ. भव (सं. उच्चट्; प्रा. उच्चड्; दे. इआले 1635) अलग होना; भड़कना. गुज. उचेड़ 'छिलना'; तुल. उचाट संज्ञा 381

उचड़ अ. दे. 'उचट' गुज. उचड 382

उचर (1) स. दे. 'उचार'
(2) स. भव (सं. उत् + चर्; प्रा. उच्चर् दे. इआले 1641) (फोडे) उठना. गुज. ऊचर 'बोलना' 383

उचल (1) अ. भव (सं. उत् + चल्; प्रा. उच्चल्ल्; दे. इआले 1642) अलग होना (2) अ. देश. उचकना, उचटना. गुज. ऊचल 'ऊँचा होना' 384

उचा स. देश. ऊँचा करना, उठाना 385

उचार स. भव (सं. उत् + चर्; प्रा. उच्चार्; दे. इआलें 1641) उच्चारण करना, बोलना. गुज. उचार 386

उचेड़ स. दे. 'उचड़' 387

*उच्चर स. सम (सं. उत् + चर्) उच्चारण करना. गुज. उच्चार 388

*उच्छर अ. देश. उछलना 389

*उच्छल अ. सम. (सं. उद् + शल्) उछलना 390

*उछक अ. देश. चौंकना; होश में आना 391

उछट अ. देश. उचटना 392

*उछर अ. देश. उछलना गुज. ऊछळ 393

उछल अ. भव (सं. उत् + शल्; प्रा. उच्छल्; दे. इआले 1843) तेजी के साथ नीचे से ऊपर उठना, गुज. ऊछळ 394

उछाँट स. दे. 'उचाट' 395

*उछीन स. ना. भव (उच्छिन्न विशे. सं. उत् + छिद्; प्रा. उच्छिण्ण; दे. इआलें 1955) जड़ से उखाड़ना; नष्ट-भ्रष्ट करना 396

उजड़ स. देश. (*उज्जट; प्रा. तुल. उज्जाडिय विशे; दे. इआले 1661) वीरान होना; बर्बाद होना गुज. उजड 397

उजर (1) अ. ना. वि. (उम्र संज्ञा अर. दे. पृ. 325, मा. हि. को.) उजड़ना
(2) दे. उजड़ 398

उजरा स. देश. उजला करना; अ. उजला होना गुज. तुल. उजाळ 399

उजल अ. ना. भव (सं. उत् + ज्वल्; प्रा. उज्जल्; दे. इआलें 1671) (गहने आदि का) मैल साफ होना, निखरना. गुज. तुल. उजाळ स; अजवाळ 'दिया जलाना; निखारना' 400

उजार स. दे. 'उजड' 401

उजास अ. देश. प्रकाशित होना. गुज. उजास संज्ञा 402

उजिया अ. देश. उत्पन्न करना; प्रकट करना 403

*उजियार स. देश. रोशन करना; बालना 404

उजेर स. देश. उजालना 405

उज्जार स. देश. उजारना 406

उझक अ. देश. उचकना; चौंकना 407

उझप अ. देश. खुलना 408

उझर अ. देश. हटना; ऊपर की ओर खिसकना; स. उड़ेलना 409

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उझल अ. देश. (*उज्झर; प्रा. उज्झलिअ; दे. इआलें. 1676) एक बर्तन से दूसरे बर्तन में पहुँचना 410

उझाँक अ. दे. 'उझक' 411

उझिल अ. दे. 'उझल' 412

उटक स. देश. अटकल से पता लगाना; अ. अटकना 413

* उट्ठ अ. दे. 'उठ'

उठंग अ. देश. (* उपट्ठंग; दे. इआलें 2172) किसी ऊँची वस्तु का सहारा लेना; टेक लगाना. गुज. उठंग; तुल. ओठिंगण संज्ञा 415

उठ अ. भव (सं. उत् + स्था; प्रा. उट्ठ; दे. इआलें 1900) नीचे के तल या स्तर से ऊपर के तल या स्तर की ओर चलना या बढ़ना. ऊँचाई की ओर या ऊपर जाना अथवा बढ़ना गुज. ऊठ 416

उठक अ. दे. 'उठंग' 417

उड़ अ. भव (सं. उत् + डी; प्रा. उड्ड; दे. इआलें 1697) पंख के सहारे हवा में चलना-फिरना; फैलना. गुज. ऊड 418

उड़का स. देश. (दे. पृ. 16, दे. श. को.) लगाना, बन्द करना 419

उड़ास स. अर्धसम (सं. उत् + दंश; दे. इआलें 1984) (बिस्तरा आदि) समेटना 420

उडीक स. देश. प्रतीक्षा करना 421

उडेर स. दे. 'उडेल' 422

उडेल स. भव (सं. उत् + लण्ड्; प्रा. उल्लंडिअ विशे. दे. इआलें 2369) किसी तरल पदार्थ को एक पात्र से दूसरे पात्र में गिराना या डालना गुज. तुल. उलांट संज्ञा 'कलाबाजी, कूद' 423

उढ़क अ. ना. देश. ' प्रा. उड्ढंक संज्ञा; दे. पृ. 153 पा. स. म.) ठोकर खाना; सहारा लेना 424

उढ़र क. दे. 'उढ़ार' 425

उढ़ार (1) स. भव (सं. उत् + ह्वल्; दे. इआलें 2032) किसी विवाहिता को निकाल या भगा जाना

(2) स. देश. उद्धार करना 426

उदुक अ. दे. 'उहक' 427

उतपन अ. ना. अर्धसम (उत्पन्न विशे. सं. उत्पन्न दे. पृ. 125, ह. भा.) उत्पन्न होना. गुज. तुल. उतपत संज्ञा 428

उतपाट स. सम (सं. उत् + पाट्) उखाड़ना; नष्ट-भ्रष्ट करना 429

उतपात स. दे. 'उतपाद' 430

उतपाद स. अर्धसम (सं उत् + पाद्) उत्पन्न करना 431

उतपा स. दे. 'उतपन' 432

उतर अ. भव (सं. उत् + तृ; प्रा. उत्तर; दे. इआलें 1770) ऊपर से या किसी सपाटी से नीचे आना गुज. ऊतर 433

उतरा अ. देश. पानी में पड़ी हुई चीज़ का ऊपर तैरना, पानी के ऊपर आना; विपत्ति से उद्धार पाना. गुज. तुल. तर 'तैरना' 434

*उतला अ. देश. आतुर होना; उतावल करना 435

*उत्तार स. सम (सं. उत् + तृ) पार उतारना, दूर करना 436

*उत्थव स. देश. आरंभ करना; ऊपर उठना 437

*उत्साह अ. ना. सम (सं. उत्साह संज्ञा). उत्साहित होना. गुज. उत्साह संज्ञा 438

उथप स. अर्धसम (सं. उत् + स्थापू) ऊपर उठना या खड़ा करना; उखड़ना; अ. उठना गुज. उथाप 439

उथरा अ. भव (सं. उत् + स्तृ ? प्रा. उत्थर्) किंचित् उठना. उन्नत होना 440

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उथल अ. देश. डगमगाना; उलट जाना. गुज. ऊथल 441

उथाप स. दे. 'उथप' 442

उदंस स. देश. उखाड़ना; अ. उखडना 443

उदक अ. देश. उछलना–कूदना; छटकना 444

डदगर अ. ना. अर्धसम (उद्गार संज्ञा; सं. उद्गार) निकलना, उभड़ना, डकार लेना 445

उदगार स. दे. 'उदगर' 446

उदघट अ. सम. (सं उद् + घट्) प्रकट होना; उदित होना 447

उदवास स. भव (सं. उद् + वास्) किसी स्थान से हटा देना, उजाडना 448

*उदमद अ. देश. उन्मत्त होना, सुधबुध खो देना 449

*उदमान अ. देश, उन्मत्त होना 450

*उदय अ. ना. सम (उदय संज्ञा; सं. उत् + इ; प्रा. उदय; दे. इआलें 1931) उदय होना. गुज. उदय संज्ञा 451

*उदर अ. देश. विदिर्ण होना; (मेड़, दिवार आदि का) कटकर अलग हो जाना; अ. उतरना 452

*उदव अ. दे. 'उदय' 453

उदस अ. भव (सं, उद् + वस्; प्रा. *उद्दस ह. भा.) उजड़ना, उध्वस्त होना 454

*उदास (1) स. ना. सम (उदास विशे. सं. उदास) उदास होना.गुज. उदास विशे. (2) स. देश. उजाड़ना; (बस्ता) समेटना 455

उदिया अ. देश. उद्विग्न करना 456

*उद्ध अ. देश. ऊपर उठाना, उडना 457

*उद्धर स. दे. 'उद्धार' 458

उद्धार स. ना. सम (उद्धार संज्ञा; सं. उद्धार; दे. पृ. 198; ब्र. ख. तु. अ.) उद्धार करना. गुज. उद्धार 459

उधक अ. दे. 'उधड़' 460

उधड़ अ. भव (सं. उद् + धृ; प्रा. उद्धड विशे. दे. इआलें 2009 खुलना. बिखरना. गुज. उधेड स. 'चमडी उधेडना' 461

उधर अ. देश. संकट आदि से उद्धार पाना या मुक्त होना, स. उद्धार करना 462

उधरा अ. ना. देश. (उधर अव्य.) हवा के झोंके में पड़कर इधर–उधर छितराता या बिखराना; नष्ट–भ्रष्ट हो जाना 463

उधल अ. दे. 'उढ़र' 464

उधस स. देश. बिखरना; फैलना 465

उधिया अ. ना. देश. (ऊधम संज्ञा) ऊधम मचाना अ. उधड़ना गुज. ऊधम संज्ञा 466

उन स. देश. बुनना; अ. उनवना 467

उनच स. देश. चारपाई की बुनाहट को खींचकर कड़ा करना, ऐंचना 468

उनमा अ. अर्धसम (सं. उन् + मद्) उन्मत्त होना; विह्वल होना 469

उनमाथ स. अर्धसम (सं. उन्मथ) मथना 470

*उनमान अ. देश. अनुमान करना; सोचना 471

*उनमूल स. ना. सम (सं. उन् + मूल) उखाड़ना; नष्ट करना 472

उनमेख स. ना. अर्धसम (उनमेख संज्ञा; सं. उन्मेष) विकसित होना; आँख खुलना 473

*उनय अ. दे. 'उनव' झुकना; लटकना 474

*उनर अ. देश. ऊपर उठना या बढ़ना; छाना 475

उनव अ. भव (सं. अव + नम्; प्रा. ओणम्; दे. इआलें 788) झुकना; गिरना 476

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

*उनै अ. दे. 'उनव' 478

उन्मील स. ना. सम (सं. उन्मीलन) विकसित करना, अ. खुलना, खिलना गुज. उन्मीलन संज्ञा 479

उप अ. दे. 'उपज' 480

*उपकर स. ना. अर्धसम (उपकार संज्ञा; सं. उपकार) उपकार करना. गुज. उपकार संज्ञा 481

*उपच अ. ना. अर्धसम (सं. उपचय संज्ञा) उन्नत होना; फूट पडना 482

उपचर स. दे. 'उपचार' 483

उपचार स. ना. सम (उपचार संज्ञा; सं. उपचार) व्यवहार करना, विधान करना. गुज. उपचार संज्ञा 484

उपज अ. भव (सं. उत् + पद्; प्रा. उपज्ज्; दे. इआलें 1814) उत्पन्न होना; मन में उठना गुज. ऊपज 485

उपट अ. भव (सं. उद् + वृत्; प्रा. उव्वत्; दे. इआलें 2071) उभरना; दाग या निशान पड़ जाना. गुज. ऊपट 486

उपहार स. दे. 'उपट' 487

उपड़ अ. देश. उखड़ना; दे. 'उपट' गुज. ऊपड़ 'उभरना, जाना' 488

*उपदेश स. ना. अर्धसम (उपदेश संज्ञा; सं. उपदेश) उपदेश, शिक्षा देना. गुज. उपदेश 489

*उपधर अ. सम (सं. उप + धृ) 490

*उपन (1) अ. दे. 'उपज'
(2) स. देश. उदाहरण देना; तुलना करना 491

*उपमा स. ना. सम (उपमा संज्ञा; सं. उपमा) तुलना करना. गुज. उपमा संज्ञा 492

उपर अ. दे. 'उपज' 493

उपर अ. दे. 'उपट' 494

ठप स. ना. अनु. देश. (ठप्पा संज्ञा; * ठप्प; दे. इआलें 5495) कोई चीज़ इस प्रकार बन्द करना कि ठप शब्द हो, कोई कार्य बन्द करना. गुज. ठपक, तुल. गुज. ठपको 'उलाहना' 1882

ठमक अ. अनु. देश. (* ठम्म; दे. इआलें 5496) भय, आश्चर्य आदि से चलते चलते रुक जाना, हावभाव के साथ चलना. गुज. ठमक; तुल. गुज. ठम-ठम, ठमको संज्ञा 1883

ठमुक स. दे. 'ठुमक' 1884

ठय स. देश. स्थापित करना; अ. स्थापित होना 1885

ठर अ. ना. भव (सं. स्थिर विशे.; प्रा. थिर; दे. इआलें 13771) सरदी से ठिठुरना; अत्यंत शीत पड़ना. गुज. ठर 'जमना' 1886

* ठला स. देश. गिराना; निकलवाना. गुज. ठालव 1887

ठव स. दे. 'ठय' 1888

ठह अ. अनु. (दे. पृ. 451, मा. हि. को – 2) घोड़े का हिनहिनाना; घंटे आदि का शब्द होना; अ. सँवारना, बचाना 1889

ठहर अ. अर्धसम (सं. स्तम्भ्; दे. इआलें 13680) रुकना; बना रहना. गुज. ठेर 'तय होना, ठहरना' 1890

ठाँस स. देश. (* ठस्स; दे. इआलें 5494) ठूँसना, अ. 'ठन–ठन' शब्द करते हुए खाँसना. गुज. ठांस, ठेंस 1891

ठा स. दे. 'ठान' 1892

ठाक स. देश. मना करना 1893

ठाठ स. ना. देश (ठाठ संज्ञा) ठाठ खड़ा करना; अ. सजना 1894

ठान स. देश. कोई काम करने के लिए संकल्प करना; कोई काम तत्परता से आरंभ अरना. गुज. ठाण 1895

ठाव स. दे. 'ठान' 1896

ठास स. दे. 'ठाँस' 1897

ठाहर अ. दे. 'ठहर' 1898

ठिक अ. दे. 'टिक' 1899

ठिकिया स. ना. देश. (ठीक विशे.) ठीक करना 1900

ठिठक अ. वेश. (दे. पृ. 87, दे. श. को.) चलते–चलते सहसा रुक जाना; स्तब्ध होना 1901

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठिठर अ. दे. 'ठिठुर' 1902

ठिठुर अ. देश. (दे. पृ. 87, दे. श. को.) सर्दी से सिकुड़ जाना. गुज. ठूठवा 1903

ठिनक अ. अनु. (दे. पृ. 454, मा. हि. को – 2) बच्चों का रह-रह कर रोने का-सा शब्द निकालना; नखरा दिखाते हुए मचलना 1904

ठिर अ. दे. 'ठर' 1905

ठिलठिला अ. अनु. जोर से हँसना 1906

ठील स. दे. 'ठेल' 1907

ठुकरा स. ना. देश. (ठोकर संज्ञा; * ठोक्क; दे. इआलें 5513) ठोकर मारना; तिरस्कार करना. गुज. ठोक; तुल. गुज. ठोकर संज्ञा 1908

ठुनक (1) अ. देश. (दे. पृ. 88, दे. श. को.) गुस्सा होना, रुठना

(2) स. अनु. (दे. पृ. 456, मा. हि. को – 2) 'ठुन' शब्द उत्पन्न करना; ठोकना 1909

ठुमक अ. अनु. देश. (दे. पृ. 195, हि. दे. श.) नाचते समय ताल के अनुसार रह-रह कर पैर पटकना. तुल. गुज. ठूमको संज्ञा 1910

ठुमकार स. ना. अनु. देश. (ठुमका संज्ञा; दे. पृ. 88, दे. श. को.) पतंग की दोरी को ठुमका देना 1911

ठुरिया अ. दे. 'ठिठुर' 1912

ठुसक अ. अनु. देश. (* ठुस्स; दे. इआलें 5508) सिसकियाँ भरते हुए रोना; 'ठुस' शब्द करते हुए पादना. तुल. गुज. ठूसकुं संज्ञा; 'सिसकी' 1913

ठूँग स. दे. 'टूँग' 1914

ठूँस स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 114, हि. दे. श.) दबा-दबाकर भरना; जबरदस्ती कोई चीज भरना. गुज. ठाँस 1915

ठूस स. दे. 'ठूँस' 1916

ठेक (1) स. ना. देश. (ठेक संज्ञा) सहारा लेना; किसी चीज़ को गिरने से रोकने के लिए उसके नीचे टेक लगाना; गुज. ठेक 'कूद जाना'

(2) स. अनु. (दे. पृ. 457, मा. हि. को – 2) ठप्पे से अंकित करना 1917

ठेग स. दे. 'ठेक' 1918

ठेघ स. दे. 'ठेग' 1919

ठेल स. देश. (* ठेल्ल; दे. इआलें 5512 ढकेल कर आगे बढ़ाना, खिसकाना. गुज. ठेल 1920

ठेस (1) स. देश. (* ठेस्स; दे. इआलें 5511) ठूसना

(2) अ. ना. देश (ठेस संज्ञा) आश्रय लेना, ठेस लगाकर बैठना. तुल. गुज. ठेसणियुं 'सिटकिणी'; ठेस 'ठोकर' 1921

ठैर अ. दे. 'ठहर' 1922

ठोंक स. दे. 'ठोक' 1923

ठोंग स. ना. देश. (ठोंग संज्ञा; * ठोंग; दे. इआलें 5478) चोंच मारना; मुडी हुई उँगली से ठोकर मारना 1924

ठोक स. ना. अनु. देश. (* ठोक; दे, इआलें 5513) भारी वस्तु से आघात करना; पीटना. गुज. ठोक 1925

ठोस स. देश. (* ठोस्स; दे. इआलें 5511) दबा देना; प्रहार करना. गुज. ठोंस; तुल. गुज. ठोसो संज्ञा 'ठोसा' 1926

डंक स. ना. देश. (डंका संज्ञा) डंका बजाना; अ. गरजना. तुल. गुज. डंको 'डंका' 1927

डंकिया स. ना. देश. (डंक संज्ञा) डंक मारना. अ. दे. 'डाँक' 1928

डंड स. ना. देश. (डंड संज्ञा) दंडित करना. गुज. दंड 1929

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डँडिया स. ना. देश. (डाँडी संज्ञा) दो कपड़ों को लंबाई की ओर से मिलाकर सीना 1930

डंडूर अ. देश. हवा का धूल से भर जाना 1931

डंडोर स. देश. ढूँढना 1932

डंफ अ. देश. जोर से चिल्लाना या रोना 1933

डंस स. भव (सं. दंश्; प्रा. दंसू; दे. इआलें 6110 तथा 6130) साँप आदि ज़हरीले जंतुओं का दांत से काटना; डंक मारना. गुज. डस 1934

डकर आ. देश. साँड, बैल या भैंसे का जोर से बोलना 1935

डकरा अ. दे. 'डकर' 1936

डकार अ. ना. अनु. देश. (डकार संज्ञा; * डकार; दे, इआलें 5521) डकार लेना; खाकर तृप्त होना 1937

डकाव स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 125, हि. दे. श.) आगे बढ़ाना; छलांग लगवाना 1938

डगडगा अ. अनु. देश. (* डग; प्रा. डगमग्; दे. इआलें 5522) अस्थिर होना; काँपना; लड़खड़ाना. गुज. डग, डगडग, डगमग 1939

डगडोल अ. दे. 'डोल' 1940

डगमग अ. दे. 'डगडगा' 1941

डगमगा अ. दे. 'डगडगा' 1942

डगर अ. ना. देश. (डगर संज्ञा) रास्ता चलना 1943

डगरा अ. दे. 'डगर' 1944

डट अ. ना. देश (डाट संज्ञा) अड़ना; (कार्य में) प्रवृत्त होना. गुज. डटा 1945

डडक अ. अनु. (दे. पृ. 463, मा. हि. को - 2) जोर से शब्द उत्पन्न होना, बजना; स. जोर से शब्द उत्पन्न करना; बजाना 1946

डढ़ अ. दे. 'दाध' 1847

डपट स. ना. देश. (डपट संज्ञा; दे. पृ. 90, दे. श. को.) झिड़कना; डाँटना, अ. सरपट दौडना. गुज. डपट 'छिपाना, हथिया लेना' 1948

डबक स. ना. देश. (डब संज्ञा) दबाकर कटोरे की तरह गहरा करना 1949

डबडबा अ. अनु. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 125, हि. दे. श.) आँखों में आँसू आ जाना. तुल. गुज. डबडब संज्ञा 'डूबने की आवाज़' 1950

डबिर स. देश. (दे. पृ. 90, दे. श. को.) खेत में से भेड़ों को निकाल देना 1951

डभक अ. अनु. देश. (प्रा. डिंफिअ; दे. पृ. 373, पा. स. म; अ. व्यु. दे पृ. 125, हि. दे. श.) जल में इस प्रकार बार-बार डूबना-उतराना कि डभ-डभ शब्द हो; छलकना 1952

डर अ. ना. भव (सं. दृ.; प्रा. डर्; दे. इआलें 6190) भय खाना, सशंक होना. गुज. डर 1953

डरप अ. दे. 'डर' 1954

डस स. दे. 'डँस' 1955

डह अ. भव (सं दह्; प्रा. दहू; दे. इआलें 6245) जलना; स. जलाना. गुज. दह 1956

डहक अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 125. हि. दे. श.)
(1) वंचना करना, अ. धोखा खाना
(2) दे. 'डहडहा' 1957

डहडहा अ. अनु. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 125, हि. दे. श.) हरा-भरा होना; प्रसन्न होना 1958

डहर अ. दे. 'डगर' 1959

डाँक स. देश. (* ड़क्क; दे. इआलें 5516) फाँदना; पुकारना; अ. वमन करना 1960

डाँट स. ना. देश. (डाँट संज्ञा) क्रोध में आकर किसी दोषी को कोई कड़ी बात ऊँचे स्वर में कहना 1961

डाँड स. दे. 'दाँड' 1962

डाक स. दे. 'डाँक' 1963

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डाड़ स. दे. 'डाँड' 1964

डाढ़ स. दे. 'डह' 1965

डार स. दे. 'डाल' 1966

डाल स. दे. (* डाल; दे. इआलें 5545) गिराना; मिलाना; रखना 1967

डास (1) स. भव. (सं. ध्वंस्; दे. इआलें 6896) बिछाना

(2) स. दे. 'डस' 1968

डाह स. दे. 'डह' 1969

डिकर अ. देश. (दे. पृ. 92, दे. श. को.) चिल्लाना, कराहना 1970

डिग अ. ना. देश. (डग संगा; * डिग; दे. इआलें 5522) हिलना; वचनभंग होना. गुज. डग 1971

डिगमिगा अ. दे. 'डगमगा' 1972

डिगर अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 125, हि. दे. श.) दे. 'डगर' जाना, प्रस्थान करना 1973

*डिढ़ा स. ना. भव (डिढ़ विशे; सं. दृढ विशे; दृम्ह; प्रा. दिढ; दे. इआलें 6508) दृढ करना; ठानना; अ. दृढ होना. तुल. गुज. दृढ विशे. 1974

डिभग स. दे. (दे. पृ. 93, दे. श. को.) मोहित करना 1975

डीठ अ. ना. भव (डीठ संज्ञा; सं. दृष्ट भू. कृ. प्रा. दट्ठ; दे. इआलें 6518) दृष्टिगोचर होना; स. देखना. तुल. गुज. दीठुं भू. कृ. 'देखा' 1976

डुकिया स. ना. अनु. (दे. पृ. 472, मा. हि. को – 2) घूँसे मारना 1977

डुगडुगा स. ना. अनु. देश. (डुगडुगी संज्ञा; दे. पृ. 472, मा. हि. को – 2; * डोट्ठ; दे. इआलें 5569) चमड़ा मढ़े बाजे को लकडी से बजाकर 'डुगडुग' शब्द उत्पन्न करना; अ. 'डुगडुग' शब्द उत्पन्न होना. तुल. गुज. डुगडुग संज्ञा 1978

डुगर अ. देश. (दे. पृ. 93, दे. श. को.) लुढ़कना, ढरकना 1979

डुपट स. ना. देश. चुनियाना, तह लगाना 1980

डुल (1) अ. भव. (सं. दुल; प्रा. डुल्; दे. इआलें 6453) हिलना, हटना. गुज. डूल 'डूबना, मिट जाना'

(2) अ. दे. 'डोल' 1981

डूक अ. देश. (दे. पृ. 93, दे. श. को.) घुसना, चूकना. गुज. डूक 1982

डूब अ. अनु. देश. (* डुब्ब; दे. इआलें 5561) पानी या अन्य तरल पदार्थ की सतह से नीचे चला जाना. गुज. डूब 1983

डेरा अ. दे. 'डर' 1984

डेवढ़ अ. ना. भव (डेवढ संज्ञा; सं. ध्यर्ध विशे; प्रा. दिवड्ढ; दे. इआलें 6698) डेढ गुना होना; रोटी का फूलकर डेढ़ परतों में होना, स. कपड़े, कागज़ आदि को कई परतों में मोड़ना 1985

डोर अ. ना. भव (डोर संज्ञा) दे. 'डोरिया' किसीकी डोर पर उसके पीछे चलना. गुज. दोर स. 1986

डोरिया स. ना. भव (डोरी संज्ञा; सं. दवर संज्ञा; प्रा. दवर; दे. इआलें 6225) डोरी से युक्त करना; बाँधकर साथ ले चलना; अनुयायी बनाना. गुज. दोर 1987

डोल अ. ना. भव (सं. दुल; प्रा. डोलाअंत विशे., दे. इआलें 6585) हिलना, दोलित होना. गुज. डोल 1988

डोलिया स. ना. भव (डोली संज्ञा; सं. दोल विशे.; दुल्; प्रा. डोल संज्ञा; दे. इआलें 6582) किसीको डोली में बैठाकर कहीं ले जाना; कोई चीज़ चुपके से लेकर चल देना; अ. चंपत होना 1989

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डोंडा अ. देश. डाँवाडोल रहना; घबराना, स. विकल करना 1990

डौल स. ना. देश. सुडौल बनाना; अ. युक्ति निकालना 1991

ढँक स. दे. 'ढक' 1992

ढंकिल स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 126, हि. दे. श.) ढकेलना 1993

ढंढोर स. ना. देश. (ढंढोरा संज्ञा; दे. पृ. 96, दे. श. को.) ढंढोरा पीटना; ढूँढना. गुज. ढंढोळ; तुल. गुज. ढंढेळो संज्ञा 1994

ढंढोल स. दे. 'ढंढोर' 1995

ढक स. दे. 'ढाँक' 1996

ढकेल स. देश. धक्का देकर आगे बढ़ाना; ठेलकर गिराना. गुज. धकेल 1997

ढकोर स. दे. 'ढकेल' 1998

ढकोस स. अनु. (दे. पृ. 480, मा. हि. को – 2) अत्यधिक मात्रा में खाना या पीना, जल्दी जल्दी खाना या पीना 1999

ढनमन अ. अनु. (दे. पृ. 481, मा. हि. को – 2) लुढकना; चक्कर खाकर गिरना 2000

ढमक अ. अनु. (दे. पृ. 481, मा. हि. को – 2) 'ढमढम' शब्द उत्पन्न होना. गुज. ढमक 2001

ढमला अ. दे. 'ढनमना' 2002

ढय अ. दे. 'ढह' 2003

ढर स. दे. 'ढल' 2004

ढरक अ. दे. 'ढर' 2005

ढरहर अ. दे. 'ढर' 2006

ढल अ. देश. (* ढल्ल; प्रा. ढल्ल; दे. इआलें 5581) ढरकना; बीतना. गुज. ढळ 2007

ढलक अ. दे. 'ढल' 2008

ढह अ. देश. (दे. पृ. 97, दे. श. को.) इमारत आदि का टूट-फूट कर ज़मीन पर गिरना; ध्वस्त होना. गुज. ढस 2009

ढहर अ. दे. 'ढह' 2010

ढाँक स. देश. (* ढंक्; दे. इआलें 5574) छिपाना; आच्छादित करना; अ. छिपना; आच्छादित होना. गुज. ढाँक 2011

ढाँप स. 'ढाप' 2012

ढाँस अ. ना. अनु. (ढाँस संज्ञा; दे. पृ 482, मा. हि. को – 2) सूखी खाँसी खाँसना. गुज. ध्राँस 2013

ढा स. दे. 'ढह' 2014

ढाप स. देश. (* ढप्प; दे. इआलें 5579) ढाँकना 2015

ढिसर अ. देश. फिसल पड़ना; प्रवृत्त होना 2016

ढील स. ना. देश. (ढीला विशे.; * ढिल; प्रा. ढिल्ल; दे. इआलें 5590) ढीला करना; सरकने देना. तुल. गुज. ढीलुं विशे. 'ढीला' 2017

ढुक अ. दे. 'ढूँक' 2018

ढुर अ. दे. 'ढर' 2019

ढुरक अ. दे. 'ढरक' 2020

ढुल अ. देश. (* ढुल्; दे. इआलें 5593) ढरकना; ढोया जाना. गुज. ढळ 2021

ढुलक अ. दे. 'ढुल' 2022

ढूँक अ. भव (सं. ढौक्; प्रा. ढुक्क्; दे. इआलें 5592) घुसना; ताक में बैठना. गुज. ढूंक 'पास जाना' 2023

ढूँढ स. देश. (* ढूण्ढ; प्रा. ढंढल्, ढंढोल्ल; दे. दे. इआलें 6839) गुज. ढूंढ, ढूंड 2024

ढाँक स. दे. 'ढकोस' 2025

ढो स. भव (सं. ढौक्; प्रा. ढोइय विशे. दे. इआलें 5610) बोझ को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुँचाना 2026

ढोक अ. अर्धसम (सं. ढौक्; दे. इआलें 5611) झुकना 2027

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ढेार अ. देश. (दे. पृ. 99, दे. श. को.) ज़मीन पर लोटना; अनुयायी बनना; स. ढालना 2028

ढेाव स. दे. 'ढेा' 2029

*ढेाह् स. दे. 'ढेा' 2030

ढौंस अ. अनु. आनंद-ध्वनि करना 2031

ढौक स. दे. 'ढकोस' 2032

तँबिया अ. ना. भव (ताँबा संज्ञा; सं. ताम्र विशे. प्रा. तंब; दे. इआलें 5779) किसी पदार्थ का तांबे के रंग का हो जाना; खाद्य पदार्थ का तांबे की गंध से युक्त होना. तुल. गुज. तांबुं, तांबड संज्ञा 2033

*तक स. दे. 'ताक' 2034

तगिया स. दे. 'ताग' 2035

तच अ. देश. तप्त होना; संतप्त होना 2036

तच्छ स. भव (सं. तक्ष्; प्रा. तक्ख्, तच्छ्; दे. इआलें 5620) विदीर्ण करना, फाडना. गु. ताछ 2037

तज स. अर्धसम (सं. त्यज्) छोडना गुज. तज, त्यज 2038

तडक अ. ना. अनु. भव (सं. त्रट संज्ञा; प्रा. तडतडम्त विशे.; तडतडा संज्ञा; दे. इआलें 5988) आँच पाकर 'तड्' की आवाज़ के साथ फटना या टूटना, कर्कश स्वर में बोलना. गुज. तड़क, तडतड 2039

तड़तड़ा (1) अ. अनु. भव. दे. 'तड़क'
(2) अ. अनु. वि. (तराक अर. दे. पृ. 108, हि. दे. श.) 2040

तड़प अ. देश. अत्यंत दुःखी होना, छटपटाना. गुज. तड़प, तलप 2041

तड़फ अ. दे. 'तड़प' 2042

तड़फड़ा अ. अनु. देश. (* तडप्फड़; प्रा. तडप्फड्; दे. इआलें 5634) बेचैन होना; सं. व्याकुल होना, कष्ट पहुँचाना. गुज. तडफड, तरफड 2043

*तड़ाग अ. अनु. (दे. पृ. 498, मा. हि. को - 2) डींग मारना; उछल-कूद मचाना. तुल. गुज. तडाको 'तडाका' 2044

*तड़िपा अ. दे. 'तड़प' 2045

तणक्क अ. अनु. (दे. पृ. 499, मा. हि. को - 2) तणतण शब्द होना; स. तणतण शब्द उत्पन्न करना 2046

तता स. ना. भव (तप्त विशे; सं. तप्; प्रा. तत्त; दे. इआलें 5679) गरम करना. तुल. गुज. तातुं विशे. 'तप्त' 2047

ततार स. ना. भव (ततार संज्ञा; स. तप्त + कारि; दे. इआलें 5680) गरम जल से धोना 2048

*तनक अ. दे. 'तिनक' 2049

तनग अ. दे. 'तिनक' 2050

तनतना अ. भव ('तन्' का द्विरुक्त ? - ह. भा.) बहुत तनकर अपनी शान दिखाने के लिए क्रोध प्रकट करना; झुँझलाना 2051

तन्ना अ. दे. 'तनक' 2052

तप अ. सम (सं. तप्) धूप, आँच आदि से गरम होना; किसी वस्तु की प्राप्ति के लिए कष्ट सहना. गुज. तप 2053

तपक अ. अनु. देश. (तप्प; दे. इआलें 5444) धड़कना; टपकना 2054

तम अ. दे. 'तमक' 2055

तमक अ. ना. भव (ताम्राक्ष संज्ञा; दे. इआलें 5781) तथा प्रा. तम दे. पृ. 197, हि. दे. श.) आवेश में आना; रुष्ट होना 2056

तमतमा अ. दे. 'तमक' 2057

तर अ. भव सं. तृ; प्रा. तर्; दे. इआलें 5702) पार होना; तैरना; स. पार करना. गुज. तर 2058

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तरक (1) अ. अर्धसम (सं. तर्क्) तर्क करना; सोच-विचार करना
(2) अ. दे. 'तड़क' 2059

*तरछा अ. ना. भव (तिरछा विशे.; सं. तिरश्च विशे.; प्रा. तिरिच्छ; दे. इआलें 5822) तिरछी नज़र से किसी की ओर देखना तुल. गुज. तिरछुं, त्रांसुं विशे. 2060

तरज अ. अर्धसम (सं. तर्ज़) डाँटकर बोलना; धमकी देते हुए कहना. तुल. गुज. तरज संज्ञा 'त्रास, भय' 2061

तरफरा अ. दे. 'तड़फड़ा' 2062

तरमा अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 127, हि. दे. श.) नाराज़ होना, किसी पर बिगड़ना 2063

तररा अ. अनु. (दे. पृ. 155 मा. हि. को. २) पेंठ दिखाना, स. मरोडना 2064

तरस अ. अर्धसम (सं. तृष्) किसी वस्तु के लिए व्याकुल होना. गुज. तरस, तलस 2065

तराश स. ना. वि. (तराश संज्ञा; फा.) काटना, फाँक-फाँक करना 2066

तरास (1) स. दे. 'ताँस'
(2) स. दे. 'तराश' 2067

तरिया (1) स. ना. भव (तरे अव्य; तरा संज्ञा; सं. तल संज्ञा; प्रा. तल; दे. इआलें 5731) नीचे करना; ढाँकना; अ. तले बैठना. तुल. गुज. तळ, तळियुं संज्ञा 'तल'
(2) स. ना. वि. (तर विशे. फा.) पानी आदि के छींटे देकर तर करना 2068

तरेर स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 127, हि. दे. श.) तिरछे देखना; थपेडा देना. तुल. गुज. तरेराट संज्ञा 'चीख, क्रोध का आवेग' 2069

तर्क अ. दे. 'तरक' 2070

*तर्ज अ. दे. 'तरज' 2071

तल स. भव (सं. तल्; प्रा. तल्; दे. इआलें 5736) घी या तेल में पकाना. गुज. तळ 2072

तलफ अ. देश. (दे. पृ. 101, दे. श. को.) पीड़ा से व्याकुल होना, छटपटाना. गुज. तलफ, तलप 2073

*तलमला अ. दे. 'तिलमिला' 2074

तलवास अ. दे. 'तलासि' 2074 (अ)

तलाश स. ना. वि. (तलाश संज्ञा; फा.) तलाश करना; किसि बात या विषय का अनुसंधान करना. तुल. गुज. तलाश संज्ञा 2075

तलासि स. ना. देश. (तलवाँसा संज्ञा; * तलपादघर्ष; दे. इआलें 5739) पाँवपच्ची करना, दबाना. गुज. तळांस 2076

तव अ. भव (सं. तप्; प्रा. तव्; दे. इआलें 5671) बहुत गरम होना. गुज. तव 2077

तह अ. ना. देश. (तेह संज्ञा) क्रुद्ध होना; तेहा दिखाना 2078

तहसील स. ना. वि. (तहसील संज्ञा; अर.) मालगुज़ारी, चंदा आदि वसूल करना 2079

तहा स. ना. वि. (तह संज्ञा; फा.) तह लगाना, लपेटना 2080

तहिया स. दे. 'तहा' 2081

ताँक अ. दे. 'ताक' 2082

ताँवर अ. ना. (ताँवर संज्ञा) ताप से युक्त होना; बुखार होना. तुल. गुज. तावड संज्ञा 2083

ताँस स. भव (सं. त्रस्; प्रा. तास्; दे. इआलें 6014) धमकाना; डराना 2084

ता स. भव. (सं. तप्; प्रा. ताव्; दे. इआलें 5771) तपाना. गुज. ताव 2085

ताउ स. दे. 'ता' 2086

ताक स. भव (सं. तर्क्; प्रा. तक्क्; दे. इआलें 5716) देखना, स्थिर दृष्टि से देखना. गुज. ताक 2087

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ताग स. ना. देश. (तागा संज्ञा; * त्रागा; प्रा. तग्ग संज्ञा; दे. इआलें 6010) रजाई आदि में दूर दूर पर सिलाई करना. तुल. गुज. त्रागो, तागडो संज्ञा 'धागा' ताग 'गहराई नापना' 2088

*ताछ अ. ना. देश. (ताछन संज्ञा) वार बचाने के लिए शत्रु के बगल से होकर आगे बढ़ना 2089

ताड़ स. भव (सं. तड्; प्रा. ताड्; दे. इआलें 5633 तथा 5752) भाँपना, मारना. गुज. ताड 'मारना' 2090

तान स. भव (सं. तन्; प्रा. तानिअ विशे.; दे. इआलें 5669 तथा 5762) खींचकर कड़ा करना; खड़ा करना. गुज. ताण 2091

ताप स. दे. 'तप'. ताप से अपना शरीर या अंग गरम करना. गुज. ताप 2092

ताम स. देश. (दे. पृ. 102, दे. श. को.) खेत जोतने के पूर्व खेत की घास उखाड़ना 2093

तिग स. देश. (दे. पृ. 102, दे. श. को.) देखना, भाँपना 2094

तिडल स. देश. खींचना 2095

तिनक अ. ना. भव (तृण्ण विशे.; सं. तृद्; दे. इआलें 5908) झल्लाना; रूठना; धडकना 2096

तिनग अ. दे. 'तिनक' 2097

तिनख अ. दे. 'तिनक' 2098

तिनतिना अ. दे. 'तिनक' 2099

तिमा स. देश. (दे. पृ. 548, मा. हि. को – 2) भिगोना 2100

तिर अ. दे. 'तर' 2101

तिरछा अ. दे. 'तरछा' 2102

तिरतिरा अ. अनु. (दे. पृ. 549, मा. हि. को – 2) द्रव पदार्थ का बूँद बूँद करके टपकना 2103

तिरमिरा (1) अ. ना. देश. (तिरमिरा संज्ञा; * तिरमिरि; दे. इआलें 5824) (तिरमिरा के रोगी की) अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधियाना

(2) अ. दे. 'तिलमिला' 2104

तिरवरा अ. दे. 'तिरमिरा' 2105

तिरास अ. ना. अर्धसम (सं. त्रास) भयभीत या त्रस्त होना; स. भयभीत करना. तुल. गुज. त्रास संज्ञा 2106

तिलक (1) अ. देश. गीली मिट्टी या ज़मीन का सूखकर फटना

(2) अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 128, हि. दे. श.) फिसलना 2107

तिलछ अ. देश. (प्रा. तल्लिच्छ; दे. पृ. 430; पा. स. म.) व्याकुल होना, छटपटाना 2108

तिलमिला अ. दे. 'तिरमिरा' 2103

तिलौंछ स. भव (सं. तैल + प्रोक्ष; दे. इआलें 5958 तथा 9007) किसी चीज़ पर तेल लगाना या रगड़ना; चिकना करना 2110

तिष्ठ अ. सम. (सं. तिष्ठ्) स्थिर रहना 2111

तिसा अ. ना. भव (तृषा; सं. तृष्; प्रा. तिसा संज्ञा; दे. इआलें 5936) प्यासा होना. तुल. गुज. तरस 'प्यास' 2112

तुँदिया अ. ना. भव (तुंद, तोंद, संज्ञा; सं. तुण्ड संज्ञा; प्रा. तुंद; दे. इआलें 5858) तोंद बढ़ना; स. तोंद बढ़ाना. तुल. गुज. दुड, दुन्द संज्ञा 2113

तुअ अ. देश. चुना; गर्भपात होना 2114

तुक अ. दे. 'तक' 2115

*तुट्ठ स. ना. भव (सं. तुष्ट, तुष्; प्रा. तुट्ठ विशे; दे. इआलें 5895) संतुष्ट होना. गुज. तूठ, टूंठ 2116

तुतरा अ. दे. 'तुतला' 2117

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तुतला अ. अनु. शब्दों तथा वर्णों का अस्फुट और कुछ का कुछ उच्चारण करते हुए बोलना. गुज. तोतळा 2118

तुन स. दे. 'धुन' 2119

तुनक (1) अ. ना. वि. (तुनक विशे.; फा.) छोटी सी बात से अप्रसन्न होना
(2) अ. देश. उँगली से डोर को झटका देना 2120

तुभ अ. देश. स्तब्ध होना 2121

तुरप स. भव (सं. त्रुप्; दे. इआलें 6068) बखिया करने के लिए लंबाई के बल सीधे सीना. गुज. टूप 2122

*तुरा अ. देश. आतुर होना; स. तुडाना 2123

तुरुप स. दे. 'तुरप' 2124

तुर्शा अ. ना. वि. (तुर्श विशे; फा.) खट्टा हो जाना; स. खट्टा करना 2125

तूँब स. दे. 'तूम' 2126

तू अ. भव (सं. त्रुप्; दे. इआलें 6067) चूना गिरना. गुज. तरवा 'प्राणियों का गर्भपात हो जाना' 2127

तूख अ. देश. तुष्ट होना; स. तुष्ट करना 2128

तूट अ. दे. 'टूट' 2129

तूठ अ. ना. भव (तुष्ट विशे.; सं. तुष्; प्रा. तुट्ठ विशे.; दे. इआलें 5895) गुज. तूठ, टूँठ 2130

तूठा अ. दे. 'तूठ' 2131

तूम स. भव. (सं. तुब्; दे. इआलें 5870) उँगलियों से नोच-नोच कर रुई के रेशों को अलग करना; पीटना 2132

तूल (1) स. देश. गाड़ी के पहिए निकालकर उनके भीतरी छेद में तेल डालना; औंगना
(2) अ. देश. तुलना करना 2133

*तूस अ. भव (सं. तुष्; प्रा. तुस्स्; दे. इआलें 5897) संतुष्ट होना; सं. संतुष्ट करना 2134

*तृपिता अ. देश. तृप्त होना; स. तृप्त करना. तुल. गुज. तृप्त विशे. 2135

तृप्ता अ. ना. सम. (सं. तृप्त विशे.) तृप्त होना; तृप्त करना 2136

*तेज स. दे. 'तज' 2137

तेड़ स. दे 'टेर' 2138

तेहरा स. ना. भव (तेहरा विशे; * त्रिधार; प्रा तिहा; दे. इआलें 6027) तीन तहों में करना; तीसरी वार करना 2139

तै अ. देश. तप्त होना; दुःखी होना; स. ताना 2140

तैर अ. भव (सं. तृ; प्रा. तर; दे. पृ.428, पा. स. म.) किसी जीव का हाथ-पाँव आदि चलाते हुए पानी पर चलना; उतराना. गुज. तर 2141

*तोट अ. दे. 'टूट' 2142

तोतरा अ. दे. 'तुतला' 2143

तोप स. भव (सं. तुप्; दे. इआलें 5971) गाड़ना, छिपाना 2144

तोल (1) स. भव (सं. तुल्; प्रा. तोल्; दे. इआलें 5970) किसी पदार्थ का परिमाण या भारीपन जानने के लिए उसे तराजू या काँटे पर रखना: गुज. तोळ, तोल
(2) स. देश. गाड़ी की धुरी में तेल लगाना 2145

*तोष स. सम. (सं. तुष्) तृप्त करना; अ. तृप्त होना. गुज. तोष 2146

तौंक अ. दे. 'तौस' 2147

तौंस अ. भव (सं. तपस्यू; दे. इआलें 5675) तप जाना; गरमी से झुलस जाना 2148

तौल स. दे. 'तोल' 2149

तौस स. दे. 'तौंस' 2150

त्याग स. ना. सम (त्याग संज्ञा; सं. त्यज्) त्याग करना 2151

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

*त्याज स. दे. 'त्याग' 2152

त्यौस अ. ना. सिर घूमना 2153

*त्रस अ. सम (सं. त्रस्) त्रस्त होना; स. भयभीत करना 2154

*त्रिपिता अ. दे. 'तृपिता' 2155

त्रिय अ. देश. तरना 2156

ूट अ. सम. (स. त्रुट्) टूटना 2157

त्वचक अ. ना. देश. (त्वचा संज्ञा) वृद्धावस्था के कारण शरीर का चमड़ा झूलना, पुराना पड़ना 2158

थँभ अ. दे. 'थम' 2159

थक अ. देश. (* स्थक्क; प्रा. थक्क विशे.; दे. इआलें 13737) श्रम के कारण शिथिल होना; तंग आना. गुज. थाक 2160

थप स. भव (सं. स्था; प्रा. थप्पिअ; दे. इआलें 13750) स्थापित करना; बैठाना; अ. स्थापित होना. गुज. थाप 2161

थपक स. अनु देश. प्यार या लाड़-चाव से किसी की पीठ आदि पर हथेली से हलका करना. गुज. थपकाव 2162

थपथपा स. दे. 'थपक' 2163

थपेड़ स. ना. देश. (थपेड़ा संज्ञा) थपेड़ा लगाना; आघात करना. तुल. गुज. थपाड़, थपाट संज्ञा 2164

थर स. अर्धसम (सं. स्तृ; दे. इआले 13687) हथौड़ी से धातु को टीपना. गुज. थर 'थर चढाना, अनाज की सुरक्षा के लिए घास बिछाना' 2165

थरक स. अनु. देश. (* थर; दे. इआलें 6092) भय से काँपना. गुज. थरक 2166

थरथरा अ. दे. 'थरहरा' 2 67

थरहरा अ. देश. (* थर; प्रा. थरहर् दे. इआलें 6092) काँपना. गुज. थरथर, थथर 2168

थर्रा अ. दे. 'थरहरा' 2169

थलक अ. देश (अ. व्यु. दे. पृ. 92, तथा 128, हि. दे. श.) मोटाई या ढीलेपन के कारण चलने आदि में हिलना; काँपना 2.70

थलथला अ. दे. 'थलक' 2171

थलरा अ. दे. 'थलक' 2172

थसक अ. देश. नीचे की ओर दबना या बैठना 2173

थसर अ. देश (अ. व्यु. दे. पृ. 128, हि. दे. श.) शिथिल होना 2174

*थह स. दे. 'थाह' 2175

थहर अ. दे. 'थर्रा' 2176

थहरा अ. दे. 'थर्रा' 2177

थाँब स. दे. थाँभ 2178

थाँभ स. दे. थाम 2179

थाक अ. दे. 'थक' 2180

थान स. भव (सं. स्था; प्रा. थाण, ठाण संज्ञा; दे. इआलें 13753) तय करना 2118

थाप (1) स. ना. देश. (थाप संज्ञा; थप्प; दे. इआलें 6091) स्थापित करना

(2) स. भव (सं. स्था; प्रा. थप्पिअ विशे. दे. इआलें 13759) दे. 'थप' गुज. थाप 2182

थाम स. भव (सं. स्तम्भ्; प्रा. थंभ्, ठंभ्; दे. इआलें 13683) अवरुद्ध करना; सँभालना. गुज. थाम 2183

थाम्ह स. दे. 'थाम' 2184

थाह स. ना. देश. (थाह लेना; गहराई का पता लगाना 2185

थिर अ. ना. भव (थिर विशे.; सं. स्थिर विशे.; प्रा. थिर; दे. इआलें 13771) किसी द्रव पदार्थ का हिलना-डोलना बंद होना; दे. 'निथर' तुल. गुज. थीर विशे.; ठर 'जमना'; ठेर 'तय करना' 2186

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिरक अ. अनु. देश. (दे. पृ. 107, दे. श. को.) चंचलता के साथ पैरों को उठाते या हिलाते हुए नाचना; आगे-पीछे डोलना. गुज. थरक 2187

थुड अ. ना. भव (थोड़ा विशे; सं. स्तोक संज्ञा; प्रा. थोग; दे. इआलें 13720) कम पड़ना. तुल. गुज. थोडुं विशे. 2188

थुतकार स. दे. 'थुथकारा' 2189

थुथकार स. ना. अनु. भव (थुथकार संज्ञा; सं. थुत्कार संज्ञा; प्रा. थुत्कार; दे. इआलें 6103) थू थू करते हुए किसी को निंद्य बतलाना. तुल. गुज. थू थू संज्ञा 2190

थुथला अ. ना. अनु. भव (सं. थू थू; दे. इआलें 6104) दे. 'थुथकार' 2191

थुथा अ. ना. देश. (थूथन संज्ञा * थुत्थ; दे. इआलें 5853) थूथन फुलाना, नाराज होकर मुँह फुलाना 2192

थुपर स. देश. महुए की बालों का ढेर इस उद्देश्य से लगाना कि उनमें गर्मी आवे और वे कुछ पक जायँ 2193

थुर (1) अ. दे. 'थुड़'
(2) स. देश. कूटना, पीटना 2194

थुरथुरा अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 128, हि. दे. श.) कंपित होना 2195

थूँक स. दे. 'थूँक' 2196

थूक अ. ना. देश. (थूक संज्ञा; *थुक्क; प्रा. थुक्क संज्ञा; दे. इआलें 6097) मुँह से थूक बाहर निकालना या फेंकना; धिक्कारना; स. उगलना; निंदा करना. गुज. थूंक 2197

थूर स. दे. 'थुर' 2198

थेप स. दे. (* स्तुप्; दे. इआलें 13723) मिट्टी आदि के लोंदे को किसी वस्तु पर इस प्रकार रखना कि वह उस पर चिपक जाय; आरोपित करना. गुज. थोप 2199

दंड स. दे. 'दाँड' 2200

दंदा अ. देश. गरमी के प्रभाव में आना; स. सरदी से बचने के लिए आग के पास बैठकर कंबल, रजाई आदि ओढकर अपना शरीर गरम करना 2201

दंश स. सम (सं. दंश्) दाँत से काटना; डंक मारना. गुज. दंश 2202

दगदगा अ. अनु. चमकना; स. चमकाना 2203

दगध स. ना. अर्धसम (सं. दग्ध विशे.) दग्ध करना; अ. जलना; दुःखी होना 2204

दगल अ. ना. वि. (दगल संज्ञा; अर.) छल करना. तुल. गुज. दगल संज्ञा 2205

दच अ. देश. (दे. पृ. 108, दे. श. को.) गिरना 2206

दचक अ. अनु. (दे. पृ. 18, मा. हि. को – 3) ठोकर या धक्का खाना; स. धक्का लगाना 2207

दज्झ अ. भव (सं. दह, प्रा. दज्झ; दे. पृ. 439, सा. गु. को. तथा दे. इआलें 6248) दहन होना; जलना. गुज. दाझ 2208

दड़ोक अ. अनु. दहाड़ना 2209

*दढ़ अ. ना. भव (सं. दग्ध विशे; प्रा. दद्ध; दे. इआलें जलना) गुज. दाध 2210

दत (1) अ. देश. किसी काम में दत्तचित्त होकर लगना.
(2) अ. दे. 'डट' 2211

दध अ. दे. 'दढ़' 2212

दधक स. दे. 'दाध' 2213

दनदना स. अनु. देश (दे. पृ. 109, दे. श. को) 'दन-दन' शब्द होना; स. 'दन-दन' शब्द करना; खुशी मनाना 2214

दपट स. दे. 'डपट' 2215

दफना स. ना. वि (दफ़न संज्ञा अर) मुरदे को जमीन में गाड़ना; किसी चीज़ को जमीन में गाड़ना. गुज. दफनाव 2216

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दफरा स. देश. (दे. पृ. 109, दे. श. को.) किसी नाव को दूसरी नाव के साथ टक्कर लगने से बचाना 2217

दब अ. ना. देश. (दाब संज्ञा; *दब्ब; दे. इआलें 6173) भार के नीचे आकर ऐसी स्थिति में होना कि इधर-उधर न हो सके; दाब में आना. गुज. दबा 2218

दबक अ. देश. भय के मारे सिमटकर तंग जगह में छिपना; स. पीटकर लंबा करना 2219

दबोच स. देश. झपटकर दबा बैठना; छिपाना 2220

*दम (1) अ. ना. वि. (दम संज्ञा; फा.) साँस फूलने लगना, थक जाना. तुल. गुज. दम संज्ञा (2) स. सम (सं. दम्) दमन करना. गुज. दम 2221

दमक अ. अनु. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 129, हि. दे. श.) चमकना; सुलग उठना. गुज. दमक 2222

दमदमा स. ना. भव (सं. दमदम; दे. पृ. 193, हि. दे. श.) शोरगुल करना; 'दमदम' ध्वनि करना. तुल. गुज. धमधमा 2223

दमस स. देश. दमन करना; आघात करना 2224

*दया अ. ना. देश (दया संज्ञा) दयापूर्ण व्यवहार करना; दयालु होना. तुल. गुज. दया संज्ञा 2225

दर स. दे. 'दल' गुज. दळ 2226

दरक अ. भव. (सं. दृ; दे. इआलें 6192) खिंचाव या दबाव से फटना, मसकना 2227

दरकच स. अनु (दे. पृ. 27, मा. हि. को - 3) हलके आघात से थोड़ा दबाना; कूटकर मोटे मोटे टुकड़े करना; अ. उक्त क्रिया से दबना 2228

दर-गुजर अ. ना. वि. (दर-गुजर विशे; फा.) उपेक्षापूर्वक छोड़कर अलग होना; बाज आना. तुल. गुज. दर-गुजर संज्ञा. 2229

दरदरा स. ना. अनु. (दरदरा विशे;) इस प्रकार कोई चीज पीसना जिससे उसके कण दरदरे बनते हों 2230

*दरप अ. अर्धसम (दर्प संज्ञा; सं. दृप्) दर्प से युक्त होना; अभिमान करना 2231

दरबरा स. दे. 'दरदरा' 2232

दरर स. दे. 'दर' 2233

दरशा स. दे. 'दरसा' 2234

दरसा स. अर्धसम (सं. दर्शय्) दिखलाना; समझाना; अ. देख पड़ना. गुज. दरशाव, दरश 2235

दरार अ. ना. भव (दरार संज्ञा; सं. दृ; दे. इआलें 6192) विदीर्ण होना; स. फाडना 2236

दरेर स. दे. 'दरर' 2237

दर्रा अ. अनु (दे. पृ. 32, मा. हि. को - 2) तेजी से और बेधड़क चलते हुए आगे बढ़ना 2238

दर्शा स. दे. 'दरसा' 2239

दल स. भव (सं. दल्; प्रा. दल्; दे. इआलें 6216) चक्की में डालकर दो या अधिक टुकड़े करना; कुचलना. गुज. दळ 2240

दलक अ. दे. 'दल' किसी चीज के ऊपर के दल या मोटी तह का रह-रहकर कुछ ऊपर उठते और नीचे गिरते हुए काँपना; डर के मारे काँपना 2241

दलमल अ. देश. किसी चीज को खूब दलना और मलना 2242

*दव अ. देश. जलना; स. जलाना 2243

*दष्ष स. देश. देखना 2244

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दह अ. भव (सं. दह्; प्रा. दह्; दे. इआलें 6245) जलना; बहना. गुज. दह 2245

दहक अ. दे. 'दह' लपट फेंकते हुए जलना; तप्त होना 2246

दहपट स. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 129, हि. दे. श.) ढहाना, कुचल डालना 2247

दहबट स. दे. 'दहपट' 2248

दहर अ. दे. 'दहला' 2249

दहल अ. देश. डरकर काँप उठना. 2250

दहाड़ अ. ना. दे. 'धाड़' 2251

दाँ स. ना. भव (सं. दामन संज्ञा; दे. इआलें 6285) डंठल से दाना अलग करने के लिए फसल को बैलों से रौंदवाना. गुज. दाम 'बाँधना' 2252

दाँड स. ना. भव (सं. दण्ड संज्ञा; प्रा. दंडिअ विशे; दे. इआलें 6136) दंड करना. गुज. दंड 2253

दाँत अ. ना. भव (सं. दन्त संज्ञा; प्रा. दंत; दे. इआलें 6152) (पशुओं का) जवान होना; (हथियार का) कुंठित होना. तुल. गुज. दाँत संज्ञा. 2254

दाँव स. दे. 'दाँ' 2255

दाग स. ना. वि. (दाग़ संज्ञा; फा.) जलाना; तपाये हुए लोहे या अन्य धातु की मुद्रा से किसी के शरीर पर विशेष प्रकार का चिह्न अंकित करना. तुल. गुज. दाघ संज्ञा 2256

दाज अ. दे. 'दाझ' 2257

दाझ अ. भव (सं. दह्; प्रा. दज्झ; दे. इआलें 6248) दग्ध होना, जलना; स. जलाना. गुज. दाझ 2258

दाट स. दे. 'डाँट' अ. जान पड़ना, प्रतीत होना 2259

दाढ़ अ. दे. 'धाड़' 2260

*दाध स. ना. भव (दाध संज्ञा; सं दग्ध विशे, दह्; प्रा. दर्ध्; दे. इआलें 6121) जलाना. गुज. दाध 2261

दाप स. ना. भव (दाप संज्ञा; * द्रप्प; प्रा. दप्प संज्ञा; दे. इआलें 6619) दबाना; रोकना 2262

दाब स. ना. देश. (दाब संज्ञा; * दब्ब; दे. इआलें 6173) भार या दबाव के नीचे लाना; दमन करना. गुज. दाब, दबाव 2263

दाव स. भव (सं. दम्; प्रा. दामिय विशे; दे. इआलें 6284) दमन करना; मिटा देना. गुज. दाम 'बाँधना' 2264

दिढ़ा स. ना. भव (दृढ विशे; सं. दृम्ह्; प्रा. दिढ, दढ विशे; दे. इआलें 6508) दृढ करना; पक्का करना. गुज. दड 'दृढ और समतल करना' 2265

*दिप अ. दे. 'दीप' 2266

दिस अ. भव (सं. दृश्; प्रा. दिस्स्; दे. इआलें 6516) दिखना. गुज. दीस 2267

दीठ अ. ना. भव (सं. दृष्ट भू. कृ.; प्रा. दट्ठ, देखना दिट्ठ; दे. इआलें 6518) तुल. गुज. दीठुं भू. कृ. 'देखा' 2268

*दीप अ. भव. (सं. दीप्; प्रा. दिप्प्; दे. इआलें 6362) दीप्त होना; चमकना; स. चमकाना. गुज. दीप 2269

दीस अ. दे. 'दिस' 2270

दुक अ. देश (दे. पृ. 81, मा. हि. को. – 3) लुकना, छिपना 2271

दुक्क अ. देश. किसी को दोष देना 2272

दुख अ. ना. भव (दुःख संज्ञा; सं. दुःख्; प्रा. दुक्ख; दे. इआलें 6376) दर्द करना, पीड़ा होना. गुज. दुख 2273

दुग अ. देश. छिपाना 2274

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुचक अ. देश. (अ. व्यु. दे. पृ. 129, हि. दे. श.) दबना 2275

*दुझार स. देश. झटकारना, झाडना 2276

दुतकार स. अनु. (दे. पृ. 84, मा. हि. को – 3) 'दुत-दुत' कहकर तिरस्कार करना; धिक्कारना. गुज. धुतकार. 2277

दुदला स. दे. 'दुतकार' 2278

दुदकार स. दे. 'दुतकार' 2279

दुनर अ. दे. 'दुनव' 2280

दुनव अ. ना. भव (दोनों विशे; सं. द्व. विशे; प्रा. दो; दे. इआलें 6648) नरम या लचीली चीज का इस प्रकार झुकना कि उसके दोनों छोर एक दूसरे से मिल जाय; लचकर दोहरा हो जाना; स. लचाकर दोहरा करना. गुज. बेवड तुल. गुज. बे विशे 'दो' 2281

दुबक अ. दे. 'दबक' 2282

दुबरा अ. दे. 'दुबला' 2283

दुबला अ. ना. भव (दुबला विशे; सं. दुर्बल विशे; प्रा. दुब्बल; दे. इआलें 6438) दुबला होना. तुल. गुज. दूबळुं 2284

दुरदुरा स. अनु. दुरदुर करते हुए तिरस्कारपूर्वक दूर करना 2285

दुराना अ. ना. भव (दूर विशे; सं. दूर अन्य; प्रा. दूर; दे. इआलें 6495) दूर होना, हटना; स. दूर करना; छिपाना. तुल. गुज. दूर विशे. 2286

दुरिया अ. दे. 'दुरा' 2287

दुल अ. भव. (सं. दुल्; प्रा. डुल्; दे. पृ. 373, पा. स. म. तथा इआलें 6453) हिलना, डोलना. गुज. डूल 'मिट टाना' 2288

दुलक अ. दे. 'दलक' 2289

दुलख स. देश. बार-बार बतलाना; बार-बार दोहराना; अ. मुकर जाना 2290

दुलरा स. दे. 'दुलार' 2291

दुलार स. ना. भव (सं. दुर्लालित; प्रा. दुल्लालिय; ह. भा.) बच्चों से दुलार करना; बहुत दुलार करके बच्चों को बिगाड़ना. तुल. गुज. दुलारो संज्ञा 'दुलारा पुत्र' 2292

दुह स. भव (सं. दुह्; प्रा. दुह्; दे. इआलें 6476) स्तन और चूचुक को उँगलियों से दबाकर दूध निकालना; सार भाग निकालना. गुज. दुह, दोह 2293

दुहर अ. दे. 'दोहर' 2294

दुहरा स. दे. 'दोहर' 2295

दूँद अ. ना. देश. (दूँद संज्ञा) उपद्रव करना; जोर का शब्द करना 2296

दूख स. देश. किसी पर दोष लगाना; अ. नष्ट होना; दुखना 2297

दूस स. देश. कष्ट देना. गुज. दूझ 'दूध देना, रीसना' 2298

दूभ स. भव (सं. दभ्; प्रा. दूभ्; दे. इआलें 6175) दुःखी करना, दिल जलाना. गुज. दूभ, दूभव 2299

दूम अ. देश. हिलना-डोलना 2300

दूष स. सम (सं. दुष) दोष लगाना; दूषित करना. गुज. दूष 2301

दूह स. दे. 'दुह' 2302

दृढा स. ना. सम (सं. दृढ विशे.) दृढ करना; स्थिर करना. तुल. गुज. दृढ विशे. 2303

दे स. भव (सं. दा; प्रा. दा; दे. इआलें 6141) किसी वस्तु पर से अपना स्वामित्व हटाकर दूसरे को उसका स्वामी बनाना; मारना. 2304

देख स. भव (सं. दृश्; प्रा. देक्ख; दे. इआलें 6507) नेत्रों द्वारा किसीका ज्ञान प्राप्त करना; खोजना. गुज. देख. 2305

दोंक अ. अनु. (दे. पृ. 122, मा. हि. को – 3) गुर्राना 2306

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोच स. ना. देश. (दोच संज्ञा) दबाव डालना 2307

दोद स. देश. किसीकी कही हुई बात सुनकर भी यह कहना कि तुमने ऐसा नहीं कहा था 2308

दोष स. ना. सम (दोष संज्ञा; सं. दुष्) किसी पर दोषारोपण करना. तुल. गुज. दोष संज्ञा 2309

दोस अ. ना. भव (दोष संज्ञा; सं. दुष्; प्रा. दोस; दे. इआलें 6589) दोष देना. तुल. गुज. दोष संज्ञा 2310

*दोह स. देश. दोष लगाना; स. दूहना गुज. दोह ' दुह ' 2311

दोहर अ. ना. देश. (* दुधार; दे. इआलें 6407) दो परत होना, दोहरा होना; स. दोहरा करना. तुल. गुज. दोहरो संज्ञा 'दोहा' 2312

दोहरा स. दे. ' दोहर ' 2313

दौक (1) अ. दे. ' दमक '
(2) अ. देश. (दे. पृ. 112, दे. श. को.) गुर्राना, डाकना 2314

दौड अ. भव (सं. द्रु; प्रा. दव्; दे. इआलें 6624) अति वेगसे चलना; हैरान होना. गुज. दोड 2315

दौर अ. दे. ' दौड ' 2316

*द्रवड अ. ' दौड ' 2317

द्रव अ. सम (सं. द्रव्) द्रवित होना; बहना 2318

धँधला अ. ना. भव (धाँधल संज्ञा. सं. धन्ध संज्ञा; प्रा. धंधा संज्ञा; दे. इआलें 6727) छल-छंद करना; जल्दी मचाना. तुल. गुज. धांधल, धंधो संज्ञा 2319

* धँव स. दे. ' धौंक ' 2320

धँस अ. भव (सं. ध्वम्स्; प्रा. धंसू; दे. इआलें 6896) किसी कड़ी या नुकीली वस्तु का दबाव पाकर भीतर घुसना; नीचे खसकना. गुज. धस ' जोश के साथ आगे बढ़ना ' 2321

धकधक अ. दे. ' धकधका ' 2322

धकधका अ. अनु. देश. (*धुक्क; प्रा. धुक्का-धुक्कू; दे. इआलें 6820) भय, उद्वेग आदि के कारण हृदय का धक-धक शब्द करना; (आग) दहकना; स. (आग) दहकाना. गुज. धकधक 2323

धकपका अ. अनु. (दे. पृ. 145, मा. हि. को - 3) जी में दहलना; स. किसी को दहलाने में प्रवृत्त करना 2324

धकिआ स. दे. ' धकिया ' 2325

धकिया स. ना. देश. (धक्का संज्ञा) धक्का देना; आगे बढने के लिए प्रेरित करना. गुज. धकाव 2326

धकेल स. ना. देश. (* धक्क; दे. इआलें 6701) धक्का देना; धकेलना. गुज. धकेल 2327

धगधग अ. अनु. देश. (* धग्ग; प्रा. धगधग्; दे. इआलें 6704) धडकना, चमकना. गुज. धगधग ' जोरों से जलना ' 2328

धस अ. देश. (दे. पृ. 146, दे. श. को - 3) शान्त होना, ठहरना. गुज. धस ' जोर से आगे बढना ' 2329

धचक अ. देश. (दे. पृ. 146, दे.श. को - 3) दलदल में धँसना, संकट में आना; स. हलका आघात करते हुए दबाना 2330

धडक अ. अनु. देश (* धड, प्रा. धडहडिअ संज्ञा; दे. इआलें 6711) ' धड-धड़ ' शब्द

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्पन्न होना; हृदय का स्पंदन करना. गुज. धडक 2332

धडधड़ा अ. दे. 'धड़क' 2333

धतकार स. दे. 'दुतकार' 2334

धधक अ. अनु. देश. (* धग्ग; प्रा. धगधग्; दे. इआलें 6704) आग का इस प्रकार जलना कि उसमें से उँची लपटें उठें, धायँ धायँ जलना. गुज. धधक 2335

धधा अ. दे. 'धधक' 2336

धना अ. भव (सं. धन्; दे. इआलें 6719) साँड़ आदि के संयोग से गाय, भैंस आदि का गर्भवती होना; स. गाय, भैंस आदि का गर्भाधान कराना. 2337

धप अ. देश (* धप्पः दे. इआलें 6729) वेग से आगे बढ़ना; पीटना. गुज. धप 'वेग से आगे बढ़ना' 2338

धबक अ. अनु. (दे. पृ. 153, मा. हि. को 3) चमकना. गुज. धबक 'धडकना' 2339

धमक अ. ना. भव (सं. धमनी संज्ञा; प्रा. धमधम्; दे. इआलें 6735) 'धम' शब्द उत्पन्न करते हुए गिरना; झपटना. गुज. धमक 2340

धम स.दे. 'धौंक' 2341

धमका स. देश (* धमक्कः दे इआलें 6736) धमकी देना, अहित की चेतावनी देना. गुज. धमकाव 'डाँटना' 2342

धमधमा अ. दे. 'धमक'; कूद फाँद या चल-फिर कर धम-धम शब्द उत्पन्न करना; अ. धम-धम शब्द होना. गुज. धमधमाव 2343

धर स. भव (सं. धृ; प्रा. धर्; दे. इआलें 6747) पकड़ना; रखना. गुज. धर 2344

धरष अ. दे. 'धरस' 2345

धरस स. सम (सं. धर्ष्,) अच्छी तरह कुचलते या रौंदते हुए दबाना; दुर्दशा करना; अ. दबना, सहम जाना 2346

धवल स. ना. सम (सं. धवल विशे.) उज्ज्वल करना; चमकाना; अ. उज्जवल होना. गुज. धोळ 2347

धस दे. 'धँस' 2348

धसक अ. दे. 'धँस' 2349

धसमसा अ. दे. 'धँस' 2350

धाँक अ. दे. 'धाक' 2351

धाँग स. देश. कुचलना. रौंदना 2352

धाँध स. देश. (दे. पृ. 136, मा. हि. को. 3) बंद करना, ठूँस-ठूँसकर खा लेना 2353

धाँस अ. अनु. (दे. पृ. 164, मा. हि को. 3) घोडे आदि पशुओं का खाँसना, ढाँसना. तुल गुज. धांस 'सूखी खाँसी' 2354

धा अ. दे. 'धाव' 2355

धाक अ. ना. देश. (धाक संज्ञा; धाक्क; दे. इआलें 6769) धाक जमाना; किसी धाक से प्रभावित होना. तुल. गुज. धाक संज्ञा 2356

धाड अ. देश. (धाड्; प्रा. धाड्; दे. इआलें 6771) दहाड़ना; बहाना; धडना 2357

धाध (1) स. देश. देखना
(2) अ. दे. 'धाँध' 2358

धाप अ. भव (सं. धैं; दे. इआलें 6890) तृप्त होना. गुज. धरा 2359.

धार स. भव (सं. धृ; प्रा. धार्; दे. इआलें 6791) धारण करना; ऋण लेना. गुज. धार 'अनुमान करना' 2360

धाव अ. भव (सं. धाव् प्रा. धाव्; दे. इआलें 6802) तेजीसे चलना, दौडना. गुज. धा 2361

धिंगा अ. ना. देश. (धिंगा विशे; *डग्ग; दे. इआलें 5524) धींगा-धींगी करना; स. किसीको धींगा-धींगी में प्रवृत्त करना 2362

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धिआ सं. अर्धसम (सं. ध्यै; दे. इआलें 6812) ध्यान करना. गुज. ध्यान 2363

धिक अ. भव (सं. दह्; दे. इआलें 6809) उपद्रव करना; गरम होना. गुज. धीक, धीख 2364

धिकल स. दे. 'धकेल' 2365

धिक्कार स. ना. भव (धिक्कार संज्ञा; धिक्कार; प्रा. धिक्कार; दे इआलें 6808) अनुचित बात के लिए किसी के प्रति निंदा और घृणासूचक शब्दों का प्रयोग करना; लानत करना. गुज. धिक्कार 2366

धिख स. देश. धमकाना. गुज. धख 'तेजी से जलना' 2367

धिया अ. दे. 'ध्या' 2368

धिरा (1) स. देश. भयभीत करना
(2) स. देश. धीरज दिलाना; अ. धीरज रखना; मंद पडना 2369

धीज स. देश. ग्रहण करना; बिश्वास करना अ. धैर्य से युक्त होना. 2370

धुँआ अ. दे. 'धुआँ' 2371

धुँकार अ. ना. देश. (धुँकार संज्ञा) हुंकारना 2372

धुँगार स. ना. देश. (धुँगार संज्ञा) खाने की चीज में तडका देना; बघारना. गुज. धुँगार 2373

धुँधरा स. दे. 'धुंधला' 2374

धुँधला अ. ना. भव (धुंध संज्ञा) धुँधला पडना; स. धुँधला करना. गुज. धूंधळा 5375

धुँधा अ. दे. 'धुँधला' 2376

धुँधुआ अ. ना. देश. (धूआँ संज्ञा) इस प्रकार जलना कि खूब धूआँ उठे; स. इस प्रकार जलाना कि खूब धूआँ उठे 2377

धुँधुरा अ. दे. 'धुँधुआ' 2378

धुँधुवा अ. दे. 'धँधुआ' धुआँ देना. गुज. धुंधवा 2379

धुआँ अ. ना. भव (धुआँ संज्ञा; सं. धूम; प्रा. धूमाअ; दे. इआलें 6859) धूँए से बस जाना, धुएँ की गंध से व्याप्त हो जाना 2380

धुक अ. देश. (प्रा. धुक्काधुक्क; दे. पृ. 490, पा. स. म.) नीचे की ओर ढलना; टूट पडना. 2381

धुकधुका अ. दे. 'धकधक' 2382

धुकर अ. अनु. (दे. पृ. 175, मा. हि. को. 3) धुक-धुक शब्द होना. 2383

धुक्क अ. दे. 'धुक' 2384

धुतकार स. ना. अर्धसम (सं. धूत्कार संज्ञा) दुतकारना, धिक्कारना. गुज. धुतकार. 2385

धुधक अ. देश. (प्रा. धुद्धुअ; दे. पृ. ५००, हि. दे. श.) आवाज करना 2386

धुन स. भव (सं. धू, प्रा धुण् ; दे. इआलें 6846) रुईकी धुनकी से इस प्रकार फटकारना कि गंदगी निकल जाय और रेशों के फैलने से वह फुल-फुली हो जाय; बेतरह पीटना. गुज. धूण 'अभुआना' 2387

धुनक स. दे. 'धुन' 2388

धुप (1) अ. ना देश (धूप संज्ञा) धूप आदि के धूएँ से सुगंधित होना
(2) अ. देश. दौडना; हैरान होना 2389

*धुमिल स ना. देश. (धूमिल विशे.) धूमिल करना; धुँधला करना; म. धूमिल होना. तुल. गुज. धूमिल विशे. 2390

धुर स. देश. मारना-पीटना; आघात करते हुए बाजे बजाना 2391

धुरिया स. ना. भव (धूर संज्ञा) धूल से ढँकना. तुल. गुज. धूळ संज्ञा 2392

धुरेट अ. देश. धूल में लेटना; धूल से युक्त करना; स. धूल लगाना 2393

धूँध स. ना. देश. (धूंध संज्ञा) धोखा देना 2394

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

*धूँस अ. देश. जोर का शब्द करना; स. नष्ट करना 2395

*धूक (1) अ. दे. 'ढुक'
(2) अ. देश. वेगसे आगे बढना; स. धुआँ देना; धुआँ पहुँचाकर केले आदि को पकाना 2396

धूत स. ना. भव (धूत संज्ञा; धूर्व्; प्रा. धुत्त संज्ञा; दे. इआले 6865) धूर्तता करना, छलना. गुज. धूत 2397

धून स. दे. 'धुन' 2398

धूप अ. दे. धुप (2) 2399

धूस स. दे. 'धूँस' 2400

*धेय अ. देश. ध्यान करना 2401

धोंक अ. देश. काँपना; स. धौंकना 2402

धो स. भव (सं. धाव्; प्रा. धाव्; दे. इआले 6803 तथा 6886) पानी के योग से किसी वस्तु पर का मैल दूर करना; अलग करना. गुज. धो. 2403

*धोव स. दे. 'धो' 2404

धौंक स. भव (सं. धम्; प्रा. धम्; दे. इआले 6731) आग को तेज करने के लिए उस पर भाथी, पंखे आदिके द्वारा हवाका झोंका पहुँचाना; भार डालना. गुज. धाम 2405

धौंज स. ना. देश. (धौंज संज्ञा) शैंदना, पाँव से कुचलना; अ. दौड-धूप करना 2406

धौंस स. देश. दंड आदिके रूप में कोई काम, खरच या भार किसीके जिम्मे लगाना; धौंकना 2407

धौक स. दे. 'धौंक' 2408

ध्या स. ना. अर्धसम (ध्यान संज्ञा; सं. ध्यै) किसी विषय, व्यक्ति आदिका ध्यान करना; ईश्वर का चिंतन करना. तुल. गुज. ध्यान संज्ञा; ध्या 2409

नंगिया स. ना भव (नंगा विशे; सं. नग्न; प्रा. णग्ग; दे. इआले 6926) नंगा करना; सब कुछ ले लेना. तुल. गुज. नागुं विशे 'नंगा' 2410

*नंग्या स. दे. 'नँगिया' 2411

नंच अ. दे. 'नाच' 2412

नंद अ. ना. सम (नंद संज्ञा; सं. नन्द्) आनंदित होना; स. आनंदित करना. तुल. गुज. नंद 2413

नंस स. भव (नंस संज्ञा; सं. नश्; प्रा. णस्स्, णास्; दे. इआले 7027) नष्ट करना; अ. नष्ट होना; गुज. नास 'भागना' 2414

नक (1) स. दे. 'नाँघ' उल्लंघन करना; छोड़ना; अ. चलना
(2) अ. दे. 'नका'. इतना दुःखी होना कि मानों नाकों दम आ गया हो. तुल. गुज. नाक संज्ञा 2415

नकन्या अ. दे. 'नाक' 2416

नका अ. ना. देश. (नाक संज्ञा; *नक्क; प्रा. णक्क संज्ञा; दे. इआले 6909) नाक में दम होना; नाक से उच्चारण करना; स. नाक में दम करना. तुल. गुज. नाक संज्ञा 2417

नकार अ. ना. अर्धसम (सं. नकार संज्ञा) अस्वीकृत करना, इनकार करना. गुज. नकार 2418

नकाश स. ना. वि. (नक्श विशे; अर.) नक्काशी करना. तुल. गुज. नकशी संज्ञा 2419

नकास स. दे. 'नकाश' 2420

नकिया अ. दे. 'नका' 2421

नक्क स. दे. 'नक' 2422

नख स. दे. 'नाँध' 2423

नखिया स. ना. सम (सं. नख संज्ञा) नाखून से खरोंचना; नाखून धँसाना. गुज. नखोर 2424

नखोट स. देश. (*नख घृष्ट; दे. इआले 6917) दे. 'नखिया' 2425

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नघ स. दे. 'नाँघ' 2426
नच अ. दे. 'नाच' 2427

नज़र अ. ना. वि. (नज़र संज्ञा अर.) देखना; नज़र लगाना; स. नज़र करना. गुज. नजरा 'नज़र लग जाना' 2428

नज़रान अ. दे. 'नज़र' 2429
नज़रा अ. दे. 'नज़र 2430

नजिका स. ना. वि. (नजदीक क्रि. वि. फा.) नजदीक पहुँचना; स. नजदीक पहुँचाना. तुल. गुज. नजीक क्रि. वि. 2431

नट (1) अ. ना. सम (सं. नट संज्ञा) अभिनय करना; नृत्य करना; वचन आदि से मुकरना (2) स. देश. (*नट्ट; दे. इआलें 6935) ठगना 2432

नटव अ. दे. 'नट' 2433
नठ अ. दे. 'नाठ' 2434
नढ स. दे. 'नाध' 2435

नद अ. ना. सम (सं. नद्) नाद होना; बोलना; गरजना. गुज. नद 2436

नद्ध अ. दे. 'नाध' 2437
ननकार अ. दे. 'नकार' 2438

नम अ. सम (सं. नम्) नत होना; प्रणाम करना; गुज. नम 2439

नय अ. दे. 'नौ' 2440

नरज अ. ना. वि. नाराज़ बिशे; फा.) नाराज होना; स. (अर. 'नज़र' से) कोई चीज़ नापना या तोलना. तुल. गुज. नाराज विशे. 2441

नरमा स. ना. वि. (नर्म विश; फा.) नरम होना; नम्र होना. तुल. गुज. नरम विशे. 2442

नराज अ. दे. 'नरज' 2443

नरिया अ. देश. चिल्लाना; नर्राना 2444

*नर्त अ. ना. सम (सं. नर्तन संज्ञा) नाचना. गुज. नर्त 2445

नवाज अ. ना. वि. (नवाजिश संज्ञा; फा.) अनुग्रह करना. गुज. नवाज 2446

नव अ. दे. 'नौ' 2447

नवार अ. देश. (दे. पृ. 119, दे. श. को.) चलना; यात्रा करना; स. निवारना 2448

नश अ. सम. (सं. नश्) नष्ट होना; स. नाश करना 2449

नष स. देश. फेंकना; रोकना 2450

नस दे. 'नास' 2451

नह स. भव (सं: नह; दे. इआलें 7034) नाधना, काम में लगाना 2452

नहा अ. भव (सं. स्ना; प्रा. ण्हा; दे. इआलें 13786) मेल या थकान दूर करने के लिए शरीर को मलकर धोना; रजोधर्म के पश्चात् स्त्री का स्नान करना. गुज. नहा 2453

नाँध स. भव (सं. लङ्घ्; प्रा. लंघ्; दे. इआलें 10905) लाँघना. गुज. लाँघ 'भूखा रहना' 2454

नाँठ अ. दे. नाठ 2455

नाँद (1) स. दे. 'नाध'
(2) अ. भव (सं. नन्द्; प्रा. णंद्; दे. इआलें 6950) प्रसन्न होना, सुखी होना. गुज. नंद
(3) अ. भव (सं. नर्द्; प्रा. णद्द्; दे. इआलें 6982) शोर करना; गर्जना करना 2456

नाक (1) स. दे. 'नाँघ'
(2) स. ना. देश. (नाक संज्ञा; *नाक्क; दे. इआलें 7037) चारों ओर के नाके रोकना; कठिनता को पार करना 2457

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाख स. (सं. नश्; दे. इआलें 6930) नष्ट करना; फेंकना. गुज. नांख, नाख 2458

नाच अ. भव (सं. नृत्; प्रा. णच्च्; दे. इआलें 7583) ताल और लय के अनुसार गात्रविक्षेप करना, नृत्य करना; प्रत्यक्ष–सा प्रतीत होना. गुज. नाच 2459

नाट (1) स. भव (सं. नृत्; प्रा. णट्ट; दे. इआलें 7583) नृत्य करना
(2) अ. देश. पीछे हटना, मुकरना 2460

नाठ स. भव (नष्ट विशे; सं. नश्; प्रा. णस्सू; दे. इआलें 7027) नष्ट करना; अ. नष्ट होना. तुल. गुज. नाठुं भू. कृ. 'भाग गया' 2461

नाथ स. ना. भव (नाथ संज्ञा; सं. नस्ता; प्रा. णत्था; दे. इआलें 7031) बैल आदि की नाक को छेदकर उसमें नाथ पहनाना: एक सूत्र में बन्ध करना. गुज. नाथ 2462

नाद अ. दे. 'नद' 2463

नाध स. ना. भव (सं. नाधन, नद्ध विशे; नह्; प्रा. णद्ध; दे. इआलें 6944) बैल, घोडे आदि को रस्सी या तस्मे के द्वारा सवारी, हल आदि से जोडना या बाँधना; ठानना. 2464

नाप स. भव (सं. ज्ञा, ज्ञाप्प्; प्रा. णप्प्, दे. इआलें 2583) किसी मानदंड के अनुसार किसी वस्तु के विस्तार, परिमाण, मात्रा का निर्धारण करना. तुल. गुज. माप 2465

नार सं. भव (संज्ञा; प्रा. णाण संज्ञा; दे. इआलें 5281) जानना; अनुमान करना; भाँपना. गुज. नाण 2466

नाव स. देश. किसीके अंदर कुछ गिराना, रखना; दे. 'नवा' 2467

नास अ. भव (सं. नश्; प्रा. णस्स्, नास्; दे. इआलें 7027) नष्ट होना, भागना. गुज. नास 2468

निंद स. ना. सम (निंदा संज्ञा; सं. निन्द्) निंदा करना. गुज. निंद 2469

निंदा स. देश. निराना. गुज. नींद 2470

निअरा स. ना. भव (नीरे अव्य; सं. निकटम्; प्रा णिअड, णिअल; दे. इआलें 7136) निकट ले जाना. तुल. गुज. नेडें अव्य 2471

*निकंद स. ना. सम (सं. निकन्दन) नष्ट करना, संहार करना, अ. नष्ट होना. तुल. गुज. निकंदन संज्ञा 2472

निकर अ. दे. 'निकल' 2473

निकल अ. भव (सं. निः + कल्; दे. इआलें 7478) बाहर होना या उगना; उदय होना गुज. नीकळ 2474

निकस अ. भव (सं. निः + कस्; प्रा. णिक्कस्; दे. इआलें 7479) निकलना. गुज. नीकस 2475

निकिया स. देश. (निका विशे; सं. निक्त भू. कृ. प्रा. णिक्क; दे. इआलें 7150) किसी चीज़ को इस प्रकार से नोचना कि उसका अंश या अवयव अलग हो जाय 2476

निकोट स. अनु. ('बकोटना' का अनु. दे. पृ. 261, मा. हि. को-3) नाखूनों की सहायता से तोडना; स. कोई चीज़ गढ़ने या बनाने के लिए खोदना. गुज. निकोल 2477

निकोस स. देश. (* निष्कोष्; दे. इआलें 7481) दाँत निकालना; दाँत पीसना 2478

निखर अ. भव (* नि + क्षर्; सं. क्षर्; दे. इआलें 7095) निर्मल होना; परिमार्जित होना. गुज. निखर 2479

निखुट अ. देश. (* खुट्ट; प्रा. खुंट संज्ञा; दे. इआलें 3893) उपयोग में लाई जानेवाली वस्तु का कोई काम पूरा होने से पहले ही समाप्त हो जाना .तुल. गुज. खूट; खूंट संज्ञा 2480

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निखेध स. ना. अर्धसम (सं. निषेध संज्ञा) निषेध करना. तुल. गुज. निषेध संज्ञा 2481

निखोट स. दे. 'निखुट' 2482

निखोड़ स. देश. (* निष्खोट; दे. इआलें 7497) बाहर खींच लेना; नाखून से नोच लेना 2483

निखोर स. अर्धसम (* निः + क्षुर; सं. क्षुर्; दे. इआलें 7104) कुरेदना, बाहर खींचना 2484

निगंद स. ना. वि. (निगंदा संज्ञा; फा. निगंद) रुईभरे कपड़े के दोनों परतों में बडे-बडे टाँके लगाना 2485

निगर स. दे. 'निगल' 2486

निगरा स. दे. (* नि + गृ, प्रा. णिग्गिण्ण विशे; दे. इआलें 7304) निर्णय करना; स्पष्ट करना; अ. पृथक् होना 2487

निगल स. भव (* नि + गल; दे. इआलें 7163 गले से नीचे उतार देना; रुपया या धन हड़प लेना. गुज गळ 2488

निग्रह स. ना. सम (सं. निग्रह संज्ञा) निग्रह करना; दमन करना. गुज. निग्रह 2489

निघट अ. देश (* निः घट्ट; दे. इआले 7314) घटना; बीतना; स. मिटाना. गुज. घट 2490

निचो स. देश * नि + च्युत्; दे. इआले 7451) निचोडना. गुज. निचोव 2491

निचोड स. देश. (* निश्चोट्; दे. इआलें 7449) दबाकर या पंठकर किसी गीली या रसवाली वस्तु में से पानी या रस निकालना; किसीका सब कुछ ले लेना. तुल. गुज. निचोड संज्ञा; निचोव 2492

निचोर स. दे. 'निचोड़' 2493

निचोव स. दे. 'निचो' 2494

निजका अ दे. 'नजिका' 2495

निझर अ. देश. (* झट्; प्रा. झड्; दे. इआलें 5328; प्रा. णिज्जर; दे. पृ. 395, पा. स. म.) एकदम झड़ जाना; खाली हो जाना 2496

निझा अ. भव (सं. नि + ध्यै; प्रा. णिज्झा; दे. इआलें 7209) लुक-छिपकर देखना; (आग का) बुझना; स. आग बुझाना 2497

निझाट स. दे. 'निझर' झपटकर ले लेना. तुल. गुज. झूंटव 2498

निझोट स. दे. 'निझाट' 2499

निथर अ. भव (सं. नि + तृ प्रा. णित्थर; दे. इआले 7528) जल आदि का स्वच्छ हो जाना. गुज. नीतर 2500

निदर स. भव (सं. निः + दृ; दे. इआलें 7340) अपमान करना, त्यागना 2501

निदरस अ. देश. (हिं. नि + दरस; दे. पृ. 268, मा. हि. को-3) अच्छी तरह दिखलाई देना; स. अच्छी तरह देखना 2502

निदह स. भव (सं. नि + दह्; प्रा. णिद्दह; दे. इआलें 7343) जलाना; अ. जलना. गुज. दह 2503

निनाद स. ना. सम (सं. निनाद) उच्च या घोर शब्द करना. तुल. गुज. निनाद संज्ञा 2504

निनार स. देश. निकालना 2505

निनौ स. ना. भव (सं. निम्न विशे; प्रा. णिण्ण; दे. इआलें 7244 तथा 7334) नमाना, झुकाना 2506

निप अ. देश. पूरा होना; दे. 'निपज' 2507

निपज अ. भव (सं. नि + पद्; प्रा. णिप्पज्ज्; दे. इआले 7511) उपजना; बनना. गुज. नीपज 2508

निपट अ. भव (सं. नि + वृत्; प्रा. निव्वट्ट; दे. इआलें 7395) कार्य आदि संपन्न होना; काम पूरा करके निवृत्त होना 2509

निपात स. ना. सम (सं. निपात संज्ञा) काट, मारकर या और किसी प्रकार नीचे गिराना; ध्वस्त करना. तुल. गुज. निपात संज्ञा 2510

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निपीड स. भव (सं. निः + पीड; प्रा. णिपीडिअ विशे; दे. इआलें 7516) पीडा देना; दबाना. 2511

निपुड अ. देश. (* निष्पुट्; दे. इआले 7518) (दाँत) उघरना; खुलना 2512

निफर अ. भव (सं. निः + पृ; दे. इआलें 7512) धँसकर आर-पार होना; स्पष्ट होना 2513

निबट अ. भव (सं. नि + वृत्; दे. इआलें 7395) फैंसला होना, समाप्त होना 2514

निबड अ. भव (सं. निः + वृ; प्रा. णिव्वड्; दे. इआलें 7392) पूर्ण होना; निवृत्त होना. गुज. नीवड, नीमड (सिद्ध होना, स्पष्ट होना) 2515

निबर अ. भव (सं. नि + वृ, प्रा. णिव्वड्; दे. इआलें 7392) बँधा, फँसा या लगा न रहना; निवृत्त होना. गुज. नीवड, नीमड 'सफल होना' 2516

निबह अ. भव (सं. निः + वह्; प्रा. णिव्वह्; दे. इआलें 7397) बच निकलना; निर्वाह होना. गुज. निभ, नभ 'काम चल जाना' 2517

निबुक अ. ना. भव (निर्मुक्त विशे; सं. निः + मुच्; प्रा. णिमुक्क विशे; दे. इआलें 7373) बच निकलना; मुक्त होना 2518

निभ अ. दे. 'निबह' 2519

निमज्ज अ. ना. सम (सं. निमज्जन संज्ञा) गोता लगाकर स्नान करना. तुल. गुज. निमज्जन संज्ञा 2520

निमट अ. दे. 'निपट' 2521

निमेख स. ना. अर्धसम (सं. निमेष संज्ञा) आँख की पलक गिरना या झपकना. तुल. गुज. निमेष संज्ञा 2522

निमोर स. देश. (सं. नि + मुट्; दें. इआलें 10186) मरोड़ना. गुज. मोड, मरड़ 2523

निम्ना स. भव (सं. निः + मि; दे. इआलें 7372) अच्छे ढंग से पूरा करना 2524

*नियोज स. ना. सम (सं. नियोजन संज्ञा) किसीको काम पर लगाना, नियोजन करना गुज. नियोज 2525

निरख स. भव (सं. नि + ईक्ष्; प्रा. णिरिक्ख्; दे. इआलें 7280) देखना. गुज. नीरख 2526

निरत स. ना अर्धसम (सं. नृत्य संज्ञा) नाचना 2527

निरधार स. ना. अर्धसम (सं. निर्धार; निः + धार) निश्चित करना; मन में धारण करना. गुज. निर्धार 2528

निरबह अ. दे. 'निबह' 2529

निरम स. ना. अर्धसम (सं. निः + मा) निर्मित करना, बनाना, गुज. निर्म 2530

निरमा स. दे. 'निरम' 2531

निरमूल स. ना. अर्धसम (निर्मूल विशे. निः + मूल्) निर्मूल करना; समूल नष्ट करना. तुल. गुज. निर्मूल विशे. 2532

निरवार स. दे. 'निवार' 2533

निरा स. देश. (* निः + दो; प्रा. णिंदिणि संज्ञा; दे. इआलें 7542) पौधों की बढ़ती को रोकनेवाली अनावश्यक घास, तृण आदि को खुरपी से खोदकर दूर करना. गुज. नीद, नींद 2534

निराव स. दे. 'निरा' 2535

निरुआर स. दे. 'निवार' 2536

निरुवर स. दे. 'निवार' 2537

निरूप अ. ना. सम (सं. निरूपण) संज्ञा; निः + रूप) निरूपण करना; निर्णय करना. गुज. निरूप 'निरूपण करना' 2538

निरेख स. दे. 'निरख' 2539

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निरोध स. ना. सम (सं. निरोध, निः + रुध्) निरोध करना; अपने वश में करना. गुज. निरोध 2540

निर्गम अ. ना. सम (सं. निर्गमन, निः + गम्) बाहर निकलना. गुज. निर्गम 2541

*निर्दह स. ना. सम (सं. निर्दह विशे; निः + दह्) दहन करना. गुज. दह 2542

निर्बह अ. अर्धसम (सं. निः + वह्) निर्वाह होना; स. निर्वाह करना. तुल. गुज. निर्वाह संज्ञा 2543

निर्म स. सम. (सं. निः + मा) निर्माण करना. गुज. निर्म 2544

निर्मा स. दे. 'निर्म' 2545

निर्वह अ. ना. सम (सं. निर्वाह संज्ञा; निः + वह्) निभना. तुल. गुज. निर्वाह संज्ञा 2546

निव अ. दे. 'नव' 2547

निवस अ. ना. सम (सं. निवसन संज्ञा; निः + वस्) निवास करना, रहना. गुज. निवस 2548

निवाज स. ना. वि. (निवाज़ संज्ञा; फा.) अनुग्रह करना; दे. 'नवाज' 2549

निवार स. भव (सं. निः + वृ; प्रा. णिवार्; दे. इआलें 7419) दूर करना; चुकना. गुज. निवार 2550

निवेद स. ना. सम (सं. निवेदन संज्ञा) निवेदन करना; सेवा में भेंट आदि के रूप में उपस्थित करना. गुज. निवेद 2551

निसंस अ. भव (सं. निः + श्वस्; प्रा. णिस्सस् णिसस्; दे. इआलें 7461) हाँफना, निःश्वास लेना. तुल. गुज. निसासो संज्ञा 'निश्वास' 2552

निसर अ. भव (सं. निः + सृ; प्रा. णिस्सर्; दे. इआलें 7122) बाहर आना, निकलना. गुज. नीसर 2553

निस्तर अ. ना. सम (सं. निस्तरण संज्ञा; निः + तृ) पार होना; मुक्त होना; पार उतारना. तुल. गुज. निस्तरण संज्ञा 2554

निहन स. ना. सम (सं. निहनन) मारना. तुल. गुज. निहंता संज्ञा 2555

निहबर अ. अर्धसम (सं. निः + क्षरण; दे. पृ. 310, मा. हि. को–3) बाहर आना, निकलना 2556

निहस स. देश. शब्द करना; अ. शब्द होना 2557

निहार स.भव(सं. नि + भल्; प्रा. णिभाल. दे. इआलें 7228) गौर से देखना. गुज. निहाळ 2558

निहाल स. दे. 'निहार' 2559

निहुँक अ. ना. भव (सं. नि + भुज्; प्रा. णिहुत्त विशे; दे. इआलें 7229) झुकना 2560

